* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 150

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

न्यूज रील्स

गृहमंत्री अमित शाह से मिले राज ठाकरे

नयी दिल्ली। उद्धव ठाकरे के भाई राज ठाकरे ने मंगलवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से करीब आधे घंटे मुलाकात की। चर्चा है कि लोकसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) भाजपा के कुनबे एनडीए में शामिल हो सकती है। राज ठाकरे को महाराष्ट्र में मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट देने की भी चर्चा है।

जदयू के महासचिव फातमी ने पार्टी छोड़ी

पटना। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। इस बीच एनडीए की सीट शेयरिंग की घोषणा के साथ ही सीएम नीतीश कुमार को बड़ा झटका लगा है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अली अशरफ फातमी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। फातमी के राजद में शामिल होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि राजद के टिकट पर वे दरभंगा से चुनाव लड़ सकते हैं।

पशुपति पारस का मोदी कैबिनेट से इस्तीफा

पटना। रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए में मेरे साथ नाइंसाफी हुई। अब मैं तय करूंगा कि कहां जाना है। मंगलवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ये ऐलान किया।

एनसीपी शरद गुट के सिंबल तुरही को मंजूरी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एनसीपी शरद चंद्र पवार के चुनाव चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मंजूरी दे दी। साथ ही शीर्ष कोर्ट ने एनसीपी अजित गुट की राह थोड़ी मुश्किल कर दी। कोर्ट ने अजित पवार गुट से कहा कि वे सार्वजनिक रूप से विज्ञापन देकर बताएं कि उनके चुनाव चिह्न घड़ी का मामला अदालत में है।

सीता सोरेन भाजपा में शामिल

लक्ष्मीकांत वाजपेयी और विनोद तावड़े ने पार्टी की सदस्यता दिलायी

- विधानसभा की सदस्यता और झामुमो के सभी पदों से दिया इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/नयी दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और झामुमो विधायक सीता सोरेन ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में झारखंड में भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़े ने उनका स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस मौके पर सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड के महान सोरेन परिवार को छोड़ कर मोदी जी के विशाल परिवार में शामिल हो रही हूं।

विधायकी से इस्तीफा, झामुमो छोड़ी: सीता सरोन झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं। वह स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। जामा विधानसभा क्षेत्र से विधायक थीं। उन्होंने भाजपा में शामिल होने से पहले मंगलवार सुबह झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्राथामकि सदस्यता, केंद्रीय महासचिव समेत अन्य सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इस बाबत झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन को पत्र लिखा। उधर, विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिख कर विधायकी से इस्तीफा दे दिया। विधानसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि मैंने विभिन्न कारणों से झामुमो से इस्तीफा दे दिया है। मैं झामुमो के सिंबल पर वर्तमान में जामा विधानसभा सीट से विधायक हूं। नैतिकता को देखते हुए विधायक पद का परित्याग कर रही हूं। मैं झारखंड विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देती हूं।

परिवार की उपेक्षा का आरोप: सीता सोरेन ने शिबू सोरेन के नाम अपने इस्तीफे में लिखा है कि मैं सीता सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय महासचिव एवं सक्रिय सदस्य वर्तमान विधायक हूं, आपके समक्ष अत्यंत दुःखी हृदय के साथ अपना इस्तीफा पेश कर रहीं हूं। मेरे स्वर्गीय पति दुर्गा सोरेन, जो कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा और महान क्रांतिकारी थे के निधन के बाद से ही मैं और मेरा परिवार लगातार उपेक्षा का शिकार रहा है। पार्टी और परिवार के सदस्यों द्वारा हमें अलग-थलग किया गया है, जो कि मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक रहा है। मैंने उम्मीद की थी कि समय के साथ स्थितियां सुधरेंगी, परंतु दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ। झाममो, जिसे मेरे स्वर्गीय पति ने अपने त्याग, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के बल पर एक महान पार्टी बनाया था, आज वह पार्टी नहीं रही। मुझे यह देख कर गहरा दुःख होता है कि पार्टी अब उन लोगों के हाथों में चली गयी है, जिनके दृष्टिकोण और उद्देश्य हमारे मूल्यों और आदर्शों से मेल नहीं खाते। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा कि शिबू सोरेन (गुरुजी बाबा के) अथक प्रयासों के बावजूद, जिन्होंने हम सभी को एकजुट रखने के लिए कठिन परिश्रम किया, अफसोस कि उसके प्रयास भी विफल रहे। मुझे हाल ही में यह ज्ञात हुआ है कि मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ भी एक गहरी साजिश रची जा रही है। मैं अत्यंत दुःखी हूं। मैंने यह दृढ़ निश्चय किया है कि मुझे झामुमो और इस परिवार को छोड़ना होगा। अतः मैं झामुमो की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं और आपसे निवेदन करती हूं कि मेरे इस्तीफे को स्वीकार किया जाये।

बेटियों के लिए राजनीतिक जमीन तलाश रहीं: सीता सोरेन समय-समय पर अपनी नाराजगी जाहिर करती रहीं, लेकिन पार्टी से अलग होने के संकेत नहीं दिये। झामुमो के टिकट पर तीसरी बार झारखंड विधानसभा पहुंची। झारखंड की सियासत में सीता सोरेन की पकड़ भी मजबूत मानी जाती है, लेकिन सोरेन परिवार की छाया में सीता सोरेन की दोनों बेटियां राजश्री और जयश्री अपनी मजबूती साबित नहीं कर पा रही थीं। सीता सोरेन चाहती हैं कि उनकी बेटियां भी राजनीति में आयें। दोनों ने दुर्गा सोरेन नाम की एक सेना भी बना रखी है। चर्चा है कि भाजपा दुमका से सीता की बेटी को लोकसभा के लिए चुनाव मैदान में उतार सकती है। हालांकि भाजपा ने यहां से उम्मीदवार की घोषणा कर दी है, लेकिन वर्तमान परिस्थिति में बदलाव की उम्मीद जतायी जा रही है।

झारखंड को झुकाना नहीं, बचाना है: सीता सोरेन

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भाजपा में शामिल होने के बाद सीता सोरेन ने कहा कि मोदी जी पर लोगों के विश्वास को देखते हुए इस परिवार में शामिल हो रही हूं। मैंने भी झारखंड में कई संघर्ष किया। 14 साल जेएमएम में रही। मेरे ससुर और दिवंगत पति की अगुआई में झारखंड अलग राज्य बना। उनका सपना राज्य के विकास का था, लेकिन ये अधूरा रह गया। आज झारखंड की जनता बदलाव चाहती है। झारखंड को झुकाना नहीं, बचाना है। इसलिए मैं भाजपा में शामिल हुई। मुझे उम्मीद है कि मेरे पति का सपना पूरा होगा। आनेवाले दिनों में सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा।

हेमंत से जेल में जाकर मिले चंपाई

रांची (आजाद सिपाही)। सीता सोरेन के झामुमो से इस्तीफा देने और भाजपा में शामिल होने से झारखंड में राजनीतिक हलचल बढ़ गयी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मंगलवार को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होटवार जेल में मिले। दोनों के बीच करीब 40 मिनट बात हुई। हालांकि चंपाई और हेमंत के बीच क्या बातचीत हुई, इसका खुलासा फिलहाल अधिकारिक रूप से नहीं किया गया है। हालांकि चर्चा है कि सीता सोरेन के जाने से उत्पन्न स्थिति को लेकर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है। साथ ही दुमका लोकसभा समेत अन्य सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हुई।

दिवंगत साथियों को याद करके भावुक हुए पीएम

इंडी गठबंधन वाले हिंदू धर्म का अपमान करते हैं : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान अपने दिवंगत साथियों को याद करके भावुक हो गये। वह तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष रहे केएन लक्ष्मण और पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश का जिक्र कर रहे थे। मोदी ने कहा कि तेलंगाना के केएन लक्ष्मण ने

पार्टी के प्रचार के लिए बहुत काम किया। पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश को भी मैं नहीं भूल सकता। उन्होंने पार्टी के लिए काफी काम किये हैं। आज वे हमारे साथ नहीं हैं। उनकी हत्या कर दी गयी। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। प्रधानमंत्री पांच दिन के दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने केरल के पलक्कड़ में रोड शो किया। इसके बाद तमिलनाडु के सेलम में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान आइएनडीआइए गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले वाले हिंदू धर्म का बार-बार अपमान करते हैं। हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, डीएमके और कांग्रेस इस शक्ति का विनाश करना चाहते हैं।

विधायक अंबा प्रसाद के करीबी पंकजनाथ को इडी का समन

आज पूछताछ के लिए बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के करीबी पंकजनाथ को इडी ने समन किया है। इडी ने पंकजनाथ को पूछताछ के लिए 20 मार्च को सुबह 11.30 बजे तलब किया है। बता दें कि 12 मार्च को इडी ने अंबा प्रसाद से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसी क्रम में विधायक के भाई अंकित राज के साथ अक्सर देखे जानेवाले पंकजनाथ के भी दो ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी बरियातू स्थित फ्लैट नंबर 9, ब्लॉक बीजी 9 साई रेसिडेंसी और चित्रगुप्त नगर, बरगाई में की गयी थी। दोनों फ्लैट को सील कर दिया गया है। इसी के साथ ओकनी बाड़ा, हजारीबाग स्थित घर पर भी छापेमारी हुई थी। इस दौरान वह घर पर मौजूद नहीं थे। इडी ने अब आधिकारिक तौर पर बताया था कि छापेमारी में 35 लाख रुपये नगद, डिजिटल उपकरण, सर्किल ऑफिस, बैंक सहित नकली टिकट और हस्तलिखित रसीदें और डायरियां बरामद हुई थीं।

डीएसपी प्रमोद मिश्रा से हुई पूछताछ

रांची (आजाद सिपाही)। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अवैध खनन मामले में मंगलवार को डीएसपी प्रमोद मिश्रा से लंबी पूछताछ की। मिश्रा सुबह लगभग 11.30 बजे इडी कार्यालय पहुंचे। उनसे देर रात तक पूछताछ की गयी। सूत्रों के मुताबिक मिश्रा कई सवालों के सही-सही जवाब नहीं दे पाये। उनके कई जवाब से इडी अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। उन्हें फिर पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। गौरतलब है कि इडी ने समन भेज कर डीएसपी को 19 मार्च को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था। उन पर न्यायिक हिरासत की अवधि में पंकज मिश्रा से मिलने और टेलीफोन पर बातचीत करने का आरोप है। इडी ने प्रमोद मिश्रा की संपत्ति का ब्योरा भी मांगा था। उन पर टोल प्लाजा मामले को लेकर भी आरोप है। उधर, जमीन घोटाला मामले में बुधवार को इडी प्रीति कुमारी से पूछताछ करेगी।

कांग्रेस की बैठक में मेनिफेस्टो पर चर्चा

पांच न्याय 25 गारंटी शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनावी घोषणापत्र (मेनिफेस्टो) पर तीन घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। मेनिफेस्टो कमेटी ने पहले ही ड्राफ्ट सीडब्ल्यूसी को मंजूरी के लिए भेज दिया था। बैठक के दौरान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मौजूद नेताओं से कहा कि वे कार्यकर्ताओं से मेनिफेस्टो में शामिल हर मुद्दे को देश के हर गांव और घर तक पहुंचायें। जानकारी के मुताबिक मेनिफेस्टो में युवा, नारी, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय यानी पांच न्याय शामिल किये गये हैं। हर न्याय के तहत कांग्रेस कुल 25 गारंटी भी दे रही है। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी के अलावा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजस्थान से सचिन पायलट, प्रियंका गांधी

समेत कई सीनियर कांग्रेस नेता शामिल हुए। खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए हम लोगों के वास्तविक मुद्दे पर देश का ध्यान आकर्षित करने में कामयाब रहे हैं। हर गांव, कस्बे में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हमारे घोषणापत्र को हर घर तक पहुंचाने के लिए आगे आना होगा। देश बदलाव चाहता है, वर्तमान सरकार की गारंटी का हश्र भी 2004 के इंडिया शाइनिंग नारे जैसा ही होगा।

वंदना दादेल बनीं झारखंड की गृह सचिव

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की नयी गृह सचिव वंदना दादेल बनायी गयी हैं। कार्मिक विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वंदना दादेल वन एवं पर्यावरण विभाग सचिव के साथ मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग के भी प्रधान सचिव के प्रभार में रहेंगी। बता दें कि सोमवार को चुनाव आयोग ने झारखंड सहित 6 राज्यों के गृह सचिव को उनके पद से हटाने का आदेश दिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने गृह सचिव अरवा राजकमल को पद से हटा दिया था। कार्मिक विभाग झारखंड ने गृह सचिव के पद के लिए वंदना दादेल, मनीष रंजन और अबू बकर सिद्दीकी के नाम आयोग को भेजे थे। आयोग ने वंदना दादेल को गृह सचिव बनाने की मंजूरी दी।

पतंजलि विज्ञापन केस : बाबा रामदेव और बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट ने किया तलब

कोर्ट ने पूछा, अवमानना का केस क्यों ना चलाया जाये?

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करनेवाले दवा विज्ञापन मामले में स्वामी रामदेव (पतंजलि के को-फाउंडर) और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में पेश होने को कहा है। कंपनी और आचार्य बालकृष्ण ने नोटिस का जवाब दाखिल नहीं किया, जिसकी वजह से यह आदेश जारी किया गया है। अब उन्हें अगली तारीख पर कोर्ट में पेश होना होगा। कोर्ट ने नोटिस जारी कर ये भी पूछा है कि उनके खिलाफ क्यों न अवमानना की कार्यवाही शुरू की

जाये। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। इससे पहले 27 फरवरी को इस मामले की सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापनों पर रोक लगायी थी। इसके अलावा अवमानना कार्यवाही में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। दरअसल, कोर्ट ने पिछले साल भ्रामक विज्ञापन जारी नहीं करने का निर्देश दिया था, लेकिन कंपनी ने इसे नजरअंदाज किया। सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गयी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया। 10 जुलाई, 2022 को पब्लिश पतंजलि वेलनेस का विज्ञापन। एडवर्टाइजमेंट में एलोपैथी पर गलतफहमियां फैलाने का आरोप लगाया गया था। इसी विज्ञापन को लेकर आइएमए ने 17 अगस्त 2022 को याचिका लगायी थी।

सरकार सीएए पर तीन हफ्ते में जवाब दे: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ दायर 237 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में से 20 में कानून पर रोक लगाने की मांग की गयी है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय मांगा। कोर्ट ने उन्हें तीन हफ्ते का समय दिया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यह एक्ट किसी की भी नागरिकता नहीं छीन रहा है। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि केंद्र के जवाब देने तक नयी नागरिकता नहीं दी जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 61,500 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

लोहरदगा की लड़ाई में अहम होगा 64 हजार वोटों का 'मारक अंतर'

■ वोटों के इस अंतर को पाटने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी समीर उरांव को

■ पिछली बार गुमला और सिसई विधानसभा क्षेत्रों से पिछड़ गये थे सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड का सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा हर बार की तरह इस बार भी नजदीकी मुकाबले का गवाह बन सकता है। भाजपा ने यहां से इस बार तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत की जगह तेज-तर्रार समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है। सुदर्शन भगत ने लोहरदगा को कांग्रेस से छीन कर भाजपा का गढ़ बनाया, लेकिन वह अपनी 'सौम्य' छवि को उस ऊंचाई तक नहीं ले जा सके, जिसकी भाजपा को जरूरत थी। पिछली बार सुदर्शन भगत बेहद नजदीकी मुकाबले में जीत हासिल कर सके थे और दो विधानसभा क्षेत्रों में तो पिछड़ गये थे। इसलिए इस बार भाजपा ने समीर उरांव को मैदान में उतार कर चुनावी मुकाबले को धार देने की कोशिश की है। उनका मुकाबला महागठबंधन के किस घटक दल के उम्मीदवार से होगा, यह अभी तय नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि लोहरदगा में 2019 के चुनावी आंकड़े बेहद घातक साबित हो सकते हैं। इस संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में से तीन पर झामुमो और दो पर कांग्रेस का कब्जा है, हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में गुमला और सिसई को छोड़ कर बाकी तीन विधानसभा क्षेत्रों से भाजपा को बढ़त हासिल हुई थी। लोहरदगा झारखंड का सबसे छोटा निर्वाचन क्षेत्र है, इसलिए यहां जीत-हार का अंतर काफी कम मतों का रहता है। पिछली बार भाजपा को लोकसभा चुनाव के मुकाबले विधानसभा चुनाव में करीब 64 हजार वोट कम मिले थे और इस बार समीर उरांव के सामने उस वोट को दोबारा हासिल करने का बड़ा चैलेंज है। इसलिए लोहरदगा के मुकाबले को उनके लिए कठिन बताया जा रहा है। क्या है लोहरदगा के चुनावी आंकड़े और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

लोहरदगा झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से एक है। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यह सीट रांची, गुमला और लोहरदगा जिले में फैली हुई है। यह पूरा इलाका भी 'रेड कॉरिडोर' का हिस्सा है। लोहरदगा सीट पर अनुसूचित जनजाति का खास दबदबा है। इस लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। ये सभी अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। लोहरदगा लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति की तादाद करीब 2.69 फीसदी और अनुसूचित जनजाति की तादाद करीब 64.04 फीसदी है। इस सीट की 96 फीसदी आबादी गांवों में रहती है। इस लोकसभा सीट के तहत मांडर, गुमला, लोहरदगा, सिसई और बिशुनपुर विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से लोहरदगा और मांडर पर अभी कांग्रेस का और गुमला, सिसई और बिशुनपुर पर झामुमो का कब्जा है।

क्या कहते हैं 2019 के दोनों चुनावों के आंकड़े

अभी तक लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलती रही है। आदिवासियों के बड़े नेता बाबा कार्तिक उरांव की कर्मभूमि रही लोहरदगा में मुकाबला कभी एकतरफा नहीं हुआ। लोहरदगा सीट से 2019 में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सांसद सुदर्शन भगत को चुनाव मैदान में उतारा था। वहीं कांग्रेस के टिकट से सुखदेव भगत चुनाव लड़ रहे थे। कुल 14 उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की थी। सुदर्शन भगत ने 10 हजार से भी कम मतों के अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 3,71,595 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के सुखदेव भगत 3,61,232 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। सुदर्शन भगत को लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से 80698 वोट मिले थे, जबकि बिशुनपुर से 73255, सिसई से 61504, गुमला से 62628 और मांडर से 91442 वोट लाने में वह सफल रहे थे। इनमें से सिसई और गुमला विधानसभा क्षेत्रों में वह कांग्रेस प्रत्याशी से पिछड़ गये थे।

सात महीने बाद जब विधानसभा चुनाव हुए, तो इन सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा को मुंह की खानी पड़ी। लोहरदगा से भाजपा प्रत्याशी को 44230, बिशुनपुर से 63482, सिसई से 67643, गुमला से 59749 और मांडर से 69634 वोट ही मिल सके। यानी लोकसभा चुनाव के मुकाबले भाजपा को इन पांच सीटों से कुल मिला कर करीब 64 हजार वोट कम मिले थे। भाजपा को मिले वोटों में यह अंतर 'मारक' साबित हुआ था। इस बार समीर उरांव के सामने इस अंतर को पाटने की चुनौती है।

भाजपा ने क्यों खेला समीर उरांव पर दांव

लोहरदगा लोकसभा सीट में इस बार राज्यसभा सांसद समीर उरांव भाजपा के प्रत्याशी हैं। सुदर्शन भगत लगातार 15 साल यहां से सांसद रह चुके हैं। अब इसके बाद समीर उरांव के नाम की घोषणा पार्टी की ओर से प्रत्याशी के रूप में की गयी है। लोगों के बीच यह चर्चा जरूर है कि समीर उरांव पर आखिर भाजपा ने दांव क्यों खेला है, जबकि सुदर्शन भगत एक साधारण व्यक्तित्व और सरल स्वभाव के जन प्रतिनिधि के रूप में लोगों के बीच अपना स्थान रखते थे। पार्टी में उनकी स्थिति भी मजबूत थी। फिर भी उनका टिकट कट जाना लोगों को समझ में नहीं आ रहा। गुमला के बिशुनपुर करमटोली निवासी किसान पुत्र समीर उरांव भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। फिलहाल वह राज्यसभा सांसद हैं और उनका कार्यकाल 3 मई को खत्म हो रहा है। समीर के व्यक्तित्व, उनका सादा जीवन, उच्च विचार, साथ ही पार्टी के प्रति सकारात्मक सोच और इमानदारी पूर्वक कार्य करने के कारण उन्हें क्षेत्र में काफी लोकप्रियता मिली है। समीर उरांव की साफ छवि के कारण ही उन्हें राज्यसभा सदस्य के रूप में सदन में जगह मिली था। समीर का जीवन पूरी तरह से जमीन से जुड़ा हुआ है। जब भी समय मिलता है, वह खेत पर हल-कुदाल लेकर पहुंच जाते हैं। उन्होंने इलाके में आदिम जनजाति आदिवासी समुदाय के हक और अधिकार के लिए लंबे समय से लड़ाई लड़ते हुए राजनीति में कदम रखा था। समीर उरांव पूर्व में हिंदूवादी संगठनों से जुड़े रहे हैं। विकास भारती नामक स्वयंसेवी संस्था से भी उनका जुड़ाव रहा है। जिले के ग्रामीण सुदूर इलाके में निवास करने वाले जनजातीय समुदाय सहित अन्य लोगों की सेवा में उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया और धीरे-धीरे उन्होंने अपनी सामाजिक और राजनीतिक पहचान बनायी। इसके इनाम स्वरूप उन्हें 2004 में सिसई विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा का टिकट भाजपा से मिला और उन्होंने जीत का परचम भी लहराया। हालांकि उन्हें राजनीतिक जीवन में हार का भी मुंह देखना पड़ा। बाद में समीर उरांव को विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से भी भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया, लेकिन वह चमरा लिंडा को शिकस्त देने में कामयाब नहीं रहे। बाद में समीर झारखंड से राज्यसभा सांसद भी चुने गये। राजनीति के क्षेत्र में समीर उरांव का लंबा अनुभव रहा है। समीर उरांव जमीनी नेता रहे हैं। भले ही वह राजनीति के विभिन्न आयामों पर सफल रहे हों, उनका जुड़ाव हमेशा ग्रामीणों से रहा है।

क्या है इस बार का चुनावी परिदृश्य

जहां तक 2024 के चुनावों का सवाल है, तो ऐसा लगता है कि महंगाई और बेरोजगारी जैसे आम लोगों से जुड़े मुद्दे इस बार पृष्ठभूमि में चले गये हैं, क्योंकि यहां लोग सरना कोड, राष्ट्रवाद और नक्सली समस्या के त्रिकोण में फंसे हुए नजर आते हैं। बॉक्साइट के अलावा कार्तिक उरांव और गुमला के परमवीर अल्बर्ट एक्का के कारण इस इलाके को पहचान मिली। कार्तिक उरांव ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र और आदिवासियों के उत्थान के लिए काफी काम किया। आज भी कांग्रेस यहां कार्तिक उरांव के सपनों को पूरा करने के नाम पर वोट मांगती है। इस सीट की 96 फीसदी आबादी गांवों में रहती है, जो खेती और जंगल में लकड़ी काट कर अपना गुजर-बसर करती है। क्षेत्र में रोजगार के साधन नहीं हैं, जिसका असर यहां के लोगों के जन- जीवन पर दिखता है। जंगल की लकड़ी बेच कर बड़ी आबादी का घर चलता है।

अब समीर उरांव के सामने भाजपा के लिए लोहरदगा सीट को बचाये रखने की बड़ी चुनौती है, जिसके लिए सबसे जरूरी वोटों के अंतर को पाटना और लोगों में भाजपा के प्रति भरोसा लौटाना होगा। इसमें वह कितने सफल हो पाते हैं, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा, लेकिन अभी तक महागठबंधन की तरफ से उम्मीदवार की घोषणा नहीं होने के कारण वह प्रचार अभियान में बढ़त बनाये हुए हैं।

कड़िया मुंडा से मिले सांसद संजय सेठ, मुंडा ने सेठ को दिया जीत का आशीर्वाद

कड़िया मुंडा झारखंड के अभिभावक उनका आशीर्वाद मेरा सौभाग्य : सांसद संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सांसद संजय सेठ ने मंगलवार खूंटी जाकर झारखंड के वरिष्ठ राजनेता, लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और पद्म विभूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा से मुलाकात की। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। मुलाकात के क्रम में श्री मुंडा ने सांसद को श्रीफल और शगुन देकर आशीर्वाद प्रदान किया। सांसद श्री सेठ ने कड़िया मुंडा से कई बिंदुओं पर चर्चा की और उनका मार्गदर्शन लिया। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सांसद को कड़िया मुंडा ने विजय होने का आशीर्वाद दिया। उनसे मुलाकात के बाद सांसद ने कहा कि कड़िया मुंडा सिर्फ

भाजपा ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के अभिभावक हैं। वह एक ऐसे व्यक्तित्व हैं, जो राजनीति से परे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि विगत पांच दशक से अपने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उनका मार्गदर्शन मुझे प्राप्त होता रहा। आज भी जब उनसे मिलता हूं तो समाज, राष्ट्र, परिवार, संगठन सहित कई बिंदुओं पर उनके अनुभव का लाभ मुझे मिलता है। श्री सेठ ने कहा कि कड़िया मुंडा एक चलती फिरती किताब हैं, जिनके पास हर विषय का समाधान है। उनसे मिल कर मुझे हमेशा नयी ऊर्जा मिलती है। आज मुलाकात के दौरान कड़िया मुंडा ने मुझे पुनः लोकसभा जाने का आशीर्वाद दिया। साथ ही समाज और राष्ट्र के लिए सदैव कार्य करने के लिए मार्गदर्शन भी दिया। कड़िया जी का मार्गदर्शन हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा, उत्साह और ऊर्जा देनेवाला होता है।

मधु कोड़ा की याचिका पर हुई सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ म आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इनकम टैक्स विभाग से जवाब तलब किया गया। वहीं, सीआइडी पटना में चल रही अपील में फाइनल आर्डर जारी करने पर रोक लगा दी गयी है। मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल को होगी। आय से अधिक संपत्ति मामले में मधु कोड़ा पर जो केस चल रहा है, उसमें जो गवाही हुई है, उन गवाहों से क्रॉस एग्जामिन करने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की गयी थी। पूर्व में हाइकोर्ट ने उन्हें क्रॉस एग्जामिन के लिए आदेश दिया था। लेकिन बाद में उन्हें कुछ क्रॉस एग्जामिन करने दिया गया और कुछ में बंद कर दिया। पूरा क्रॉस एग्जामिन नहीं होने पर मधु कोड़ा की ओर से हाइकोर्ट में अवमाननावाद याचिका दायर की गयी है।

सीसीएल के आम्रपाली और चंद्रगुप्त क्षेत्र ने समय से पहले पूरा किया उत्पादन लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सीसीएल के आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने 21 एमटी का उत्पादन लक्ष्य निर्धारित समय से 13 दिन पूर्व ही प्राप्त कर लिया है। पिछले वर्ष आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र ने 18 एमटी कोयले का उत्पादन किया था।

पिछले वर्ष की तुलना में आम्रपाली क्षेत्र ने 26% की वृद्धि के साथ अब तक 21 एमटी कोयले का उत्पादन किया है। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी टीम पूरी निष्ठा के साथ उत्पादन में लगी हुई है।

आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी क्षेत्र है। जिसके अंतर्गत आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त नामक दो परियोजनाएं हैं।

आम्रपाली परियोजना में लगभग 467 एमटी कोयले का का भंडार है, वहीं दूसरी परियोजना चंद्रगुप्त में 527 एमटी कोयले का भंडार है। इस वित्तीय वर्ष में आम्रपाली परियोजना 23 एमटी उत्पादन की ओर अग्रसर है।

ज्ञात हो की इस वर्ष सीसीएल का उत्पादन लक्ष्य 84 एमटी है। सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व में पूरी टीम लक्ष्य प्राप्ति की ओर सफलतापूर्वक अग्रसर है। वार्षिक उत्पादन हेतु श्रमिक बंधुओं को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यालय से वरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का नियमित रूप से दौरा किया जा रहा है साथ ही साथ श्रमिक बंधुओं को सम्मानित भी किया जा रहा जिससे उनमें उत्साह की भावना बनी रहे।

झारखंड में राज्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी: एजी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य की 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की भी सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से बताया गया कि सूचना आयुक्त, लोकायुक्त एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है, लेकिन अभी राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसे में इन पदों पर नियुक्ति की जा सकती है या नही, इस पर वह राज्य सरकार से इंस्ट्रक्शन लेकर बतायेंगे। वहीं प्रार्थी राजकुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि अगर सूचना आयुक्त समेत अन्य के संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए कोर्ट आदेश देता है तो ये नियुक्ति हो सकती है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 अप्रैल निर्धारित की है। हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। दरअसल, राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2020 में हाइकोर्ट ने सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जायेगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है। वहीं राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी जनहित याचिका दाखिल की गयी है। इसमें कोर्ट को बताया गया था कि करीब पांच वर्षों से राज्य बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त आदि संवैधानिक संस्थाओं में पदों के रिक्त रहने से किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है। सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया था, लेकिन अब तक सूचना आयोग में कोई नियुक्ति नहीं हो पायी है।

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना और पुडुचेरी का भी प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना और पुडुचेरी का भी प्रभार सौंपा गया है। दरअसल, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने 18 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दिया था। साथ ही तमिलिसाई ने पुडुचेरी के उपराज्यपाल के पद से भी इस्तीफा दिया था। तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा था, जिसे द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया है।

राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का आभार जताया : झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार देने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में सेवा करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी पाकर धन्य हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी मातृभूमि की सेवा करने की यह बड़ी, अतिरिक्त जिम्मेदारी देने के लिए हमारी प्रिय माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	32.6 °c	16.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.59 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.53 बजे

हर कोई हेमंत सोरेन नहीं हो सकता : सुप्रियो भट्टाचार्य

हेमंत सोरेन ने झुकना स्वीकार नहीं किया, बल्कि उन्होंने जेल जाना बेहतर समझा

सीता सोरेन भाभी के अलग होने का दुख है, भाजपा उनका राजनीतिक इस्तेमाल करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि हर कोई हेमंत सोरेन नहीं होता है। हेमंत सोरेन ने झुकना स्वीकार नहीं किया, बल्कि उन्होंने जेल जाना बेहतर समझा। लेकिन सीता भाभी दूसरे रास्ते पर चली गयीं। दुर्गा जी एक आंदोलनकारी थे। वह कभी झुकना स्वीकार नहीं करते, मगर सीता सोरेन को भाजपा ने इस्तेमाल करने के लिए शामिल कराया है। मंगलवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीता सोरेन के पार्टी छोड़ने से हम सब दुखी हैं, लेकिन उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन को झामुमो ने पूरा सम्मान दिया। पार्टी की केंद्रीय समिति में जगह दी गयी, लेकिन अब किस वजह से उन्होंने झामुमो के परिवार को छोड़ा, इस पर बोलना उचित नहीं होगा।

सुप्रियो ने कहा कि सीता सोरेन के इस्तीफे की खबर मिलने के बाद तुरंत इसकी जानकारी गुरुजी को दी गयी थी। गुरुजी ने कहा था कि बात कर रहे हैं। लेकिन उसके कुछ देर बाद ही सीता भाभी के भाजपा में शामिल होने की खबर आ गयी। दुख है कि अपने परिवार को छोड़ कर भाभी दूसरी राह पर चल पड़ी हैं। इसके लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं।

इडी, सीबीआइ, आइटी के सहारे भाजपा तोड़ रही नेताओं को

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस राजनीतिक महत्वाकांक्षा के तहत सीता सोरेन भाजपा में शामिल हुई हैं, वह किसी से छुपा नहीं है। हाल में ही कोर्ट से एक मामले की जांच शुरू की गयी थी। अब भाजपा में कोई भी उसका अपना आदमी नहीं बचा है। सभी पार्टी से नेताओं को शामिल करा कर भाजपा सत्ता में बने रहना चाहती है। भाजपा के पास कई ताकत हैं। इडी, सीबीआइ, आइटी और अन्य जांच एजेंसियों के सहारे नेताओं को तोड़ कर अपने में शामिल कराने का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जरूरत के हिसाब से राजनीति करती है। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस को उप मुख्यमंत्री बना दिया। शिवराज सिंह चौहान को पद से ही हटा दिया। जब जिसकी जरूरत भाजपा को होती है, किसी तरह से उसे अपने में शामिल कर लेती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के लंका से सीता के आजाद होने के बयान पर सुप्रियो ने पलट वार किया और कहा कि राम कौन है और किसने किसकी पूजा की, यह लोगों को मालूम ही नहीं है।

झारखंड की दुर्दशा और उपेक्षा से आहत सीता सोरेन ने झामुमो छोड़ी : बाबूलाल

सीता सोरेन ने पत्र के माध्यम से व्यक्त किया है दर्द

मोदी की गारंटी और गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर जताया विश्वास

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सीता सोरेन द्वारा झामुमो छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का स्वागत किया है। श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो छोड़ने के फैसले पर सीता सोरेन ने अपने ससुर और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के नाम जो मार्मिक पत्र लिखा है, उसमें उनकी पीड़ा, दर्द स्पष्ट झलक रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन अपनी पार्टी और परिवार के सदस्यों से वर्षों से प्रताड़ित हो रही थीं। कहा कि अपमान सहने की भी एक सीमा होती है। सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व दुर्गा सोरेन जी की पत्नी हैं। दुर्गा सोरेन ने छाया की तरह झारखंड आंदोलन में गुरुजी का साथ दिया, संघर्ष किया। यदि दुर्गा सोरेन जीवित होते, तो झामुमो में मुख्यमंत्री से उम्मीदवार होते।

लेकिन सीता सोरेन की पीड़ा यही है कि दुर्गा सोरेन के संघर्ष को भुला दिया गया और जिन्होंने कोई संघर्ष नहीं किया, वे शीर्ष पर पहुंच रहे। इसलिए सीता सोरेन की नाराजगी स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन पार्टी के कार्य कलापों के अतिरिक्त झामुमो के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार से भी खफा रहीं। उन्होंने लगातार सड़क से सदन तक झामुमो कांग्रेस राजद के गठबंधन से चल रही राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे जल, जंगल, जमीन, खान खनिज, बालू, पत्थर की लूट पर मुखर होकर सवाल खड़ा किये। उन्होंने खुल कर अत्याचार और भ्रष्टाचार का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि सरकार के रवैये में कोई सुधार की गुंजाइश नहीं देखते हुए उन्होंने अपने लिए अलग राह चुनीं। सीता सोरेन को पीएम मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई का संकल्प प्रभावित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी, दलित, पिछड़े, महिला, वंचित सभी वर्गों के विकास के लिए समर्पित है। जनजाति समाज को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्यधारा में तेजी से जोड़ा जा रहा।

उन्होंने कहा कि सीता सोरेन के भाजपा में आने से भाजपा और मजबूत होगी। झारखंड की 14 लोकसभा सीट एनडीए के खाते में आयेगी तथा देश में फिर एकबार मोदी सरकार का संकल्प 400 पार के साथ पूरा होगा।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष नौकरी में आपसी मतभेद दूर होंगे, नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

वृष आपके सोचे कामों में व्यवधान आयेंगे। जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

मिथुन व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा। कामकाज अच्छा चलेगा.आमदनी बढ़ेगी। कर्ज की स्थिति में सुधार होगा।

कर्क ग्रहयोग आज आपके पक्ष में नहीं है। परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी।

सिंह अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

कन्या आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

तुला आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

वृश्चिक संतान पक्ष के लिये खर्च होगा.यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

धनु यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो,ऐसी इच्छा की पूर्ति होने का सिलसिला प्रारंभ होगा।

मकर अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

कुंभ अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है, आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी।

मीन आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा,लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

झारखंड फिल्म विकास परिषद में आदिवासी सदस्यों का मनोनयन करने के लिए सीएम को पत्र लिखा बंधु तिर्की ने

आदिवासियों की उपेक्षा न तो झारखंड के हित में है और ना ही यहां की कला-संस्कृति, साहित्य और फिल्म के हित में

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में नवगठित फिल्म विकास परिषद के सदस्यों में किसी भी आदिवासी सदस्य को मनोनीत नहीं करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि संबंधित अधिकारियों की अदूरदर्शिता को भी दर्शाता है। श्री तिर्की ने कहा कि यह चिंता के साथ-साथ संवेदनशीलता और पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है क्योंकि जिन आदिवासियों और मूलवासियों के लिए झारखंड का गठन किया गया है, वहां भी यदि ऐसा परिषद गठित किया जाता है जिसमें आदिवासी न हों तो यह ना तो झारखंड के हित में है और ना ही यहां की कला-संस्कृति, भाषा-साहित्य और फिल्मों के हित में।

इस संदर्भ में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखकर श्री तिर्की ने इस मामले में अविलंब कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने का आग्रह किया है। ज्ञातव्य है कि झारखंड में 24 सदस्यीय फिल्म विकास परिषद का गठन किया गया है जिसके 24 सदस्यों में संबंधित सरकारी पदासीन अधिकारियों के अतिरिक्त जिन 19 सदस्यों को मनोनीत किया गया है उसमें एक भी आदिवासी नहीं हैं। श्री तिर्की ने कहा कि परिषद के मनोनीत सदस्यों में जनजातीय समुदाय के एक भी व्यक्ति का नहीं होना अनेक सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की कला-संस्कृति और फिल्म निर्माण क्षेत्र भी बहुत समृद्ध रहा है और अनेक आदिवासियों ने अपनी क्षमता के बलबूते अपनी पहचान बनायी है पर इस परिषद के गठन में इस बात को भी नजरअंदाज कर दिया गया। श्री तिर्की ने एक वैसे संतुलित परिषद के गठन पर जोर दिया है जिससे वह झारखंड की जन भावनाओं और यहां की जमीनी हकीकत के अनुसार सरकार की पारदर्शिता पूर्ण नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू कर सके। उन्होंने कहा कि अविलंब कला-संस्कृति, भाषा-साहित्य और विशेष रूप से फिल्म-संगीत से जुड़े वैसे आदिवासियों को इस परिषद में मनोनीत किया जाना चाहिए जिससे यह परिषद झारखंड में प्रभावी रूप से काम कर सके।

सीता सोरेन के पत्र पर झामुमो निरुत्तर, अच्छा होता उनके उठाये मुद्दों का जवाब देता झामुमो : प्रतुल शाहदेव

झामुमो का शीर्ष नेतृत्व चाटुकारों से घिरा हुआ, मां समान बड़ी बहू का अपमान किया

आंदोलनकारी की पत्नी के खिलाफ पार्टी के बीच भीतर षड्यंत्र का होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि सीता सोरेन ने खुद पत्र में ये स्वीकार किया है कि पार्टी के भीतर उनको हमेशा अपमानित किया जाता रहा है। उनकी और उनके बेटियों की हमेशा अनदेखी की जाती रही है। प्रतुल ने कहा वह भी तब हुआ जब सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं और सोरेन परिवार की बड़ी बहू।

प्रतुल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बड़ी बहू को मां का दर्जा प्राप्त होता है। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी मां समान बड़ी बहू को ही अपमानित किया। प्रतुल ने कहा कि झामुमो के प्रवक्ता ने सीता सोरेन के द्वारा उठाये गये मुद्दों का कोई जवाब नहीं दिया। जवाब भी कैसे देंगे। कोई जवाब ही नहीं है। प्रतुल ने कहा कि सीता सोरेन सत्ताधारी गठबंधन में रहने के बावजूद भी भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाया करती थीं। परिवार में भी जब हिस्सेदारी की बात होती थी तो सीता सोरेन और उनकी बेटियों को हमेशा नजरअंदाज किया जाता रहा। झारखंड मुक्ति मोर्चा चाटुकारों से घिरी हुई पार्टी हो गयी है।

प्रतुल ने कहा कि आज सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने ट्विटर हैंडल से उनके लिए 'घर का भेदी लंका ढाए' जैसे अपमानजनक बातों को लिखकर अपनी असलियत दिखा दी। यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने स्वीकार कर लिया कि यहां रावण राज के समान परिस्थितियों हैं और पूरे प्रदेश में अधर्म का शासन है। प्रतुल ने कहा ऐसे में तो किसी धर्म को मानने वाले विभीषण को अधर्म का प्रतीक बन गयी लंका को नष्ट करने के लिए निकलना ही था। आखिरकार सीता अधर्म की लंका से एक बार फिर मुक्त हुई हैं।

सीता सोरेन का इस्तीफा हैरान करनेवाला : महुआ माजी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेएमएम विधायक और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन के बीजेपी में शामिल होने पर जेएमएम सांसद महुआ माजी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि उनके फैसले से हम सभी हैरान हैं। हमें इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। उन्होंने कहा कि पार्टी अभी संकट के दौर से गुजर रही है। इसलिए, मुझे लगता है कि सभी को थोड़ा धैर्य रखना चाहिए। यह हमारी पार्टी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के कदम पर उन्होंने कहा कि ऐसे फैसले जल्दबाजी में लिये जाते हैं।

एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया

रांची (आजाद सिपाही)। रांची में आपराधिक घटनाओं पर अकुंश लगाने के लिए मंगलवार को विभिन्न इलाकों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। कई चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर चलाये गये अभियान के तहत पुलिस ने बाइक और कार की जांच की। कागजात के साथ चालक की भी तलाशी ली गयी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में मेन रोड, रातू रोड, कचहरी चौक, सिटी डीएसपी कुमार वेकटेश रमण के नेतृत्व में कांटाटोली, लालपुर, सदर डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में डिस्टलरी पूल सहित अन्य जगहों पर अभियान चला।

निशिकांत दुबे ने भाजपा में आने पर सीता सोरेन को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे सहित कई भाजपा नेताओं ने सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर खुशी जताते हुए बधाई दी है। निशिकांत ने एक्स (सोशल मीडिया) पर लिखा है कि सीता सोरेन जी मेरे परम मित्र स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी की धर्म पत्नी हैं। उन्होंने उचित समय पर उचित निर्णय लिया। हेमंत सोरेन जी ने भ्रष्टाचारी सरकार दी, कल्पना सोरेन जी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। दुर्गा सोरेन जी का संघर्ष हेमंत खत्म करना चाहते हैं। अगला नंबर आंदोलनकारी चंपाई सोरेन जी का है। सीता भाभी को बधाई। रांची सांसद संजय सेठ ने भाजपा परिवार में सीता का स्वागत किया है। कहा कि भ्रष्टाचार, अत्याचार और व्यभिचार से मुक्त झारखंड के निर्माण में हम सब अग्रणी भूमिका निभायेंगे।

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने भी जामा की झामुमो विधायक सीता सोरेन को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही विश्वास जताया है कि वह पीएम मोदी के आदिवासी कल्याण, उत्थान और विकास के संकल्प को झारखंड में और मजबूत करेंगी।

विधायक रणधीर सिंह ने कहा

बहन सीता का अयोध्या में आगमन

स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी की पत्नी और जामा की विधायक सीता सोरेन को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। पूर्ण विश्वास है कि आप मोदी जी के आदिवासी कल्याण, उत्थान और विकास के संकल्प को झारखंड में और मजबूत करेंगी।

राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा का भव्य अभिनंदन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री महावीर मंडल श्री राम सेना कांके रोड के द्वारा में नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा का मंगलवार को भव्य अभिनंदन समारोह हुआ। समारोह में मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा, कोषाध्यक्ष दीपक बंका एवं श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक शंकर दुबे, संचालन आकाश दुबे के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन विशाल राय के द्वारा किया गया।

समिति के मुख्य संरक्षक शंकर दुबे ने प्रदीप वर्मा को राज्यसभा सांसद बनाये जाने पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया एवं अपने पिछले 32 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी में किये गये कार्यों की जानकारी दी। श्री वर्मा ने सभी लोगों को होली एवं रामनवमी की अग्रिम बधाई दी।

अभिनंदन समारोह में अजय कुमार वर्मा, प्रकाश नायक, राजेश सिंह, राणा हर्षवीर, अजय राम, अमित सिंह, अविनाश कुमार, संतोष उपाध्याय, मृणाल राज सहित दर्जनों पदाधिकारियों एव सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

शिकायतकर्ता पंकज यादव ने एसीबी को पत्र लिख कर मांगी सुरक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रघुवर दास सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, अमर बाउरी, नीरा यादव, लुइस मरांडी और रणधीर कुमार सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) आय से अधिक संपत्ति की जांच कर रहा है। इस कड़ी में एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। लेकिन बयान दर्ज करवाने से पहले पंकज यादव ने एसीबी को मंगलवार को पत्र लिख कर अपनी सुरक्षा की चिंता जाहिर की है।

पंकज यादव ने एसीबी को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने जिन लोगों के खिलाफ शिकायत की है, वे काफी प्रभावशाली और भ्रष्ट हैं। अगर वह पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ गवाही देते हैं तो उनके और उनके परिवार के सदस्यों को जान का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ायी जाये। अपने पत्र के साथ पंकज ने स्पेशल ब्रांच की एक रिपोर्ट भी एसीबी को दी है। इसमें यह कहा गया है कि पंकज यादव की मौजूदा सुरक्षा पर्याप्त नहीं है, इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ायी जानी चाहिए।

पिछले वर्ष हेमंत सरकार की कैबिनेट ने पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी को जांच की मंजूरी दे दी थी। झारखंड हाइकोर्ट में वर्ष 2020 में पंकज कुमार यादव ने रघुवर सरकार में मंत्री रहे नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा यादव, अमर बाउरी, लुईस मरांडी और रणधीर सिंह की संपत्ति की जांच के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया कि रघुवर सरकार के पूर्व मंत्रियों ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है।

उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिलोकरी को मिला प्लस टू का दर्जा

जयनगर (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के प्रयास से जयनगर प्रखंड के तिलोकरी स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय को प्लस टू का दर्जा मिल गया है। बताते चलें कि मध्य विद्यालय तिलोकरी को उत्क्रमित उच्च विद्यालय में परिणत किया गया था तब से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए निवर्तमान उपायुक्त आदित्य रंजन ने विद्यालय को गोद लिया था। विधायक अमित कुमार यादव ने अथक प्रयास करते हुए इस विद्यालय को प्लस टू का दर्जा दिलाकर अच्छा पहल किया है। विधायक ने कहा कि विद्यालय का प्लस टू हो जाने से स्थानीय अगल-बगल के छात्र-छात्राओं को जिन्हें बाहर जाकर पढ़ना पड़ता था अब अपने गांव घरों में ही प्लस टू तक शिक्षा लेकर डिग्री प्राप्त कर पायेंगे। जिससे वह शिक्षित होकर समाज का कल्याण कर पायेंगे और समाज में अपना नाम रोशन करेंगे। विधायक के इस पहल के लिए मुखिया इंद्रदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य उमा देवी, उप मुखिया साजन खान, त्रिवेणी पांडेय, मोहन राणा, समाजसेवी कैलाश लाल बर्णवाल, रामेश्वर यादव, अरुण कुमार राणा, इंद्रदेव ठाकुर, संतोष पांडेय, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उपेंद्र कुमार, शिक्षक अजय पांडेय, मंतोष पांडेय, अवधेश कुमार यादव, रोमा कुमारी सहित अन्य कई लोगों और स्थानीय अभिभावकों ने बधाई दिया है।

एकादशी यज्ञ में शामिल हुई अन्नपूर्णा देवी

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम डंडाडीह निवासी आइडियल प्रोगेसिव स्कूल के प्राचार्य रामकिशुन यादव के आवास पर शत्रु यादव तथा जसवा देवी, मुनिया देवी पति स्वर्गीय मंगन महतो द्वारा आयोजित श्री श्री 108 श्री एकादशी व्रत उद्यापन सह श्री रामचरितमानस नवाह महायज्ञ में बीती संध्या केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। मौके पर उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने यज्ञ में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। यज्ञ में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों में ईश्वर के प्रति भक्ति का भाव बढ़ता है सनातन धर्म का प्रचार प्रसार होता है। यज्ञ में 19 को तुलसी पूजन मानस पाठ व हवन हुआ। 20 को तुलसी विवाह गीत धारी मनसा पाठ हवन होगा। 21को राम चर्चा पूजा अखंड हरी कीर्तन, 22 को शोभा यात्रा पूर्ण होती पाठ समापन और 23 को महा भंडारा होगा। प्रति संध्या कथा वाचिका मानस मधुकर संगीता सुमन शाशलपुर तथा रामनरेश शास्त्री अयोध्या का भजन प्रवचन हो रहा है। यज्ञ के आचार्य बाबूलाल शरण महाराज वाराणसी, सह आचार्य रामशरण जी। मौके पर स्कूल के प्राचार्य रामकिशुन यादव, निदेशक कन्हाई चंद्र यादव, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, महावीर यादव, महेंद्र राणा, विजय राणा आदि मौजूद थे। यज्ञ को सफल बनाने में धनपत यादव, जगदीश यादव, उप मुखिया लखपत यादव, गणपत यादव, छोटू यादव, बद्री यादव, तुलसी यादव, बहादुर यादव, रामसहाय यादव, प्रकाश यादव सहित समस्त परिवार लगे हैं।

आचार संहिता को लेकर सूचना पट को तोड़ा

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बासोडीह बाजार में विधायक फंड से बना शौचालय के सामने लगे सूचना पट बोर्ड को आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जनसेवक अजय पंडित ने बोर्ड को तोड़ दिया है। बताया जाता हैं कि सतगावां में आदर्श आचार संहिता के नियमों को ताख पर रख कर हर काम की जा रही है और इसे देखने वाला कोई नहीं है। सरकारी नियमानुसार सूचना पट बोर्ड को सादे कागज से ढक देना चाहिए लेकिन यहां बोर्ड को छेनी हथौड़ी से तोड़ दिया गया है। तोड़ने वाला सरकारी कर्मचारी हैं जो जनसेवक के पद पर कार्यरत हैं। कई ऐसे संवेदक है जो योजना स्थल पर लगे बोर्ड को आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भी प्रचार प्रसार के लिए बोर्ड को खुला ही छोड़ दिया है। ऐसे संवेदक पर आचार संहिता उलंघन का अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

मवेशी लदा वाहन जब्त, एक गिरफ्तार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक कोडरमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थानान्तर्गत लोकाई रोड होते हुए अवैध मवेशी वाहन पार हो रही है। इसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस सअनि मो इसराफिल, पुलिस नियंत्रण कक्ष, कोडरमा के नेतृत्व में एक छापामारी ठीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मेघातरी घाटी (कोडरमा थाना) में पिकअप वाहन सं जेच 12एफ 9513 उसमे लदे पशुओं को जप्त करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या-52/24 .4 दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मो महताब कुरैसी, उम्र 36 वर्ष, पिता मो० जिरानी कुरैसी, सा भादोडीह, थाना तिलैया है। जबकि पिकप वाहन सं जेएच 12 एफ 9513 से 1 भैंस और 04 पाड़ा (दो बडा एवं दो छोटा) जब्त किया गया। छापेमारी दल में सअनि मो इसराफिल, पुलिस नियंत्रण कक्ष, कोडरमा, पुलिस नियंत्रण कक्ष, कोडरमा के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

बाल विवाह के खिलाफ कार्यशाला

कोडरमा (आजाद सिपाही)। संस्था आसा, गिर्ल्स नॉट बड्र्स और समर्पण के तत्वावधान से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र बेंदी में बाल विवाह के खिलाफ विभिन्न हितधारकों के साथ एक दिवसीय पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बेंदी पंचायत के मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि कम उम्र में बच्चों का विवाह करना जघन्य अपराध है, कम उम्र वाले बच्चियों के शरीर पूर्ण रूप से विकसित नही हुआ रहता है। जिससे उन्हें शारिरीक परेशानियों का पीड़ा झेलना पड़ता है। साथ मे जच्चा बच्चा भी खतरे में रहता है, इसके लिए खासकर महिलाओं को ज्यादा जागरूक होने की आवश्यकता है। समाज सेवी कृष्ण सिंह घटवार ने कहा कि पूरे समाज में एक साथ बैठकर जागरूक किया जाय तो कुछ हद तक बाल विवाह को रोक जा सकता है। समाज सेवी रमण यादव ने कहा गया कि जिस प्रकार कुंवे में रस्सी अपने आप को घिसकर पत्थर पर दाग छोड़ जाता है उसी प्रकार बाल विवाह के खिलाफ हमलोगों को समाज मे घिसने की जरूरत है। शिक्षक राजेश कुमार सिंह के द्वारा कहा गया कि गांव में एक साथ मिलकर जागरूकता अभियान चालू करने की जरूरत है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल संरक्षक पदाधिकारी संतोष कुमार ठाकुर के द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, और बाल तस्करी को लेकर विशेष रूप से जागरूक करने एवं कानून प्रावधान को लेकर विस्तार रूप से बताया गया।

फूड फेस्टिवल का आयोजन 22 को

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि होंगे शामिल

मतदाता जागरूकता को लेकर सौ टोटो रिक्शा (बैटरी चलित रिक्शा) की निकाली गयी रैली, उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कोषांग के माध्यम से इलेक्शन फूड फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 22 मार्च को होगा। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि इन आयोजनों के माध्यम से विशेषकर शहरी मतदाताओं के बीच मतदान के महत्व सहित मतदान के प्रति रुझान को बढ़ाना है। इसी कड़ी में 22 मार्च को कर्जन मैदान में शाम 4 बजे से जिलास्तर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्शन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का पूरा थीम इलेक्शन इन इंडिया पर आधारित है। इस फूड फेस्टिवल को पूरी तरह से इलेक्शन के थीम पर आधारित रखा गया है, जिसके अंर्तगत विभिन्न आकर्षक कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। मसलन रॉक बैंड शो, ग्रुप डांस, फैशन शो, मिमिक्री शो, फोक डांस, फ्यूजन म्यूजिक, पेंटिंग प्रदर्शनी, कविता प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और स्वादिष्ट झारखंडी पकवान का लुत्फ शामिल है।

इस पूरे आयोजन में स्थानीय कलाकार, विद्यार्थी और युवा प्रतिभागी होंगे जो इलेक्शन आधारित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

कैसे हों शामिल

वैसे नागरिक जिन्होंने अपने मोबाईल पर वोटर हेल्प लाइन एप्प डाउनलोड किया हो वें निशुल्क इस कार्यक्रम में प्रवेश पा सकेंगे। अन्यथा 500 रु एंट्री चार्ज देने होगें। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह और नेहा अरोड़ा होगें।

मतदाता जागरूकता टोटो रिक्शा रैली को दिखायी गयी हरी झंडी: समाहरणालय भवन परिसर से आज 19 मार्च को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सौ टोटो रिक्शा को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

खनन विभाग की कार्रवाई, अवैधकर्ता पर गिरी गाज

अवैध रूप से भंडारित बालू जब्त

जिला खनन पदाधिकारी ने बड़कागांव क्षेत्र पर की छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। बड़कागांव थानान्तर्गत मौजा नयाटांड में मेसर्स सूर्या स्टॉक यार्ड, प्रो कार्तिक प्रसाद, पिता वैजनाथ प्रसाद, पता वार्ड न०-09, सांढ, बड़कागांव के द्वारा धारित बालू स्टॉक यार्ड का सोमवार रात्रि 10:30 बजे जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बड़कागांव थाना पुलिस बल के साथ छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में पाया गया कि कार्तिक प्रसाद के द्वारा बगैर ई-परिपहन चालान के स्थानीय नदियों से बालू का उत्खनन कर भंडारण किया गया है और जेसीबी के माध्यम से हाईवा पर बालू लोड कराया जा रहा था। जांच दल को देखते ही कार्तिक प्रसाद के द्वारा लोड हो रहे वाहनों और जेसीबी को स्थल से भगा लिया गया। इस क्रम में छापामारी दल द्वारा कार्तिक प्रसाद को स्थल पर गिरफ्तार कर थाना में सुपूर्द कर दिया गया। स्थल पर अवैध रूप से भंडारित 20,000 धनफीट बालू को जब्त कर लिया गया है। बालू स्टॉक यार्ड के मालिक कार्तिक प्रसाद के विरूद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4/21के नियम 9, 13, आइपीसी के अन्य सुसंगत धाराओं के तहत सरकारी संपति की चोरी करने और खनन राजस्व की क्षति पहुंचाने के जुर्म में प्राथमिकी दर्ज की गयी है, जिसका थाना कांड संख्या 73/24 है।

एमसीएमसी का गठन कोडरमा में

कोडरमा (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए 05 कोडरमा लोकसभा में गठित सभी कोषांगों ने अपना कार्य शुरू कर दिया है। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार लोक सभा चुनाव में पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में एमसीएमसी का गठन किया गया है, जिसमें 6 सदस्य हैं। (एमसीएमसी) के माध्यम से समाचार पत्रों, रेडियो, टीवी, ई-पेपर, बल्क मैसेज, सोशल मीडिया प्रकाशित व प्रसारित होने वाले विज्ञापनों व समाचारों पर नजर रखी जायेगी। विज्ञापन देने के लिए उम्मीदवार की ओर से जिला स्तरीय एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अनिवार्य है।

कोडरमा में स्वीप कोषांग की बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी से लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने पर चर्चा की गयी। उप विकास आयुक्त ने मानव श्रृंखला बनाकर व मतदान दिन की तिथि का नक्शा बनाकर और मतदान करने को अपील करने की बात कही. इसके अलावा साइकिल रैली, बाइक रैली, कैंडल मार्च, संगीत संध्या औरमतदाता शपथ ग्रहण समारोह, लोकसभा इलेक्शन कार्निवाल, रन फॉर वोट आदि कार्यक्रम आयोजन करने की बात कही। इसके लिए सबों की सहभागिता की अपील की। पोस्टर, बैनर, सेल्फी प्वाइंट, स्टीकर व स्टाम्प के जरिये मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाएं जाने का सुझाव दिया गया। इस मौके पर स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस जेवियर एक्का व पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

होली त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचें

आजाद सिपाही संवाददाता

दारू/ हजारीबाग। दारू थाना परिसर में होली त्यौहार को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में विष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद, अंचला अधिकारी नवीन भूषण कुलु, प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद, सर्किल इंस्पेक्टर साहिद रजा, थाना प्रभारी सफीक अंसारी और जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, और प्रखंड के गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ ने किया और संचालन थाना प्रभारी सफीक खान ने किया। एसडीपीओ ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने की बात कही और लोगों को बताया कि कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कोई जाति विशेष को ठेस पहुंचे। सोशल मीडिया या व्हाट्सएप पर कोई भड़काऊ मैसेज ना डालें यदि कोई ऐसा करता है तो उसे खंडन करें और आगे फॉरवर्ड ना करें अन्यथा तात्कालिक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता की कोई भी समस्या हों तो तात्कालिक थाने को सूचित करें। होली पर्व से पूर्व अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई की जायेगी और कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है इसे ध्यान में रखते हुए कोई विशेष पार्टी को लेकर कोई ऐसे लेखनी ना लिखें जिससे किसी को व्यक्तिगत ठेस पहुंचे। इस मौके पर मुख्यरूप से दारू पंचायत मुखिया सुनील कुमार, इरगा पंचायत मुखिया अनिता देवी, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, रामाशीष कुमार, मनोहर कुमार, सरफराज अहमद, अल्ताफ, एनुल हक, दिलीप मियां, सुलेमान मिया, करीम मियां, सुरेश साव, सहित दर्जनों की संख्या में गण्यमान लोग उपस्थित थे ।

आइसेक्ट विवि की ओर से वेबिनार का आयोजन

तनावमुक्त जीवन सफल जीवन का आधार : डॉ मुनीष गोविंद

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग और आइक्यूएसी के सहयोग से तनाव मुक्त जीवन जीने की कला विकसित करने की वाधि विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य संरक्षक आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे और संरक्षक के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक और कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद थे। वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कैमेस्ट्री विभाग के एचओडी प्रोफेसर अनिल मिश्रा थे। वेबिनार की शुरूआत में आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने इस वेबिनार के लिए विज्ञान विभाग को बधाई दी और कहा कि वाकई आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में तनाव साये की तरह हो गया है, जिसे कम कर या इससे मुक्ति पाकर ही बेहतर जीवन जीने की उम्मीद की जा सकती है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने तनाव मुक्त जीवन को हर किसी के लिए अहम बताया और कहा कि वर्तमान समय की युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा मानसिक रूप से ग्रस्त हैं। कई छोटे-बड़े वजहों से मानसिक तनाव में चले जाते हैं। ऐसे में व्यक्ति को खुश रहने के साथ साथ अपने लक्ष्य लेकर जीवन में चलना चाहिए और ध्यान केंद्रित कर आगे बढ़ने के साथ साथ दिनचर्या में भी अनुकूल बदलाव किये जाने की आवश्यकता है। बतौर मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने जीवन को अनमोल रत्न बताया। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि व्यक्ति मरणशील है पर जब तक जीवन है उसे कैसे तनाव मुक्त वातावरण में जिया जायें, यह जानना जरूरी है। उन्होंने वेबिनार का उद्देश्य बताते हुए कहा कि दरअसल इस वेबिनार का उद्देश्य ही यही है कि तनाव मुक्त जीवन बनाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर कैसे जीवन को खुशहाल और सफल बनाया जाये। उन्होंने कहा कि जीवन है तो समस्याएं हैं और समस्याएं है तो उसका समाधान भी है। हमें समाधान की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जीवन को तनाव मुक्त बनाने का सबसे बेहतर उपाय यही है कि लोग अपने व्यवहार पर ध्यान दें और उसमें कोई कमी नजर आती है तो उसे सुधारने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि तनाव के समय अकेले रहने के बजाय परिवार, दोस्तों या अपनों के बीच समय बिताएं और तनाव के कारण को शेयर करने की कोशिश करें। वेबीनार की अध्यक्षता डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान विभाग की एचओडी सबीता कुमारी ने किया। वेबिनार को सफल बनाने में कार्यक्रम के सचिव व विज्ञान विभाग के डीन डॉ दिवाकर निराला, सबीता कुमारी, डॉ सोनी मेहता, नेहा सिन्हा, मुकेश कुमार साव, कुमारी काजल सोनी, सुप्रिया रानी, बिशाखा बाला, राहुल राजवार समेत अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

होली को लेकर शांति समिति की बैठक

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। होली को लेकर टाटीझरिया थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में की गयी। मुख्य रूप से टाटीझरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि खुशबू मिंज प्रमुख संतोष मंडल, सर्किल इंस्पेक्टर शहजादा रजा थाना प्रभारी सुजीत कुमार, प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए प्रमुख श्री मंडल ने कहा की होली पर्व मेल-मिलाप से मनाने की जो टाटीझरिया में परंपरा रही है इस का निर्वहन करते हुए आपसी भाईचारे के साथ व सौहार्दपूर्ण परिवेश में मनायें एसडीपीओ बैजनाथ महतो ने कहा की होली का पर्व अचार संहिता के नियम के तहत मनावे आये दिन कोई प्रकार से हुड़दंग कर कोई गलत पोस्ट फैलाने का काम करेगा उसे बक्शा नहीं जयेगा उस पर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा घर पर अपने अपने बच्चों पर नजर रखने का कहा गया है। शोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालो को चिंहित कर उसपर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में टाटीझरिया उपप्रमुख रवि वर्नवाल, मुखिया सुरेश यादव, परमेश्वर यादव, कृपा शंकर पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, मिथलेश पाठक, बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र पांडेय, कयूम अंसारी, मो आलम, मो रजाक सहित कई लोग उपस्थित थे।

श्रीमद भागवत कथा कल से प्रारंभ

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के गांधी मैदान में श्री मद भागवत कथा का आयोजन कल से शुरू होगा। यह आयोजन कल गुरुवार से शुरू होकर 23 तारीख तक चलेगा। तीनों दिन कार्यक्रम दोपहर 2 बजे शुरू होगा और रात नौ बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में 2 बजे से चार बजे तक नृसिंह यज्ञ,चार बजे से छः बजे तक कृतन सांस्कृतिक कार्यक्रम और 6 बजे से भागवत कथा और भंडारा का आयोजन होगा। प्रवचन कर्ता अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता दास गदाधर प्रभुजी होंगे। प्रत्येक दिन दस से पंद्रह हजार श्रद्धालु आयेंगे, प्रत्येक दिन सबों के लिए भंडारे का भी व्यवस्था किया गया है। बताया की इस कार्यक्रम में गुरुकुल के सैकड़ों छात्र भी बाहर से आयेंगे। साथ ही गुरुकुल के आचार्य भी आयेंगे। साथ ही बड़ी संख्या में साधु संत भी आयेंगे। 21 को 500 से लेकर 600 छात्र नगर कीर्तन होगा, जो पूरे नगर घूमेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारतीय सभ्यता से जुड़ा कार्यक्रम होगा। 23 तारीख को भगवान का पुष्प से अभिषेक किया जायेगा, उसके बाद दर्शन आरती और अंत में भंडारा होगा।

केरेडारी में मतदान केंद्र का निरीक्षण

केरेडारी (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल और बीडीओ अमित कुमार ने मंगलवार को मतदान कई मतदान केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान सीओ और बीडीओ ने राजकीय मध्य विद्यालय पेटो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलतु, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गर्री खुर्द, राजकीय कृत मध्य विद्यालय कंडाबेर सहित कई मतदान केंद्रों का दौरा कर इन केंद्रों में उपलब्ध मुलभुत सुविधाओं में पानी की व्यवस्था, शौचालय, पंखे और बिजली की सुविधा का जायजा लिया। प्रखंड प्रशासन लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसे लेकर औने स्तर से बेहतर प्रयास कर रहा है। विदित हो की चुनाव आयोग के द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत आगामी 20 मई को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का मतदान होना सुनिश्चित है व इसे लेकर प्रखंड का प्रशासनिक महकमा पूरी तरह से सजग है।

हजारीबाग में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मेहता कुशवाहा विकास मंच द्वारा शहर के जुल्लू पार्क स्थित मेहता भवन सभागार में मंच के संरक्षक स्व राधे श्याम मेहता और सेवा निवृत्त शिक्षक स्व देवनारायण मेहता को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, मंच के अध्यक्ष जय नारायण मेहता, उपाध्यक्ष दामोदर मेहता, कोषाध्यक्ष निर्मल मेहता, संरक्षक लखन कुमार मेहता, कुमार केशव (संरक्षक), कामेश मेहता (संगठन सचिव), अरूण मेहता (संगठन सचिव), राजेश मेहता, विरेन्द्र मेहता, आशीष मेहता, रणजीत कुमार मेहता, त्रिवेणी मेहता उपस्थित थे।

विद्यालय को प्लस टू का दर्जा प्राप्त होने पर हर्ष

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। कलहाबाद उच्च विद्यालय को प्लस टू स्कूल का दर्जा प्राप्त होने और आदर्श स्कूल बनायें जाने को लेकर लोगों में हर्ष व्याप्त है। इसके लिए लोगों ने बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को बधाई दिया है। कहा है कि विधायक के प्रयास से कलहाबाद स्कूल को प्लस टू का दर्जा मिला है। गयपहाड़ी पंचायत क्षेत्र के अलावे आस पास के इलाको के छात्र-छात्राओ को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहुलियत होगी। विधायक अमित यादव को बधाई देने वालों में प्रखंड शिक्षक संघ अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद,मुखिया कलावती देवी, विधायक प्रतिनिधि अनील कुमार आजाद, पूर्व मुखिया रामचंद्र राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, छोटेलाल मेहता, उपेन्द्र कुमार शर्मा, राजकुमार प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, लीलधारी प्रसाद, बादल राम, तुलसी प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, मुन्नालाल मंडल, राजकुमार दास, लालमणि प्रसाद, रामेश्वर पंडित, लक्ष्मण प्रसाद, रूपलाल प्रसाद, नेमीचंद प्रसाद, सुरेश पंडित, द्वारिका प्रसाद, विजय राम समेत आदि लोग शामिल है।

मध्य विद्यालय जमुआ में चौथी बार हुई चोरी

दारु (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मेडकुरी खुर्द पंचायत के मध्य विद्यालय जमुआ मे सोमवार की रात्रि को चौथी बार चोरी की घटना घट गयी। चोरी होने के जानकारी मंगलवार की सुबह उस समय हुई जब विद्यालय के शिक्षक और छात्र विद्यालय पहुंचे और एक कमरे का ताला टूटा हुआ पाया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह लगतार चौथी बार चोरी की घटना घटी है। विद्यालय का ताला तोड़कर अंदर रखे दो अलमीरा के लॉक को तोड़ क र्साउंड सिस्टम एमली फायर, टेब क्रिकेट बैट, फुटबॉल, बैडमिंटन सेट हैंडबॉल वजन मापने की मशीन, रजिस्टर, सहित कई अन्य कीमती समान ले गये। इस घटना की लिखित सूचना दारु थाना प्रभारी शफीक खान को दी गयी है।

मुखिया ने विकास योजनाओं में घुस की रकम मांगने का आरोप लगाया

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बुध बाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू को पत्र लिखकर पंचायत सचिव सागर कुमार पर घूस की रकम नहीं मिलने पर योजनाओं का जियो टैग नहीं करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। ज्ञात हो कि किसी भी योजना को आरंभ करने हेतु पंचायत सचिव को जिओ टैग करने का कार्य मिला हुआ है। पत्र के माध्यम से मुखिया ने बताया है की ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या काफी बढ़ जाती है। पंचायत के अधिकांश निवासी सीसीएल प्रबंधन के जल आपूर्ति पर निर्भर है। गर्मी के दिनों में सीसीएल प्रबंधन द्वारा जल की आपूर्ति प्रत्येक वर्ष बाधित हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को नदी-नालों का गंदा पानी पीने पर विवश होना पड़ता है। प्रदूषित पानी के कारण कई ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियां हो जाती है। वहीं बीमारियों के कारण कई लोगों की मृत्यु तक हो जाती है। पंचायत में जल आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा विगत दिनों राशि भेजी गयी थी। पत्र में कहा गया है की पंचायत सचिव का पंचायत सचिवालय में निरंतर नहीं बैठने के कारण ग्रामीणों को अपना कार्य करने में काफी कठिनाई होती है। कई ग्रामीणों द्वारा जन्म-मृत्यु का प्रमाण पत्र बनाने के लिए महीनो पूर्व इन्हें आवेदन दिया गया है, लेकिन अभी तक उनका प्रमाण-पत्र नहीं मिला है। मुखिया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु से यह आग्रह किया है कि भ्रष्ट एवं लापरवाह पंचायत सचिव सागर कुमार पर कठोर कार्रवाई करने पहल करें। क्योंकि मैं एक महिला मुखिया हूं इसलिए मेरे ग्राम पंचायत में तत्काल एक कर्मठ महिला पंचायत सचिव मेरे ग्राम पंचायत में नियुक्त करने का कष्ट करें। पत्र की प्रति मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, पंचायती राज मंत्री, मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास सचिव, पंचायती राज सचिव, झारखंड सरकार और उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, पंचायती राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ को भी प्रेषित किया गया है।

श्री श्री रामनवमी महासमिति की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्रीश्री रामनवमी महासमिति की बैठक मंगलवार को शहर के किला मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर व संचालन समिति के महासचिव तुलेश्वर पासवान ने किया। इस दौरान बैठक में कमेटी के चयन पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसके उपरांत नये अध्यक्ष के लिये दीपक मिश्रा के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसे उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से दीपक मिश्रा के नाम का समर्थन किया। महासमिति के अध्यक्ष चुने जाने के बाद दीपक मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। कहा की इस बार बिलकुल अनुशासित ढंग से व धूमधाम से रामनवमी महापर्व मनाया जायेगा। इसमें पुलिस प्रशासन से सहयोग की भी अपेक्षा रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिसोदिया, संरक्षक सह पूर्व मुखिया छोटू सिंह, मुखिया ओरला पंचायत बुच बाबा, रमेश महतो, बिनोद मिश्रा, राजेश ठाकुर, प्रभात अग्रवाल, विशाल जायसवाल, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, शंकर यादव, नीरज गोयल, पंकज भारती, मणिशंकर ठाकुर, विक्की बाबा, सूरज वर्णवाल, आयुष, मनीष, प्रेम करमाली, सरोज कुमार, सचिन चंद्रवाशी, अमन राजा, राहुल पासवान, शुभम सिंह, शंभू सिंह, अमित कुमार, अंकित सिंह, मोनू गुप्ता, पावन पासवान, गोलू पासवान, रोहित, प्रियांशु गोस्वामी, सुनील कुमार, आकाश यादव, सोनू कुमार, पब्बी बजरंगी, रवि चंद्रवंशी, संतोष बेदिया, कुणाल राम, आनंद राम, राहुल मालाकार, चंदन सिंह, सागर श्रीवास्तव, राहुल सिंह, कांतेश्वर मिश्र, नवनीत कुमार, लालबाबू आदि उपस्थित थे।

टंडवा में सुपरवाइजर ने की आत्महत्या

टंडवा (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी की सहयोगी कंपनी जीडीसीएल के सुपरवाइजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी पहचान उत्तम डे के रूप में हुयी है। वह 45 वर्ष के थे। वे केरल के रहने वाले थे। बताया गया कि उत्तम डे रविवार शाम अपने आवास में ही गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में कंपनी के मैनेजर संतोष कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित सूचना दी है, जिसके आधार पर टंडवा पुलिस ने यूडी का मामला दर्ज कर लिया है, इधर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। टंडवा पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

महाविद्यालय में फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

रंगों का त्यौहार है होली, आपसी भाईचारा के साथ मनायें: रत्ना पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को रामगढ़ महाविद्यालय में फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अध्यक्ष नितेश कुमार मोदी के नेतृत्व में फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में महाविद्यालय के लगभग 2500 छात्र छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे, कॉलेज अध्यक्ष नितेश कुमार मोदी, प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो, जिला संयोजक शुभम गिरी, नगर उपाध्यक्ष सूरज कुमार उपस्थित हुए।

नृत्य, देशभक्ति गीत और देशभक्ति कविता का आयोजन: महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, देशभक्ति गीत और देशभक्ति कविता आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रत्ना पांडे ने कहा की होली रंगों का त्योहार है और सभी रंगों में सरोबार होकर फाल्गुन उत्सव का आनंद उताये। वही, नितेश मोदी ने बताया कि होली का उत्सव युवाओं का उत्सव है, पर्व-त्योहार का आनंद व्यक्ति में एक नई ऊर्जा और स्फूर्ति का संचार करता है।

बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है होली: गौतम: प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो ने कहा कि होली के पर्व को सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन आदित्य सिंह ने किया।

महोत्सव में जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर, राहुल कुमार, तन्वी कुमारी, खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी, बाबूलाल कुमार, प्रीतम कुमार, चरण बेदिया, राजू बेदीया, अरुण कुमार, संगीता कुमारी, दिशा कुमारी, दीक्षा कुमारी, श्रुति कुमारी, निरुपा कुमारी, आंचल, कुमारी, जया कुमारी, अमित कुमार, प्रियांशु कुमार, अभय ओझा, मोंटी कुमार, सिद्रा फरयाल, अमीषा अग्रवाल, आदित्य सिंह, आलिया खान, नेहा पांडे, बिशाखा कुमारी, प्रीति शर्मा आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही में छपी खबर पर कुजू रेलवे साइडिंग जांच करने पहुंची सीआइडी टीम

कोयला यार्ड देखा, चारकोल का भंडारण पाया, अब होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही अखबार के दावे पर मुहर, साइडिंग में होती है चारकोल-कोयले की मिक्सिंग

जुगाड़ टेक्नोलॉजी के सहारे बचाव पक्ष में जुटे कारोबारी

बीरु कुमार

पूरे मामले की सीआइडी के एडिशनल एसपी कर रहे है जांच पड़ताल

इधर सोमवार की देर शाम सीआइडी के एडिश्नल एसपी दीपक कुमार की अगुआई वाली टीम कुजू रेलवे साइडिंग पहुंची। टीम में श्री कुमार के अलावा डीएसपी अनुज उरांव, अजीत विमल सहित कई पदाधिकारी शामिल थे। सभी ने कोयला यार्ड की नजारा देख हैरान थे। सबकुछ उनके सामने था। कोयला भी था और चारकोल भी। सबकुछ को कैमरे में कैद किया। डिपो का नाम अपने डायरी में नोट किया। उनकी इस गंभीरता से लगता है कि इस बार चारकोल और कोयला मिक्सिंग पर ब्रेक लगेगा। लेकिन ये सब भविष्य के गर्भ में है।

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कुजू रेलवे साइडिंग में बड़े पैमाने पर कोयला और चारकोल की मिक्सिंग होती है। कोयले की तस्करी भी होती है। सबकुछ अच्छे माहौल में होता है। उसके लिए आजाद सिपाही अखबार लगातार खबर प्रकाशित कर संबंधित विभागों को आगाह करते रहा है। लेकिन कभी भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मामले में सीआइडी की इंट्री से उम्मीद जगी है। इस बार कारोबार पर सीआइडी का हथौड़ा पड़ेगा। कारोबारियों के कमर टूटेगी। गोरखधंधा पर लगाम लगेगा। लेकिन देखना दिलचस्प होगा कि सीआइडी की कार्रवाई में कितने के गर्दन फसेंगा। हालांकि कारोबारी अपने आप को बचाने के लिए जुगाड़ टेक्नोलॉजी का सहारा लेकर आगे बढ़ रहा है।

आजाद सिपाही ने बनाया मुद्दा, सीआइडी ने लिया संज्ञान: इस बार आजाद सिपाही ने कोयला चारकोल महामिलावट के खिलाफ अभियान चलाया। नतीजा सबके सामने है। आजाद सिपाही ने दाबा किया था कि कुजू रेलवे साइडिंग में कोयला-चारकोल बड़े पैमाने पर मिलाकर के बाहर पावर प्लांट भेजा जा रहा है। साथ ही कुजू रेलवे साइडिंग की कोयले को स्थानीय प्लांट में खपाया जाता है।

कोयला यार्ड में नहीं मिला कोई कारोबारी

टीम में शामिल अधिकारियों ने कुजू रेलवे साइडिंग के निकट बने कोयला यार्ड (डिपो) की जांच पड़ताल की। इस दौरान टीम को स्टॉक रजिस्टर दिखाने वाला कोई नहीं मिला। साथ ही डिपो में मौजूद लोग कुछ भी बताने में असमर्थ दिखे। जिसके बाद टीम में शामिल अधिकारियों ने डिपो में भंडारण कोयला और चारकोल को देखा। जिसके बाद पूरे वस्तुस्थिति की वीडियो ग्राफी की। साथ ही मौजूद लोगों से चारकोल कोयला मिलावट के बावत पूछताछ किया। जिसमें उपस्थित कर्मियों ने चारकोल कोयला मिलावट की बात स्वीकार किया।

इस दाबे पर रामगढ़ पुलिस ने कोयले लदे 6 हाइवा को पकड़कर मामला दर्ज कर मुहर लगा दी है। इसके अलावा सीआइडी की टीम को कुजू रेलवे साइडिंग में कोयला चारकोल के खेल का भी सबूत मिले है।

राम नारायण मेमोरियल कॉलेज में खेल-कूद प्रतियोगिता

खेल का मैदान मानव को संस्कारी और अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने में सार्थक होता है: प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज/ चतरा। स्थानीय राम नारायण मेमोरियल कॉलेज के स्टेडियम में तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस खेल कूद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन उक्त महाविधालय के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, प्रो फखरुद्दीन अंसारी, प्रो अनिल कुमार सिंह,प्रो शिव रतन सिंह, प्रो कुमारी मंजू सिंह, प्रो रेयाजउद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन के उपरांत कबूतर उड़ा कर शांति और सद्भाव का संदेश दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय गान प्रस्तुत कर प्रतिभागियों में देश के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचारण किया गया। इस अवसर पर रंग बिरंगी और विभिन्न रंगों के झंडे से पूरे ग्राउंड को पाट दिया गया है। वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन 100 मीटर की दौड़ में तीन राउंड में 33 लड़कियों ने भाग लिया वहीं 200 मीटर की दौड़ दो राउंड में 16 लड़कियों ने दौड़ लगायी। जिसमें फाइनल के लिए तीन तीन लड़कियों को चुना गया है। वहीं लड़कों के 100 मीटर के थ्री राउंड के लिए कुल 33 लड़कों ने दौड़ लगाया। 200 मीटर दौड़ में थ्री राउंड के लिए 22 लड़कों ने हिस्सा लिया। 100 और 200 मीटर के दौड़ में तीन तीन प्रतिभागी का चुनाव फाइनल के लिए किया जाना है। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्ति मिलती है। जबकि खेल कूद प्रतियोगिता के नेतृत्वकर्ता प्रो फखरुद्दीन अंसारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता कई मायने में अहम और लाभकारी साबित होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो उमेश प्रसाद सिंह, सरयू यादव,डा रामजीत यादव, डॉ सुबोध कुमार सिंह, समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह, भूषण कुमार, दीपक कुमार, कुंदन कुमार, चुन्नू कुमार, डब्लू सिंह के अतिरिक्त कॉलेज के सभी कर्मियों में महती भूमिका निभायी।

आम्रपाली परियोजना में सीबीआइ की टीम ने की बड़ी कार्रवाई

25 हजार घूस लेते आम्रपाली पर्यवेक्षक सहित दो गिरफ्तार

प्रत्येक टेंडर पर रिश्वत मांगता था रंभजू, सीबीआइ की टीम ने बचरा आवास से किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। केंद्र सरकार की अनुषंगी कंपनी सीसीएल की आम्रपाली कोल परियोजना में मंगलवार को सीबीआई की टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई किया है। सीबीआई की टीम ने आम्रपाली के परियोजना कार्यालय में पदस्थापित सिविल पर्यवेक्षक रामभजू कुमार व उसके सहयोगी अशोक राम को पच्चीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार की है। सीबीआई की टीम ने दोनों को गिरफ्तार करने के बाद अपने साथ रांची ले गयी है। जानकारी के अनुसार परियोजना क्षेत्र में रेस्ट हाउस के देखरेख का टेंडर 95 लाख रुपये मे निकाला गया था। जिसे 42 प्रतिशत कम रेट में वसंत बिहार नामक कंपनी को टेंडर दी गयी थी। बसंत विहार कंपनी के नाम से काम करने वाला संवेदक बचरा निवासी नागेश्वर राम को सौंपा गया था। बताया गया कि देखरेख के कार्य के लिये अगस्त माह 2023 से लेकर नवंबर माह 2023 तक के करीब चार लाख पचास हजार रुपये के भुगतान को लेकर नागेश्वर राम ने बिल चुकता करने को लेकर परियोजना के पर्यवेक्षक रामभजु से मिला तब उनके द्वारा 6% के हिसाब से रिश्वत 25000 की मांग की गया। इसमें परियोजना पर्यवेक्षक राम भजु ने संवेदक नागेश्वर से कहा की यह 6% के पैसे को एसओपी विपिन साहब को भी देना पड़ता है। इसलिए जब तक आप 25000 मेरे सहयोगी अशोक राम को नही देंगे तब तक बिल किलियर नही होगी। संवेदक नागेश्वर राम बार बार आग्रह की घुस नही देंने सकेंगे। लिहाजा संवेदक नागेश्वर राम ने लिखित आवेदन देकर एसीबी व सीबीआई कार्यालय रांची जाकर शिकायत की थी। सीबीआई के पुलिस अधीक्षक के द्वारा सत्यापन के बाद पिपरवार क्षेत्र के बचरा में सीबीआई टीम का जाल बिछाया गया। नागेश्वर राम द्वारा जैसे ही रामभजु के सहयोगी अशोक राम को पैसा दिया, ताक लगाये सीबीआइ टीम ने अशोक राम को गिरफ्त में लिया, तत्पश्चात परियोजना पर्यवेक्षक रामभजु को गिरफ्तार किया गया, तथा दोनों की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई अधिकारी आगे की कार्रवाई के लिए रांची साथ ले गयी है। बताया गया की सीबीआई की टीम को मिली शिकायत के बाद बचरा और आम्रपाली परियोजना कार्यालय में जाल बिछाया था।

हाथियों ने पटक कर वृद्ध को मार डाला

घटना गोला के सरला कलां की, घटना के बाद गांव में मातम

परिजनों को वन विभाग ने दिया मुआवजा, फिर उठा शव

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। गोला वन क्षेत्र के सरला कलां जंगल में जमे हाथियों के झुंड ने मंगलवार की दोपहर को एक वृद्ध को पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान सरला कलां गांव निवासी झुबर महतो 70 वर्ष के रूप में की गयी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में बताया गया कि सरला और इसके आस पास के जंगलों में पिछले कई दिनों से हाथियों का झुंड डेरा जमायें हुए है। झुंड के जमा होने की सूचना के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों का भीड़ हाथियों को देखने के लिए उमड़ी।

फसलों को नुकसान की अंदेशा होने पर ग्रामीणों ने हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया। इसी क्रम में हाथियों ने झुबर महतो को अपने कब्जे में कर पटकना शुरू कर दिया। जिसके कारण उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों ने आस पास में विचरण कर रहे है।

लेकिन वन विभाग के अधिकारी इस और कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है। जिसके कारण रोज कहीं न कहीं घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इधर वन विभाग ने शव को कब्जे में कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है। इधर मृतक के परिजनों को वन विभाग के द्वारा मुआवजा राशि दी गयी। शेष राशि बाद में दी जायेगी।

बीडीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रजरप्पा 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चितरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान मनी एक्का के द्वारा दौरा कर दर्जनों बूथों का निरीक्षण किया, जिसमें मुख्यत: उत्क्रमित मध्य विद्यालय मायल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मारगमर्चा, नव प्राथमिक विद्यालय सोढ, राजकीय बुनियादी विद्यालय चितरपुर प्राथमिक विद्यालय चितरपुर, डीयू मिशन प्राथमिक विद्यालय चितरपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय भूचूंगडीह के अलावे इंटर महाविद्यालय चितरपुर सहित के विद्यालय पहुंचे और पानी बिजली वॉशरूम आदि कई चीजों का जांच पड़ताल किया, लोकसभा 2024 को होने वाले चुनाव को रखते हुए विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया,लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के दिन किसी प्रकार की दिक्कत नहीं करना पड़े जिसे देखते हुए बेहतर सुविधा के लिए बूथों पर पहुंचे।

मतदान को लेकर राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

मांडू (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही चुनाव संपन्न कराने को लेकर गतिविधियां तेज हो गयी। इसको लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय मांडू में बीडीओ संजय कुमार कोंगाडी और सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी ने क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लोगों को मतदान केंद्र का भवन परिवर्तन और मतदान केंद्र का नाम परिवर्तन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मजदूर यूनियन ने पीवीयूएन को लिखा पत्र

पतरातू (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) की ओर से मंगलवार को एनटीपीसी (पीवीयूएनएल) के पब्लिक इनफॉरमेशन सेंटर विभाग में यूनियन द्वारा 13 मजदूरों का 6 माह का वेतन बकाया को लेकर एक शिकायत पत्र दिया गया है। शिकायत पत्र के माध्यम से प्रबंधक से मांग किया गया है कि 13 मजदूर भेल के द्वारा संचालित एजेंसी सबसमन प्राइवेट लिमिटेड मे कार्यरत है। उन सभी मजदूरों का बकाया वेतन जल्द से जल्द भुगतान किया जायें। इस संबंध में यूनियन के नेता मनोज कुमार महतो ने कहा की आए दिन मजदूरों द्वारा शिकायत मिलती है कि एजेंसियों के द्वारा मजदूरों के सैलरी, इपीएफ, न्यूनतम मजदूरी समय पर नहीं मिलता है।

होली मिलन समारोह का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। सरना आवासीय उच्च विद्यालय कोठार में मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मौके पर प्राचार्य किस्टो महतो ने होली पर्व की खुबसूरती की चर्चा की। कहा कि होली पर्व अन्य सभी पर्वों से विशेष है। इस पर्व के माध्यम से समाज में समानता का संदेश जाता है। इस मौके पर प्राचार्य ने पौराणिक कथा में हिरण्यकश्यप, बालक प्रह्लाद व उसके बुआ के जीवन व संदर्भ की विस्तार से चर्चा की गयी। बताया गया कि प्रह्लाद आग में जलने से बच गये और उसकी बुआ जो उसे जलाना चाहती थी, वह जल गयी। इसी को लेकर होलिका का दहन किया जाता है। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्कूली बच्चों ने एक दूसरे को होली की शुभकामना दी। एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली खेली। मौके पर काफी संख्या में स्कूली छात्र-छात्रा आदि उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गतहफूआ पंचायत के पालू तेतरीयाटांड के पास देर शाम ट्रर्बो के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति सोवना सोरेन की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। बताया जाता है कि मृतक शादी समारोह से वापस आसवा पोटागा उरीमारी तिलैया टांड़ अपना घर लौट रहा था ।

लोकसभा चुनाव कराने को लेकर बीडीओ ने की बैठक, दिये कई निर्देश

मांडू (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ, सुपरवाइजर, पंचायत सेवक और जनसेवक के साथ बीडीओ संजय कुमार कोंगाडी व सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी ने संयुक्त रूप से बैठक की। इस दौरान आदर्श आचार संहिता अंतर्गत होनेवाले कार्रवाई के अलावा निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी। वहीं बूथों पर बेसिक सुविधा के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही प्रत्येक बूथ पर पानी, बिजली, आदि की समुचित व्यवस्था करने निर्देश दिया। इस अवसर पर सभी पंचायत सेवक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जनसेवक उपस्थित थे।

कुआं खुदाई के दौरान मिली भगवान बुद्ध की प्रतिमा

चतरा (आजाद सिपाही)। जिले के हंटरगंज प्रखंड के सलैया पंचायत के सलैया गांव में आदित्य यादव के कुआं खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध की प्रतिमा मिली है। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी हैं। बताया जाता है कि आदित्य यादव को मनरेगा से एक कुआं आवंटित की गयी है। जिसके बाद उन्होंने कुआं की खुदाई शुरू की। 15 फीट खुदाई के बाद कुआं से खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध की प्रतिमा मिली है। प्रतिमा मिलने के बाद उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। लोग पूजा अर्चना करने में जुटे हैं। फिलहाल प्रतिमा को कुआं के पास ही रखा गया है। जहां लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं।

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 1507 Dated 18.03.2024 I, RAVINDRA MAHTO S/O PUNIT MAHTO, aged about 22 years, by caste-Kurmi (Mahto), by faith-Hindu, by occupation-Agriculture, resident of village-Tisari, P.O.-Kurknalo, P.S. Chatrochatti, Dist. Bokaro, State Jharkhand-825315 do hereby solemnly affirm and declare as follows:- That my nationality is Indian. That my Aadhar No. is 4429 0389 9156. That I am known by two names viz; 1. RAVINDRA MAHTO S/O PUNIT MAHTO. RAVINDRA KUMAR MAHTO S/O PUNIT MAHTO. That aforementioned both names in para-3 represent to one and same person i.e. myself. That my name as RAVINDRA MAHTO is mentioned in my Aadhar Card & PAN Card bearing No. GXQPM4887N. That my name as RAVINDRA KUMAR MAHTO is mentioned in my Bank Passbook of BOI Branch Gomia A/C No. 481118210001920. That the contents of this affidavit are true, correct and genuine, if any statement found false or contrary then I would be liable for appropriate punishment.

सभी धर्मों का आदर हो

अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी हॉस्टल में घुसकर जिस तरह स्थानीय निवासियों की भीड़ ने नमाज पढ़ रहे विदेशी छात्रों पर हमला किया, वह घटना तो गंभीर है ही, उससे निपटने के तरीकों से जुड़ी शुरुआती सूचनाएं भी कुछ सवाल खड़े करती हैं।

बुनियादी तथ्य : यह देश की अंतरराष्ट्रीय छवि से जुड़ी संवेदनशील घटना है। सबसे पहले घटना से जुड़े बुनियादी तथ्यों को समझने की जरूरत है। शुरुआती सूचनाओं के मुताबिक हमलावर भीड़ बाहर से आयी थी। जिन विदेशी छात्रों पर हमला हुआ, वे अपने कमरे से बाहर, लेकिन हॉस्टल परिसर के अंदर नमाज पढ़ रहे थे। भीड़ ने उन्हें रोकते हुए कहा कि नमाज पढ़ना है, तो मस्जिद में जायें। इसके बाद दोनों पक्षों में कहा-सुनी हुई और भीड़ ने कमरों में घुसकर तोड़फोड़ की।

तुरंत गिरफ्तारी : अच्छी बात है कि पुलिस ने कार्रवाई में तेजी दिखायी। दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और पुलिस का कहना है कि बाकी आरोपियों को भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इस मामले के मद्देनजर न सिर्फ राज्य के गृह मंत्री ने पुलिस के आला अधिकारियों के साथ बैठक की, बल्कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने भी अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले कदम उठाये।

गुजरात के अहमदाबाद में यूनिवर्सिटी हॉस्टल में भीड़ घुसकर छात्रों को पीट देती है। भीड़ हॉस्टल के कमरों में घुसकर तोड़फोड़ करती है। घटना के पीछे तात्कालिक वजह छात्रों का नमाज पढ़ना या इसके पीछे कोई साजिश है।

घटना की पृष्ठभूमि : फिर भी कुछ बातें गौर करने की हैं। गुजरात यूनिवर्सिटी में स्टडी एब्रॉड प्रोग्राम (एसएपी) 2005 से ही चल रहा है, लेकिन इस तरह की यह पहली घटना है। जैसा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन का भी कहना है कि ऐसी घटना रातों-रात नहीं हो सकती। निश्चित रूप से इसकी पृष्ठभूमि पहले से तैयार हो रही होगी। आगे ऐसी घटना फिर से न हो, इसके लिए उन हालात पर भी विचार करना जरूरी है, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।

अति संवेदनशीलता : देश के अंदर कुछ हिस्सों में पिछले कुछ समय से धर्म को लेकर जिस तरह की असहिष्णुता और अति संवेदनशीलता दिख रही है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पहली नजर में यह घटना उसी का एक उदाहरण लगती है।

सर्व धर्म, सम भाव : कानून व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों को तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के जरिये इस मामले को मिसाल के रूप में पेश करना ही चाहिए, राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं को भी अपने स्तर पर सक्रिय हस्तक्षेप के जरिये यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि समाज में सभी धर्मों का आदर करने की भावना कमजोर न हो।

अभिमत आजाद सिपाही

आम चुनाव के साथ चार राज्यों, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम के भी चुनाव होने हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव का विरोध करने वाले राजनीतिक दल यह तर्क देते हैं कि इससे लोकल मुद्दों में चुनाव लड़ना मुश्किल हो जायेगा और क्षेत्रीय पार्टियों को नुकसान हो सकता है, परंतु जब हम दोनों चुनाव में पार्टियों का वोट शेयर देखते हैं, तो उसमें काफी अंतर दिखाई देता है और इस बात में उतनी सच्चाई नहीं दिखती।

एक राष्ट्र, एक चुनाव और संवैधानिक चुनौतियां

आकाश कुमार गुप्ता

एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर बनायी गयी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक राष्ट्र, एक चुनाव का समर्थन करते रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की है। एक राष्ट्र, एक चुनाव के अंतर्गत लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम तथा पंचायत चुनाव को एक साथ कराने की बात की जा रही है। कुल 47 राजनीतिक पार्टियों ने इस पर अपनी राय रखी, जिसमें 32 ने इसका समर्थन किया, जबकि 15 पार्टियां इसके विपक्ष में रहीं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सभी चुनाव एक साथ कराने के कई फायदे हैं। बार-बार चुनाव करने से सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता है। सुरक्षा बलों की तैनाती में भी कई समस्याएं आती हैं। चुनाव के समय आचार संहिता लगने से विकास के कार्य भी प्रभावित होते हैं। बार-बार चुनाव होने से आम लोगों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चुनाव में शिक्षकों की भूमिका काफी अहम होती है। कई स्थानों पर स्कूलों में ही पोलिंग बूथ बनते हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट में एक अहम बात पर ध्यान दिया गया है, जिसका सीधा संबंध विकास से है। जिन राज्यों के चुनाव आम चुनाव के साथ हुए, वहां की जीडीपी ग्रोथ डेढ़ फीसदी बेहतर रही।

केंद्र में गठबंधन की सरकार गिरने के बाद भी कई बार चुनाव समय से पहले कराने पड़े।

एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा देश की राजनीतिक प्रक्रिया में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसको अमल करने में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी, जिसके लिए केंद्र सरकार के पास लोकसभा और राज्यसभा, दोनों में दो तिहाई बहुमत होना जरूरी है। इसका सीधा मतलब है कि दोनों सदनों में समर्थन जुटाने के लिए सरकार को विपक्ष का समर्थन चाहिए होगा, जो कि अभी के हालत में संभव नहीं लग रहा। अगर सभी चुनाव एक साथ होते भी हैं, तो उसके बाद भी कई चुनौतियां हैं। यदि केंद्र की सरकार दो साल बाद गिर जाये, तो क्या अगला चुनाव सिर्फ तीन साल के कार्यकाल के लिए होगा या सभी राज्यों में फिर से चुनाव कराये जायेंगे?

आम चुनाव के साथ चार राज्यों, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम के भी चुनाव होने हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव का विरोध करने वाले राजनीतिक दल यह तर्क देते हैं कि इससे लोकल मुद्दों में चुनाव लड़ना मुश्किल हो जायेगा और क्षेत्रीय पार्टियों को नुकसान हो सकता है, परंतु जब हम दोनों चुनाव में पार्टियों का वोट शेयर देखते हैं, तो उसमें काफी अंतर दिखाई देता है और इस बात में उतनी सच्चाई नहीं दिखती। कई राजनीतिक दल इसे भारत के संघीय ढांचे पर हमला मानते हैं। इसको लेकर विशेषज्ञों में राय बंटी हुई है। एक तरफ जहां पूर्व चुनाव आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति इसके समर्थन में हैं, तो वहीं एसवाइ कुरैशी खुल कर इसका विरोध कर रहे हैं।

1967 तक देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए, परंतु उसके बाद कुछ राज्य सरकारों को बर्खास्त करने के बाद हालात बदले। विभिन्न केंद्र सरकारों द्वारा अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल कर एक के बाद एक कई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया गया।

लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गयी सरकार को बर्खास्त करने के लिए 1959 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पहली बार इसका इस्तेमाल किया था, जब केरल की कम्युनिस्ट सरकार को हटा कर राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। 1966 से 1977 के बीच इंदिरा गांधी ने 39 बार इसका इस्तेमाल अलग-अलग राज्य सरकारों को बर्खास्त करने के लिए किया। इस कारण राज्यों के चुनाव समय से पहले कराने पड़े। केंद्र में गठबंधन की सरकार गिरने के बाद भी कई बार चुनाव समय से पहले कराने पड़े।

एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा देश की राजनीतिक प्रक्रिया में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसको अमल करने में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी, जिसके लिए केंद्र सरकार के पास लोकसभा और राज्यसभा, दोनों में दो तिहाई बहुमत होना जरूरी है। इसका सीधा मतलब है कि दोनों सदनों में समर्थन जुटाने के लिए विपक्ष का समर्थन चाहिए होगा, जो कि अभी के हालत में संभव नहीं लग रहा। अगर सभी चुनाव एक साथ होते भी हैं, तो उसके बाद भी कई चुनौतियां हैं। यदि केंद्र की सरकार दो साल बाद गिर जाये, तो क्या अगला चुनाव सिर्फ तीन साल के कार्यकाल के लिए होगा या सभी राज्यों में फिर से चुनाव कराये जायेंगे? यदि किसी राज्य की सरकार पांच साल के अंदर दो बार गिर गयी, तो क्या चुनाव दो बार कराये जायेंगे?

एक चुनाव को लागू करने से पहले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि राज्य सरकारों के संचालन में केंद्र का दखल कम हो, भले ही इसके लिए अलग कानून बनाना पड़े या अनुच्छेद 356 में कुछ संशोधन करना पड़े। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जब सभी चुनाव एक साथ होने लगे, तो फिर कभी ऐसी स्थिति न आये, जैसी अभी है।

इन चुनौतियों के बावजूद एक साथ चुनाव कराना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपाय हो सकता है, जो भारतीय लोकतंत्र की मजबूती को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।

(लेखक आइटी प्रोफेशनल एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं। लेख में व्यक्त विचार निजी हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

पत्रकार की बेटी ने जन्म दिन की खुशी ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के साथ मनायी

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। देश भर में ओमेन फिजिक्स (बॉडीबिल्डिंग) में दो बार नेशनल और कई वार रीजनल प्रतियोगिता में झारखंड का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी ने अपने जन्म दिन साकची स्थित आशिर्वाद भवन के ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के बीच मनाने का निर्णय लिया। मंगलवार को श्रेया ने अपने माता पिता के साथ ओल्ड एज होम में केक कटिंग कर हर्ष उल्लास के साथ जन्म दिन की खुसी मनायी। वही उन्होंने अपनी जन्मदिन पर सभी बुजुर्गों के बीच फल फ्रूट्स का वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त की। मौके पर बुजुर्गों ने भी श्रेया को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। लौहनगरी जमशेदपुर के रहने वाली पत्रकार की बेटी श्रेया ने सिक्किम और पूरी में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राज्य का नाम रोशन की। हाल ही दिसंबर 2023 में रांची में आयोजित प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाई। जीत की खुसी में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी,जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय सहित कई संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने श्रेया अधरजी को शॉल व गुलदस्ता भेट कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया आज पहली वार जन्म दिन पर ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के आशीर्वाद मिलने से काफी मन में आनंद व शांति मिली है। इससे बड़ा खुशी और कुछ भी नहीं हो सकता है। उन्होंने युवाओं से अपने माता-पिता और दादा दादी के सुख दुख में हर संभव सेवा भाव से साथ खड़े रहने की अपील की।

टाटा स्टील यूआइएसएल ने बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर की जन सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने सरायकेला खरसावां जिले में विद्युत दरों में बढ़ोतरी को लेकर एक बार फिर से ग्राहकों को अनुरोध किया। मंगलवार को आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने इस आवेदन पर जनसुनवाई की तिथि निर्धारित के लिए जन सुनवाई पूरी की। मौके पर झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से चेयरमैन जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता, लीगल मेंबर महेंद्र प्रसाद और टेक्निशियन मेंबर अतुल कुमार व टाटा स्टील यूआईएसएल की ओर से जीएम वीपी सिंह मौजू रहे। टाटा स्टील ने जमशेदपुर में वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए टू अप और वर्ष 2023-2024 के साथ 2024-2025 के लिए वार्षिक आय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टैरिफ की मांग की थी। इसके पूर्व टैरिफ 2023 नवंबर में महंगा हुआ था। टाटा स्टील यूआईएसएल ने फिर से चार महीने बाद टैरिफ में बढ़ोतरी की मांग की। वैसे आदित्यपुर में नयी दर लागू होने पर घरेलू ग्रामीण के लिए 3.15 प्रति यूनि,शहरी के 3.41 प्रति यूनिट,घरेलू एचटी 3.26 प्रति यूनिट, सिंचाई एवं कृषि के लिए 3.90 प्रति यूनिट समेत अन्य के लिए भी बढ़े हुए दर से भुगतान करना होगा।

बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर बरहेट से निकली भव्य शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

बरहेट । बरहेट प्रखंड शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में किया गया है। इसके पूर्व मंगलवार को विराट कलश शोभा यात्रा निकाली गयी. जिसमें सैकड़ों महिलाओं तथा कन्याओं ने भाग लिया। भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से विराट शोभा यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा के पूर्व विधि-विधान पूर्वक पूजा की गयी। 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ बुधवार और गुरुवार को होगा, जिसके तहत प्रथम दिन मंगलवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। गुमानी नदी के तट पर कलश में जल भरकर कलश शोभा यात्रा बाजार के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण पहुंची. कलश शोभायात्रा समापन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया. वहीं संध्या के समय संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ के मौके पर विराट पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया है। गायत्री यज्ञ के प्रथम दिन बुधवार को 8:00 बजे से देव आह्वान, 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार के साथ-साथ संध्या युग संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित की गयी है। मौके पर सत्यनारायण भगत, अजय भगत, विपिन गुप्ता, रितेश गुप्ता, पारसनाथ गुप्ता, मुकेश गुप्ता, त्रिबेनी पंडित, गायत्री परिवार के महिला मंडल के सदस्य मौजूद थीं।

राजनगर के चापड़ा में अफीम की खेती

आजाद सिपाही संवाददाता

राजनगर। सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर स्थित डुमरडीहा पंचायत क्षेत्र के चापड़ा गांव में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती करने का मामला प्रकास में आया है। क्षेत्र के भोले भाले किसान माफि यों के इशारे पर अब सैकड़ों हेक्टेयर जमीन में पारंपरिक खेती छोड़ अफीम की खेती कर अपनी आय दुगनी करने में जुटे हैं। मंगलवार को राजनगर में अफीम की खेती का यह पहला मामला प्रकास में आया है। अफीम की खेती से ऐसा प्रतीक होता है सरायकेला खरसावां जिले में जिलाप्रशासन का खुफिया तंत्र पूरी तरह से विफल है। वैसे ग्रामीणों के माने तो उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं है वे किस फशल की खेती कर रहे है इससे उन्हें क्या फायदा व नुकसान है। वहीं कैमरा देख कई ग्रामीण वहां से भाग खड़े हुए। हालांकि राजनगर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गृह क्षेत्र है। वैसे अबतक कुचाई क्षेत्र में अफीम की खेती होती थी, लेकिन अब अफीम माफियों ने राजनगर को नया ठिकाना बना लिया है। यहां के किसानों ने अपनी आय दुगनी करने का जो रास्ता चुना है निश्चित तौर पर क्षेत्र के युवाओ पर इसका असर पड़ने का अनुमान लगाया जा सकता है। ससमय इस पर कार्रवाई नहीं की गयी तो नशा के कारोबार से बचाने के लिए जिला प्रशासन को काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है।

होली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधान सभा के सोपोडेरा न्यू शिव मंदिर जूनियर क्लब द्वारा उत्तरी छोटा गोविंदपुर पंचायत के शेषनगर में स्थानीय महिलाओं द्वारा और परसुडीह ग्वालापट्टी में स्थानीय लोगों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित होली मिलन समारोह में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने अबीर का टीका लगाकर क्षेत्र वासियों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा रंगों का त्योहार होली हर किसी के दिल में प्रेम संदेश भरता है। होली समाज और मोहल्ले मे आपसी प्रेम को बढ़ाता है। समाज को भाईचारा के साथ जीने की सीख भी देता है। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्या पूर्णिमा मल्लिक, जिला परिषद सदस्य परीतोष सिंह, पूर्व ज़िला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, झामुमो नेता मिथुन चक्रवर्ती, प्रदीप गुहा, माणिक मल्लिक, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, मुखिया बसंती गुप्ता, मुखिया अरुणा एक्का, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, मीना देवी, शिवलाल लोहरा, लक्ष्मण मुंडा, विमल पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

संपर्क, संवाद और समन्वय पर दें जोर,बचे कार्यों को शीघ्र करें पूरा : सांसद

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। भाजपा की राष्ट्रव्यापी अभियान में लोगों का उत्साह दिखने लगी है। लाभार्थी संपर्क अभियान महानगर के चारों विधानसभा के विभिन्न मंडलों में जारी है। मंगलवार को पुर्वी व पश्चिमी विधानसभा में अभियान के सफल क्रियान्वयन, समीक्षा और सुझावों को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक साकची जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई।महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांसद विद्युत वरण महतो, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू,भाजपा जिला पदाधिकारी, अभियान के जिला सह संयोजक नीरज सिंह, मंडल संयोजक एवं सह संयोजक मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में अभियान की वर्तमान स्थिति पर मंडल अध्यक्षों के संग विस्तृत चर्चा कर अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में लाभार्थी संपर्क अभियान को तेज करने और बूथ स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने लाभार्थियों के फोटो, उनके अनुभवों के वीडियो को सोशल मीडिया, नमो एप एवं सरल एप पर अपलोड करने का आह्वान किया।

25 सदस्यीय टीम देवघर के लिए रवाना

गढ़वा (आजाद सिपाही)। 17वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 20मार्च से 22मार्च 2024तक देवघर के कुमैठा स्टेडियम में आयोजित किया गया है। इसमें भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की 25 सदस्यीय टीम शक्ति पुंज एक्सप्रेस से देवघर के लिए रवाना हुई टीम का कोच शैलेंद्र कुमार और मैनेजर पूजा कुमारी को बनाया गया हैं। टीम में अंडर 14,16, 18, और अंडर 20 के बालक बालिका भाग ले रहे है। टीम को बधाई देने वालो में मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शिवकुमार पांडेय उपाध्यक्ष नसीम अख्तर सचिव आलोक मिश्रा कोषाध्यक्ष अजयकांत सहसचिव सुशिल कुमार तिवारी, लक्ष्मण राम, बिकाश पांडेय, ओमप्रकाश गुप्ता आदि अन्य शामिल थे।

नॉर्थ ईस्ट ओलंपिक गेम्स के लिए शैलेंद्र पाठक बने को- कंपटीशन मैनेजर

गढ़वा (आजाद सिपाही)। दिनांक 18 से 23 मार्च 2024 तक नागालैंड में आयोजित थर्ड नॉर्थ ईस्ट ओलंपिक गेम्स 2024 में आयोजित होने वाले ट्रेडीशनल रैसलिंग स्टाइल के बेल्ट रेसलिंग फ्री स्टाइल और क्लासिक स्टाइल के लिए गढ़वा झारखंड के शैलेंद्र पाठक को नागालैंड ओलंपिक एसोसिएशन ने को कंपटीशन मैनेजर के रूप में नामित करते हुए आमंत्रित किया है। इस उपलब्धि पर श्री पाठक ने कहा कि यह बरसों के कड़ी मेहनत का फल है, तथा हमारे खेल संघ के सभी साथियों की शुभकामनाएं है, बताते चलें की श्री पाठक यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (वह्ह) कुश्ती के अंतरराष्ट्रीय रेफरी भी है, श्री पाठक के उपलब्धि पर स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उपयुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा उमेश लोहरा, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला, राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, कुश्ती संघ के विजय केसरी, डॉक्टर उमेश सहाय, मनीष केसरी, पंकज केसरी, कमलेश गुप्ता, उदय नारायण तिवारी, गढ़वा ओलंपिक संघ महासचिव आलोक मिश्रा, अरविंद कुमार, जगन्नाथ राम इत्यादि सभी खेल संघ के साथियों ने बधाई दिया है। उक्त जानकारी जिला कुश्ती संघ गढ़वा के सचिव चंद्र बहादुर सिंह ने दी।

पांच उच्च विद्यालयों को अपग्रेड किये जाने पर हर्ष



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच उच्च विद्यालयों को शिक्षा विभाग द्वारा 10 +2 उच्च विद्यालय में अपग्रेड किये जाने पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही को बधाई दी है। जिन उच्च विद्यालय को टेन प्लस टू में अपग्रेड किया गया है, उनमे भवनाथपुर भवनाथपुर प्रखंड स्थित हाई स्कूल झगराखांड़, केतार प्रखंड के हाई स्कुल छाताकुंड, धुरकी प्रखंड के हाई स्कूल अम्बाखोरिया, श्रीबंशीधर नगर के हाई स्कूल हलिवंता और डंडई प्रखंड के हाई स्कुल जरही का नाम शामिल है। इसकी जानकारी देते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने बताया कि 15 मार्च को शिक्षा विभाग ने इसे लेकर स्वीकृति दे दी है। कहा की कड़ी मेहनत और संघर्ष से प्लस टू उच्च विद्यालय में अपग्रेड कराने में कामयाबी मिली है। बताया कि अब इन क्षेत्रों के बच्चों को इंटर की पढ़ाई करने घर से दूर जाना नहीं पड़ेगा। इस सफलता के लिए क्षेत्र की जनता को इस मिशन में साथ देने के लिए बधाई देता हूं।

नव साक्षरता आकलन सह जांच परीक्षा संपन्न

धुरकी (आजाद सिपाही)। नव साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखंड के सभी 8 पंचायतों में आयोजित आकलन सह जांच परीक्षा संपन्न हुई, इसमें 1110 नवसाक्षरों को परीक्षा में शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें 1080 नवसाक्षरों ने परीक्षा दिया, पंचायत मुख्यालय स्थित सरकारी विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने केंद्राधीक्षक के रूप में परिक्षा कदाचार मुक्त संपन्न करायी। इस क्रम में प्रखंड के खाला खुटिया, धुरकी, गनियारी कला, टाटीदीरी, अंबाखोरेया, भंडार रक्सी पंचायत के परीक्षा केंद्रों में प्रखंड समन्वयक सीताराम देहाती ने निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्राधीक्षक फैजान आलम, अरविंद कुमार यादव, प्रभु राम, सुखमनी देवी,वीरेंद्र कुमार पांडेय, सुनील राम, आशुतोष कुमार चौबे सहित वीक्षक चिंता देवी, पंकज कुमारी, अमृता देवी, पुनीता देवी, संध्या देवी, सोनमती देवी, अनिता देवी, सावित्री देवी आदि उपस्थित थे।

सौहार्द्रपूर्ण माहौल में होली मनाने पर हुई चर्चा

मेराल (आजाद सिपाही)। शांति व्यवस्था बनाए रखने और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी विष्णु कांत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में थाना क्षेत्र में होली के अवसर पर होने वाला होलिका दहन को लेकर हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखने को लेकर भी बल दिया गया। सीओ यशवंत नायक ने वातावरण तथा आपसी भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने का अपील किया। उन्होंने लोगों से कहा कि अफवाह से बचे और किसी भी तरह की घटना होने पर तत्काल प्रशासन को सूचना दें साथ ही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों पर 100 मिनट के अंदर प्रशासन द्वारा करवाई किया जायेगा। प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने शेरो शायरी के साथ लोगों को आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की बात कही। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने भाईचारा और प्रेम से होली मनाने की अपील करते हुए कहा कि समाज में नफरत फैलाने की कोशिश करने वालों पर पुलिस का पैनी नजर रहेगी। बैठक का संचालन झामुमो नेता अतहर अली ने किया। बैठक में एसआई रामाकांत पांडेय, निर्भय सिंह, एएसआई सवानंद महतो, प्रकाश कुमार, दिलजान शेख, सुरेंद्र गोस्वामी, बीडीसी कृष्णा प्रसाद प्रजापति, नथुनी राम, विनोद पासवान, डॉ लालमोहन सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल प्रखंड सीमा क्षेत्र से सटे मतौली महुआ दामर निवासी बाइक सवार रामजन्म भुईया (30 वर्ष लगभग) पिता सूरज देव भुईया की मौत मतौली मोड़ के समिप किसी अज्ञात वाहन के द्वारा धक्का मार देने से घटना स्थल पर ही हो गयी।

ओड़िशा में आयोजित लायंस इंटरनेशनल के वार्षिक अधिवेशन में गढ़वा ने झटके कई पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। लायंस इंटरनेशनल 322 'ए 'का 58वां वार्षिक अधिवेशन 'परिवर्तन' बाबा जगन्नाथ की पुण्य भूमि उड़ीसा के 'जगन्नाथ पुरी' में संपन्न हुई। जिसमें लायंस क्लब गढ़वा फर्टिनिटी के विभिन्न क्लब जैसे लायंस क्लब गढ़वा विशाल, लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन, लायंस क्लब गढ़वा सिटी के सदस्य इस अधिवेशन में भाग लिए। जिसमें लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के पूर्व जिला पाल एमजेएफ लायन आर एनएस दिवाकर, एमजेएफ लायन डॉक्टर एनके रजक, लायन डॉक्टर अशोक कुमार, लायन नंद लाल प्रसाद, लायन बृजमोहन प्रसाद, लायन गिरीश कमलापुरी, लायंस क्लब गढ़वा सिटी से प्रेसिडेंट सुशील केसरी, चार्टर प्रेसिडेंट लायन विजय कुमार, कोषाध्यक्ष लायन सुनील कुमार, लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन से प्रेसिडेंट लायन विजय कुमार सोनी, जोनल चेयरपर्सन लायन उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन नीरज कुमार, लायन रवि अग्रवाल, लायन रविंद्र जायसवाल, लायन आनंद कुमार, लायन चंद्नकुमार आदि ने भाग लिया। इस अधिवेशन में जिला पाल लायन कमल जैन के नेतृत्व में पुरी के होटल 'सेवेन हिल्स' में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2024-25 के लिए लॉयन सीमा वाजपाई जिला पाल के रूप में चुनी गयी। फर्स्ट वाइस डीजी लायन संजय कुमार एवं सेकंड वाइस डीजी लायन शुभ्रा मजूमदार चुनी गयी। इस अधिवेशन में झारखंड और बिहार के लायंस क्लब के लगभग 600 सदस्य उपस्थित थे। इस अधिवेशन में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के प्रेसिडेंट सुशील केसरी को बेस्ट प्रेसिडेंट ,लायंस क्लब गढ़वा सिटी को फोटोग्राफी कंपटीशन में प्रथम पुरस्कार पीस पोस्ट कांटैक्ट में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए। इसी प्रकार लायन उमेश अग्रवाल को बेस्ट जोनल पर्सन, लायन चंदन कुमार को बेस्ट सेक्रेटरी, लायन नीरज कुमार को बेस्ट ट्रेजर का पुरस्कार प्राप्त हुआ। लायन डॉक्टर आर एनएस दिवाकर को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही गढ़वा के लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम को वृक्षारोपण के लिए अवार्ड प्राप्त हुए।

लायंस क्लब गढ़वा फर्टिनिटी को सेवा कार्यों के लिए इस अधिवेशन में काफी अच्छा स्थान प्राप्त हुआ और कई पुरस्कार प्राप्त हुए। भविष्य में भी लायंस क्लब ऑफ गढ़वा फर्टिनिटी के सदस्य 'वी सर्व' मोटो के साथ पीड़ित मानवता की सेवा में लगे रहेंगे।जय भारत, जय लायनवाद।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, गढ़वा रच रहा है इतिहास : डॉ मुकेश

ऑक्सफोर्ड स्कूल में मनाया गया तीसरा वार्षिक महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा के स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में तीसरा वार्षिक महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय ने अपना वार्षिक समारोह को सफलता पूर्वक मनाया। जिसमें ऑक्सफोर्ड शिक्षा संस्थान ग्रुप के अध्यक्ष (चेयरमैन) सह झारखंड विधानसभा के सदस्य डॉ शशि भूषण मेहता मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ मेहता, विद्यालय के निदेशक अनूप सोनी, सचिव आलोक सोनी, प्रबंधन समिति सदस्य सोनू कुमार, धीरज राज और आकाश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मुकेश रंजन सिंह ने लोगों को संबोधित किया और सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय विशेषताओं से परिपूर्ण है, बच्चों में अनुशासन, व्यावहारिकता और ज्ञान को समाहित करने में उनका विद्यालय कभी पीछे नहीं रहेगा। विद्यालय बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने विद्यालय की सारी व्यवस्थाओं को गिनाते हुए विद्यालय में शिक्षा के स्वरूप को निखारने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान वर्ग प्री- नर्सरी, नर्सरी तथा प्रेप के बच्चों ने अपने फैशन शो से लोगों को रोमांचित कर डाला, तो वहीं वर्ग प्रथम से वर्ग आठ के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के संगीत शिक्षक मंगल पांडेय के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान और राष्ट्रीय गान का अद्भुत प्रदर्शन किया, तो वहीं विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व में बच्चों ने कई नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मोहित कर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के सत्र 2023-2024 के टापर्स और एसओ एफ प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता और अन्य अलग-अलग विषयों में उत्तीर्ण प्रतियोगियों का उत्साह बढाने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त विद्यालय के कालीचरण गोस्वामी, शिक्षक सुमित सोनी, अमित सोनी, सुधांशु कुमार मिश्र, सत्यप्रकाश वर्णवाल, मंगल पांडेय, राहुल गिरी सादिया खान इत्यादि के अतिरिक्त कई गणमान्य अतिथिगण, अविभावकगण और सहकर्मीगण मौजूद थे।

ब्रह्मकुमारीज संस्था ने मनायी 88वीं त्रिमूर्ति शिवजयंती महोत्सव, निकाली कलश यात्रा

जो हम देखते है और सोचते है, उसका प्रभाव सीधा हमारे जीवन में कैसे पड़ता हैः दीदी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बीपी प्लाजा कॉलोनी, मेन रोड गढ़वाः प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से स्थानीय सेवाकेंद्र मेन रोड़, गढ़वा बीपी प्लाजा कॉलोनी में 88वीं त्रिमूर्ति शिवजयंती महोत्सव मनायी गयी। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें काफी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा दोपहर 3 बजे मुख्य सेवाकेन्द्र से स्थानीय सेवाकेन्द्र बीपी प्लाजा के बगल में राजवाटिका भवन पहुंची तथा वहां धनबाद से आयी राजयोगिनी अन्नू दीदी के द्वारा आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने ने बताया परमात्मा शिव ज्योति बिंदू है, शिवरात्रि, परमात्मा शिव का अवतरण का यादगार है। शिव और शंकर में अंतर है। दीदी ने बताया कि जो हम देखते है और सोचते है, उसका प्रभाव सीधा हमारे जीवन में कैसे पड़ता है। इसलिए अपने नजरिये और सोच को साकारात्मक बनाएं। जिससे हमारे जीवन में सदैव के लिए सुख-शांति लाया जा सका सकता है। यह ब्रह्माकुमारीज संस्था अंतर्राष्ट्रीय अध्यात्मिक संस्था है एवं जो विश्व के लगभब 145 देशों में 10 हजार से अधिक शाखाओं के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान राजयोग, मेडिटेशन तथा स्व सशक्तिकरण की निःशुल्क सेवा प्रदान करती है। राजयोग ध्यान के माध्यम से आंतरिक सुख-शांति की प्राप्ति होगी वा आनंद एकाग्रता, और मनोबल में वृद्धि होती है। सद्मार्ग में चलने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में आर के पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अलखनाथ पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। राजयोगिनी अन्नू दिदी के द्वारा ध्वजा रोहन और अन्य अध्यात्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा तथा निमित सेवाकेंद्र के बीके प्रिया बहन, बीके बरखा बहन, बीके श्वेता बहन, बीके शंभु भाई, बीके मनीषा मंजरी, बीके योगेश सिंह तथा अन्य भाई बहने द्वारा संपन्न किया गया।

राशन वितरण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

रमना। जनवितरण प्रणाली के डीलर दुकानदार विमला देवी द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरतने से बहियार खूर्द गांव के लाभुकों ने डीलर के दुकान पर जमकर हंगामा किया। इसकी सूचना मिलते ही 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र बैठा, झामुमो नेता नागेंद्र कुमार सिंह ने तत्काल आक्रोशित लाभुकों को समझा बुझकार शांत कराया। साथ ही डीलर दुकानदार से कहा कि राशन वितरण का उठाव समय पर कर लाभुकों के बीच वितरण करें, इसमें लापरवाही बरतने पर कारवाई निश्चित होगी। इस मामले में लाभुक मथुरा राम, अनिल राम, संदीप कुमार, तेतरी राम, सागर राम, देव कुमार, विकास यादव, संतोष यादव, जितनी देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, सुषमा देवी, रामशरण विश्वकर्मा, विमला देवी, प्रदीप यादव, सुरजदेव यादव, विंधाचल पासवान, राजमुणि पासवान, मथुरा राम, मनोहर पासवान, बबलू राम, अशोक यादव, प्रकाश पासवान, सुदामा राम, विनोद राम, कलावती देवी, हरिहर यादव सहित अन्य लाभुको ने कहा कि डीलर दुकानदार विमला देवी द्वारा राशन वितरण में हमेशा गड़बड़ी किया जाता है। वहीं फरवरी माह का मशीन में अंगुठा लगवाकर राशन नही देने का आरोप लगाते हुवे करवाई करने की मांग कर रहे थे।

ग्रामीणों ने कहा की हमेशा राशन मिलने से एक माह पूर्व अंगूठा लगाकर पर्ची दे दिया जाता है, उसके बाद राशन मांगने पर दुकानदार के द्वारा राशन देने से इंकार कर दिया जाता है। वहीं 20 बीससुत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी ने इस मामले को लेकर जांच कराने की मांग प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वासुदेव राय से की है। वही इस संबंध में डीलर दुकानदार विमला देवी के पुत्र ने बताया कि सब लाभुक माल ले गये, बाकी हम एमओ साहेब से समझ लेंगे। इधर एमओ सह अंचलाधिकारी वासुदेव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है गड़बड़ी पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

प्रो विवेकानंद ने इग्नू के सहायक समन्वयक पद पर योगदान दिया

गढ़वा(आजाद सिपाही)। सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय ने महाविद्यालय परिसर में संचालित इग्नु अध्ययन केंद्र में सहायक समन्वयक के रुप में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे की उपस्थिति में प्रो. उपाध्याय ने समन्वयक डॉ. अरुण कुमार तिवारी को अपना योगदान सौंपा। प्रो. विवेकानंद उपाध्याय को इस पद पर योगदान देने पर महाविद्यालय के शिक्षकों ने उन्हे बधाई दी है। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि सहायक समन्वयक के रुप में योगदान देने से महाविद्यालय में संचालित इग्नु अध्ययन केंद्र और सशक्त होगा।

एसडीओ ने बूथों का निरीक्षण कर, लोगों को निर्भीक होकर वोट करने की अपील की

केतार (आजाद सिपाही)। लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को चुनाव का पर्व, देश का गर्व कार्यक्रम के तहत अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिंघरा, डीएसपी सतेंद्र सिंह,प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी और थाना प्रभारी रोशन कुमार वार्नवाल ने केतार प्रखंड के बूथ संख्या 71,72,73 और 81 का निरीक्षण कर लोगो को जागरूक किया। एसडीओ प्रभाकर मिंघा ने बूथ पर उपस्थित ग्रामीणों से निर्भीक हो कर मतदान करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि ये हम सब की जिम्मेवारी है। महिला पुरुष सभी बढ़ चढ़ कर, बिना लोभ लालच से परे होकर मतदान करने का अपील किया। अपना अनमोल वोट का सदुपयोग करने का निर्देश दिया। वहीं डीएसपी सतेंद्र सिंह ने कहा की जो शराब, मुर्गा, साड़ी, पैसा का प्रलोभन देकर वोट खरीदने का कोशिश करें उसे कभी वोट ना करे। बिल्कुल भयमुक्त वातावरण में मतदान करें। डरने की कोई जरूरत नही है।

आरके पब्लिक स्कूल में हॉर्स राइडिंग और बच्चों के लिए स्विमिंग पुल की व्यवस्था जल्द होगी: निदेशक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय से दूर हूर गांव में अवस्थित आरके पब्लिक स्कूल में कक्षा एलकेजी से कक्षा 5वीं तक के वार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। साथ ही आज 19 मार्च 2024 को नियुक्त हुई आरके पब्लिक स्कूल हूर गढ़वा की प्राचार्य के रूप में नसरीन हक मैथ में एमएससी और बीएड की हैं। जिनके पास पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के स्कूलों में प्राचार्य का अनुभव प्राप्त करनेवाली प्राचार्या का परिचय अभिभावकों से कराया गया। विद्यालय के निदेशक सह वरिष्ठ भाजपा नेता सह समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि पांच एकड़ में फैले कैंपस में सीबीएसई से आधारित आरके पब्लिक स्कूल हूर गढ़वा इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन एक वर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बहुत जल्द विद्यालय में हॉर्स राइडिंग और बच्चों के लिए स्विमिंग पूल की व्यवस्था की जायेगी। उपस्थित सभी अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं के बीच विद्यालय की प्राचार्य के द्वारा वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किये छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय, विद्यालय के प्रशासक प्रमोद कुमार झा, विद्यालय की प्राचार्य नसरीन हक, डीके झा, राकेश तिवारी, अभिषेक पांडेय, रोशन धर दुबे, रिया, छाया कुमारी सहित अभिभावाक गण उपस्थित थे।

मंत्री के निजी कोष से चापाकल का निर्माण

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत निवासी पप्पू यादव के घर के पास बंद पड़े चापाकल का निर्माण कर चालू किया गया। ज्ञात हो कि उक्त चापाकल चैन पाईप सिलेंडर के खराबी के कारण कई महिनों से बंद पड़ा था। जिसकी जानकारी कंचनपुर पंचायत के झामुमो युवा पंचायत सचिव राजीव कुमार ठाकुर को मिलते ही उन्होंने गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्य पान निषेध मंत्री मिथिलेश ठाकुर से संपर्क स्थापित कर बंद पड़े चापाकल को उनके निजी कोष से पाइप सिलेंडर और चैन मिस्त्री तत्काल बनाया गया। इस मौके पर झामुमो रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, कंचनपुर युवा पंचायत अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार भुईया, युवा पंचायत सचिव राजीव ठाकुर, सूरज रजक, झामुमो पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

छात्र छात्राएं घर की रूखी सूखी खाकर भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे : प्रिंस

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा के जमा दो उच्च विद्यालय में उत्क्रमण पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने खुशी व्यक्त की है। कांडी इकाई के नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं के हित में इसे सकारात्मक व प्रशंसनीय कार्य बताया है। कहा कि अब यहां के छात्र छात्राएं घर की रूखी सूखी खाकर भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। आस पास को मिलाकर लगभग 50 हजार की आबादी के लिए गरदाहा में उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना व संचालन निकट भविष्य में वरदान साबित होगा। गरदाहा हाई स्कूल में दूसरे प्रखंड ही नहीं दूसरे जिले के छात्र भी पढ़ने आते थे। उच्च शिक्षा की रोशनी फैलानेवाले महामानव थे स्वर्गीय महंत श्री रामचंद्र पुरी। जो बहुत सालों तक पंचायत के मुखिया भी रहे थे।

सड़क बनने पर जश्न, एक दूसरे को खिलाई मिठाई

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल क्षेत्र के चिनियां प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह पंचायत के झामुमो कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने सड़क बनने की खुशी में बम पटाखे फोड़ कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है। इस मौके पर झामुमो कार्यकता और ग्रामीणों ने बरवाडीह स्थित जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह और मुखिया पम्मी देवी के आवास पर पहुंच कर नितेश सिंह को मिठाई खिलाया। बताते चले कि गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्य पान निषेध मंत्री मिथिलेश ठाकुर के अथक प्रयास से चिनियां प्रखंड अंतर्गत पीडब्ल्यूडी पथ से बरवाडीह-सिगसिगा खुर्द-चफला-पेंदली-पेशका-दुलदुलवा-भाया-सिगसिगा पीडब्ल्यूडी पथ का चौड़ीकरण मजबूतीकरण पुनर्निर्माण कार्य 28.100 किमी जिसका निर्माण 70 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा, की खुशी में झामुमो कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने दर्जनों की संख्या में खुशी का इजहार किया है।

हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे, नेपाली शुक्ला, मनोज सोनी ज्वेलर्स दुकान और युवा नेता भोला सोनी संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खीर को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया।

खातों से निकासी और जमा में निगरानी के लिए मिला प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में सभी बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में बैंक प्रबंधकों को आदर्श आचार संहिता लागू की स्थिति में कैश की निर्धारित सीमा, कैश से संबंधित ग्राहक को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना, सी-विजिल पर आवश्यक डेटा इंट्री व संबंधित पदाधिकारियों व टीम को सूचना हेतु रिपोर्टिंग की जानकारी दी गयी। निर्वाचन के दौरान बैंक खातों से निकासी व जमा में आवश्यक निगरानी हेतु प्रशिक्षण भी बैंक प्रबंधकों को बैठक के दौरान दिया गया। सभी बैंक प्रबंधकों को सी-विजिल एप/ पोर्टल और इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम की विस्तृत जानकारी जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी द्वारा दी गयी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक नवेंदू कुमार, उत्पाद अधीक्षक, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

चतरा सीट पर प्रत्याशियों को लेकर संशय बरकरार

मुकेश कुमार सिंह

लातेहार (आजाद सिपाही)। देश भर में आम चुनाव की रणभेरी बज गयी है, लेकिन झारखंड की चतरा लोकसभा सीट अब तक अनिश्चितता के भंवर में फंसा हुआ है। भाजपा ने झारखंड की 14 में से 11 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, लेकिन चतरा और धनबाद में अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है। चतरा लोकसभा सीट तो पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि आज तक यहां से किसी स्थानीय उम्मीदवार जीत नहीं सका है। यहां के अब तक के सभी सांसद बाहरी रहे हैं, जिसकी कसक लोगों में है। इसलिए इस बार भाजपा हो या इंडी गठबंधन, उम्मीदवारों के चयन में अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है, क्योंकि यहां की जनता भी स्थानीय उम्मीदवार की मांग कर रही है।

राजनीतिक पार्टियों की इस असमंजस में स्थानीय दावेदार ताल ठोंक रहे हैं। हालांकि बाहर के कई दावेदार भी स्थानीय लोगों के संपर्क में हैं, लेकिन उनकी अलग कतार है। चतरा के लोग इस बार हर कीमत पर स्थानीय उम्मीदवार देने की मांग कर रहे हैं।

जहां तक वर्तमान सांसद सुनील सिंह का सवाल है, तो लोग कहते हैं कि उन्होंने चतरा के लिए कुछ नहीं किया है। वह पिछले 10 वर्ष से यहां के सांसद हैं, लेकिन यहां के लिए उन्होंने कभी आवाज नहीं उठायी। चतरा लोकसभा क्षेत्र में न सैनिक स्कूल है, न इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज या बेहतर डिग्री कॉलेज है। लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड में दो बड़े पावर प्लांट की सौगात मिली थी, लेकिन दोनों प्लांट बंद हो गये।

होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

हेरहंज/ लातेहार (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास ने किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी श्री दास ने होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई दी। कहा होली एक ऐसा पर्व है जो टूटे हुवे रिश्ते को जोड़ता है। होली पर्व में एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर शुभकामनाएं देते हैं। वहीं थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने कहा होली पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। अगर वैसे शरारती तत्व के लोग आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का काम करता है तो उनलोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर-उप-प्रमुख विजय उरांव, समाज सेवी रंजीत जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, समेत काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

अभिनव आनंद का अभिनंदन समारोह आयोजित

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडेय का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडेय ने सिद्धांत ज्योतिष विषय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए, वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। अभिनंदन समारोह में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय और महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा सामूहिक रूप से अभिनव आनंद पाण्डेय और उनकी माताजी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडे ने कहा कि विद्यार्थी अगर लक्ष्य बनाकर प्रयास करें तो उन्हें शीघ्र ही सफलता मिलती है व गुरुजनों की मार्गदर्शन से विद्यार्थी प्रयास करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही गौरव का विषय है कि हमारे बीच के पूर्व छात्र अभिनव आनंद पांडे ने गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपने मेहनत के कारण स्वर्ण पदक प्राप्त किया और अपने माता-पिता और पूरे महाविद्यालय परिवार का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, सनोज कुमार साहू सहित शिक्षक- शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

वरिष्ठ अधिवक्ता बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद के निधन पर शोक सभा आयोजित

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद के असामयिक निधन पर जिला बार एसोसिएशन के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। बार अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी ने कहा की बक्सी बाबू के नाम से जाने जाने वाले ब्रजकिशोर प्रसाद एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने के अलावा आम लोगों से भी खुले दिल से मिलना इनका स्वभाव था। इनके असामयिक निधन से बार एसोसिएशन को जो क्षति हुई है वह पुरी नहीं की जा सकती हैं। लंबे समय से किडनी की समस्या से जूझ रहे बक्सी ब्रजकिशोर प्रसाद ने 18 मार्च को करीब तीन बजे अंतिम सांस ली। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने उनके घर पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, अमरेन्द्र सिंह, लाल दीपक कुमार, पवन कुमार, लाल धर्मेन्द्र नाथ शाहदेव, विक्रम कुमार, नरेंद्र मिंज, पुन्नी साहू, अजय लकड़ा सहित सभी अधिवक्तागण, और सहयोगी शोक सभा में शामिल थे।

सीआरपीएफ 158 बटालियन के मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय रघु टोली स्थित सीआरपीएफ 158 बटालियन, मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 मार्च को 'सीआरपीएफ डे' मनाया गया। इस अवसर पर 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड से सलामी ली गयी। सलामी लेने के पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए कमांडेंट ने सभी जवानों और उनके परिवारजनों को 'सीआरपीएफ डे' की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में तैनात रहकर आंतरिक सुरक्षा तथा शांति को बनाए रखने के लिए दिए गए बहुमुल्य योगदान को भारत सरकार तथा देश की जनता हमेशा याद रखती है तथा सीआरपीएफ के निष्पक्ष कार्यप्रणाली की वजह से सरकार तथा जनता का भरोसा हमेशा बना रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि सीआरपीएफ को जब जहां तैनाती मिली उसने अपने कर्तव्यों को बेहद ईमानदारी और पूरी मेहनत से पूर्ण किया चाहे, होटस्प्रिंग में चीनी सैना से मुकाबला हो या फिर रण ऑफ कैच में 1965 में पाकिस्तान सैन्य ब्रिगेड से लोहा लेना हो या फिर संसद भवन पर आतंकी हमले को विफल करना हो, सीआरपीएफ के हर अधिकारी और जवान ने पूरी लगन से पूर्ण किया चाहे इसमें उसकी जान जाने का भी खतरा क्यों ना रहा। आज देश के हर कोने चाहे जम्मू कश्मीर, एनइ, एलडब्ल्यूई क्षेत्र हो या फिर सामान्य कानून व्यवस्था ड्यूटी हो या फिर आपदा प्रबंधन की बात हो सीआरपीएफ हर जगह तैनात रहती है। इस अवसर पर 158 बटालियन मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी मैसों में संयुक्त रूप से बड़े खाने का भी आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन के सभी अधिकारी/ अधीनस्थ अधिकारी व जवान एक साथ सम्मिलित हुए ।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अवैध बालू परिवहन मामला में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर ने कारवाई करते हुए बालू लदा एक ट्रैक्टर को न्यू पुलिस लाइन बक्सीडीपा के समीप से पकड़ थाना लाया। सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी पथ से अवैध बालू परिवहन करते हुए न्यू पुलिस लाइन बक्सीडीपा के समीप से प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर द्वारा बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर को रोक चालक से कागजात की मांग किया गया। परंतु चालक द्वारा बालू सम्बंधित किसी तरह का कागजात प्रस्तुत नही करने पर बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना लाया गया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि गुप्त सूचना का सत्यापन के दौरान बालू लदा ट्रैक्टर को परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। उन्होंने कहा की जब्त ट्रैक्टर व ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत नियम कार्रवाई किया जायेगा।

कोयला की लेन-देन को लेकर मारपीट निंदनीय : प्रवीन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

बालूमाथ। चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा नेता प्रवीन सिंह ने चतरा दौरे के क्रम मे बालूमाथ रुक कर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर हाल चाल पूछा। इसी कड़ी मे पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए श्री सिंह ने कहा कि माता भद्रकाली के प्रांगण इटखोरी में देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का भारतीय जनता पार्टी चतरा लोकसभा अंतर्गत बूथ के कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स देने हेतु एक सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के सभा में विरोधियों व कुछ कोयला माफियाओ ने पार्टी से हट कर बाहरी कुछ लोगों के गले में भाजपा का पट्टा डालकर सुनियोजित ढंग से कार्यक्रम में अनुशासन तोड़कर छिटपुट ढंग से विरोध करने लगे। यह भनक जब भाजपा के कार्यकताओं को लगी तो वह वैसे कोयला माफियाओ और उनके गुर्गे को उन्हें कार्यक्रम को अवरुद्ध न करने का आग्रह किया, जब वे मनमानी करने लगे तो भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चिंहित कर बाहर निकल दिया गया। जहा गुर्गे खुद आपस पैसे की हिसाब किताब को लेकर तू तू मैं मैं कर जमकर मारपीट करने लगे जो काफी निंदनीय है। ऐसे मे पार्टी को चाहिए एक समीक्षा बैठक कर कार्यक्रम मे दबंगयी करने वाले को चिंहित कर कठोर से कठोर कार्रवाई करे।

होली मिलन समारोह की तैयारी पूरी

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जय श्रीराम समिति के द्वारा होने वाली होली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सह - सम्मान समारोह की तैयारी पूरी हो गयी है। आयोजन को लेकर पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में जिला एवं नगर के पदाधिकारी संघ जिला संरक्षक की हुई महत्वपूर्ण बैठक आयोजित बैठक में नववर्ष विक्रम संवत को लेकर प्रभारी बनाने का किया गया निर्णय जिसे आज घोषणा कर दी जायेगी। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, दया सिंह, प्रदीप साहू, अनिल उरांव, अनुज कुमार, विक्की कसेरा, विनोद प्रसाद, बजरंग साहू नगर अध्यक्ष दीपक साहू समेत काफी संख्या में पदाधिकारी गण मौजूद थे।

होली पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

कुतुबुद्दीन

बारियातु (आजाद सिपाही)। होली त्योहार शांति पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम ने किया। जबकि संचालन थाना प्रभारी राजा दिलावर ने किया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्यम ने कहा कि सभी धर्म में त्योहार होता है और अपने अपने रितिरेवाज के अनुसार मनायी जाती है। अभी मुस्लिम धर्मावलंबियों का पाक महीना माहे रमजान चल रहा है, और कुछ दिन बाद होली का त्योहार है। इस लिए आप सभी पूर्व के भांति आपसी सौहार्द के साथ त्योहार को खुशी खुशी मनायें एक दुसरे के दुख दर्द मे सहयोग करें। साथ ही कहा कि होली पर्व के दिन डीजे और अश्लील व भड़काऊ गाने तथा शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा यदि किसी तरह का त्यौहार में कोई हुड़दंग करता है तो आप सभी इसकी सूचना पुलिस प्रसाशन को दे तत्काल कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। इसके पश्चात एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली का मुबारकबाद दिया पुरे परिसर होली के रंग में सराबोर हो गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, मुखिया राजिव भगत, शांति देवी, सुरेश उरांव, पंसस मो होजैफा, समाजसेवी मो कय्यूम, मो अफजल, लाल आशिस नाथ शाहदेव सहित कई जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य एवं थाना के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

विद्यालय के छात्रों ने रैली निकाल कर दिया मतदान करने का संदेश

लोकतंत्र में जनता ही देश की भाग्य विधाता : अलीरजा अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

कुडू / लोहरदगा। कुडू लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में मतदान के माध्यम से जनता देश के भविष्य को आकार देती है। असल में जनता ही देश की भाग्य विधाता होती है जो चुनाव के माध्यम से अपना प्रतिनिधि चुनती है। एक-एक मत बहुत महत्वपूर्ण है। एक मतदान से समाज और देश की दिशा और दशा बदल सकती है। सरकार गिर सकती है और बन भी सकती है। उपर्युक्त बातें प्रखंड क्षेत्र अवस्थित रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने मतदाता जागरूकता रैली में ग्रामीण मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहीं। इससे पूर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिंगी गांव के विभिन्न गली मुहल्लों से स्लोगन लिखा पंपलेट और बैनर पकड़ कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने वाले नारे लगाते हुए भ्रमण किया। रैली की अगुवाइ तरते हुए विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा कि मतदान नागरिकों का अधिकार के साथ कर्तव्य भी है। इस अवसर पर विद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल शिक्षक प्रमेश कुमार सिंह ने भी मतदान के महत्व की चर्चा करते हुए लोगों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है जो सबकी भागीदारी से बहुत खूबसूरत हो जाता है। मौके पर शिक्षक ज्याउल हक अंसारी, सरोज कुमार दुबे, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, समीना खातून, फूलमनी कुमारी, आइसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी, दशरथ कुमार, देवंती कुमारी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बिहार के विधायक का बालूमाथ में भुइयां समाज के लोगों ने किया स्वागत

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ भुइयां समाज के लोगों ने मंगलवार को बिहार के हम पार्टी के विधायक का स्वागत किया गया। भुईयां समाज के लातेहार जिला महासचिव राम कुमार भुइयां ने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर बिहार राज्य के सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रफुल्ल मांझी समाज के लोगों से मिल कर राजनीतिक चर्चा की इस दौरान प्रफुल्ल मांझी ने कहा कि हमारे समाज के लोग आज भी राजनीतिक क्षेत्र में काफी पीछे हैं जो आगे आने की जरूरत है। अगर हमारा समाज अब भी नहीं जगाता है तो हम हमेशा पीछे रहेंगे आज हमारे समाज के लोगों को जागना होगा और अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा। इस मौके पर लातेहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी तुलसी राम, अशोक मांझी, अजय भुईयां सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

डीडीसी ने जन समुदाय को मतदान के लिए शपथ दिलवायी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। उप विकास आयुक्त कार्यालय प्रखंड परिसर में लोहरदगा जिला अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनबाड़ी सहायिका का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की चर्चा की गयी और मुख्यतः स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के बारे में बताया गया कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में लोहरदगा जिला का मतदान प्रतिशत को बढ़ाना हैं तथा रंगोली के माध्यम से भी लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया ।

जिले के उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह ने सहायिकाओं से कहा कि आप गांव के एक मजबूत स्तंभ हैं और आपकी सहभागिता मतदान के प्रतिशत में निश्चित रूप से असर डालेगी और हमें आशा हैं कि इस बार हमारा लोहरदगा मतदान के प्रतिशत के आंकड़े को 90 % तक पहुंच सकेगा। उप विकास आयुक्त द्वारा उपस्थित जन समुदाय को मतदान हेतु शपथ भी दिलवायी गयी।

जिले के नगर पालिका प्रशासक जयपाल सिंह के द्वारा मतदान में युवा एवं वृद्ध लोगो की सहभागिता को विशेष जोर देने पर बल दिया गया एवं मतदान से संबंधित प्रेरणादायक गीत के माध्यम से सहायिकाओं को संबोधित किया गया।

मौके पर स्वीप वरीय पदाधिकारी-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा , स्वीप कोषांग के कर्मी स्वाति, पिरामल फाऊंडेशन, कृष्ण कुमार गुप्ता पीएमएवाई , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुडू एवं लोहरदगा सदर, तथा महिला पर्यवेक्षका उपस्थित थी।

बेमौसम बरसात से कीचड़ों में तब्दील हुई सड़क

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिले में विगत दो तीन दिन से रूक-रूक कर हो रही लगातार वर्षा से जनजीवन बेहाल हो गया है। लोहरदगा जिले में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। मंगलवार की दोपहर बाद शुरू हुई वर्षा देर शाम होती रही। जिससे लोग घर से बाहर भी नहीं निकल सके। इस वर्षा से जनजीवन बेहाल हो गया है। वर्षा से शहरी क्षेत्र में लोग परेशान हैं। लगातार वर्षा से सड़कें जलमग्न और कीचड़ में तब्दील हो चुकी है और कई घरों में वर्षा का पानी घुस गया। वहीं ग्रामीण इलाकों में सड़कों का और भी ज्यादा बुरा हाल है।

बीडीओ ने किया क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/ लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के बुटी, भड़गांव, झलजमीरा, उगरा और अरु पंचायत स्थित विभिन्न बूथों का बीडीओ ने निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बुटी, भड़गांव, झलजमीरा, उगरा तथा अरु पंचायत के कंडरा, बुटी, झलजमीरा, दतरी, इचरी, अरु सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया।

वही बूथ निरीक्षण के क्रम में बीडीओ श्री मुर्मू ने बिजली, पानी, रैंप और शौचालय का निरीक्षण किया तथा जिन बूथों में सुविधा नही है। वैसे बूथ के बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि जिन बूथों में बिजली, पानी, रैंप, शौचालय का व्यवस्था नही है। उस पर यथाशीघ्र रिपोर्ट दें जिसे बूथ पर मतदताओं और मतदान कर्मियों के लिये सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। मतदताओं एवं मतदान कर्मियों को मतदान के दिन परेसानी न हो तथा मतदान का प्रतिशत बढ़े।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, पंचायत सचिव आरती चेरमाको, सुरजा भगत के अलावे सभी पर्यवेक्षक व बीएलओ मौजूद थे।

11 हजार करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शहरी क्षेत्र के कचहरी परिसर स्थित बने नए मार्केट की छत पर चढ़कर जिला प्रसाशन के आदेश पर लोकसभा चुनाव का होंल्डिंग बोर्ड लगा रहा 23 वर्षीय युवक अशोक कुमार साहू की मौत 11 हजार करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गयी। मृतक अशोक लक्षमन नगर का रहने वाला था। ऐसे वह मूल रूप से कुलबीर पंचायत का निवासी था। अशोक के पिता महावीर साहू झारखंड पुलिस में एसआइ के पद पर है। वर्तमान में उनका पोस्टिंग चतरा जिला में है।

घटना के बावत बताया जाता है कि मृतक अशोक कुमार साहू सदर अस्पताल में एम्बुलेंस चलाने का भी काम करता था। मगर पिछले पांच बर्षो से वह फ्लैक्स लगाने वाली एक कंपनी में पार्ट टाइम काम कर रहा था। मंगलवार को भी वह फ्लैक्स के काम पर निकला था। साथ ही लोकसभा चुनाव से संबंधित प्रचार प्रसार का होर्डिंग कचहरी परिसर स्थित बने मार्केट की चहारदीवारी के अंदर लगे बोर्ड पर लगाने हेतु चढ़ा था। अशोक होर्डिंग को लगाने के लिए जैसे ही बोर्ड के नजदीक पहुंचा, उसके सर से महज कुछ फीट ऊपर से गुजरे 11 हजार करंट प्रवाहित तार पलक झपकते उसे अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगते ही अशोक बुरी तरह झुलस गया। साथ ही तार से छूटकर जमीन की ओर नीचे आ गिरा। मगर नीचे गिरना भी उसके लिए और खतरा बन गया। वह तार से छूटने के बाद चहारदीवारी के ऊपर लगाये गये कंटीले तारो की चपेट में आता हुआ मार्केट व उसके चहारदीवारी के बीच छोड़े गये एक फीट के गेप में समा गया। जिसके बाद उसे बाहर निकलने में काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। इस दौरान डीडीसी के चालक मो जावेद ने हिम्मत का परिचय देते हुए दीवार पर चढ़कर कंटीले तारो को हटाते हुए अशोक को बाहर निकाला। देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गयी। इसके बाद आनन फानन में अशोक को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर अशोक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। भाई अमित कुमार साहू ने घटना के लिए फ्लैक्स लगाने वाली कंपनी के संचालक को जिम्मेवार ठहराया। जबकि संचालक ने जिला प्रसाशन को जिम्मेवार बताया। भाई अमित ने कहा कि जिला प्रसाशन द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु प्रचार प्रसार के लिए फ्लैक्स, होंल्डिंग व दीवार लेखन आदि का कार्य गुरु कृपा फ्लैक्स के संचालक विजय सोनी को दिया गया है। कार्य मिलने के बाद विजय सोनी द्वारा कचहरी परिसर समेत पुरे इलाके में मानक व मापदंडों को ताक पर रखकर आनन फानन में फ्लैक्स व होर्डिंग लगाने का काम किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत पोजेंगा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में पटा टांगर टोली झिकिरमा निवासी 20 वर्षीय गले डीवन खेस पिता नवेल खेस की इलाज के क्रम में मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक युवक बाइक से पालकोट बाजार आया था वापसी के क्रम में पोजेंगा पुल के समीप तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया घटना में बाइक सहित काफी दूर सड़क पर घसीटता रहा इसके बाद मोटरसाइकिल में आग लग गयी। राहगीरों ने घटना की सूचना पालकोट थाना को दी इसके बाद पुलिस युवक को उठाकर उप स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले गए जहां चिकित्सक ने जांच कर युवक को मृत घोषित कर दिया इसके बाद परिजन सोमवार की देर रात शव लेकर सदर अस्पताल गुमला पहुंचे फिलहाल शव को शव गृह रखा गया है मंगलवार को पोस्टमार्टम किया जायेगा। बताया जाता है मृतक माता-पिता का एकलौता पुत्र था घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है घटना की सूचना पर मजदूर नेता जुम्मन खान सदर अस्पताल पहुंच घटना की जानकारी लिया।

पंचायत सहायक संघ ने धरना प्रदर्शन स्थगित करने को लेकर बीडीओ को सौपा ज्ञापन

बसिया (आजाद सिपाही)। पंचायत सहायक संघ के द्वारा आहूत अनिश्चित धरना प्रदर्शन को स्थगित करते हुए पुन: योगदान देने संबधी ज्ञापन बीडीओ सुप्रिया भगत को सौपा गया। मंगलवार को पंचायत सहायक संघ के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुजुर के नेतृत्व में बसिया बीडीओ सुप्रिया भगत को एक ज्ञापन देकर कहा कि पंचायत सहायक अपनी संघ के 5 सूत्री मांगों को सरकार को अवगत कराने हेतु संघ के प्रदेश कमिटी के निदेर्शानुसार विगत 8 जुलाई 2023 से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन आहूत की गयी थी। 12 मार्च 2024 के कैबिनेट बैठक में हमारी प्रमुख मांगो के प्रति सरकार के द्वारा सकारात्मक घोषणा किये जाने के पश्चात संघ के द्वारा हड़ताल को स्थगित करते हुए पुन: अपने कार्य मे योगदान देने का निर्णय किया है। प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से पुन: योगदान देने की अनुमति देने का आग्रह किया है। ज्ञापन देने वालो में प्रखंड अध्यक्ष संजय कुजुर, परमानंद राम, अमित गोप, फनी भूषण सिंह शामिल थे।

रेड क्रॉस सोसाइटी ने अनुमंडल पदाधिकारी का स्वागत किया

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी, इकाई के शिष्टमंडल ने नव पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी सह पदेन उपाध्यक्ष सुमन्त तिर्की से शिष्टाचार मुलाकात पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। सोसाइटी के महासचिव मोहन सिंह ने जिले में चल रहे सोसाइटी के जनहित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उपाध्यक्ष ने भी सोसाइटी के जनहित कार्यक्रमों में पूरा सहयोग देने का वादा किया। शिष्टमंडल में सोसाईटी के चेयरमैन मोतीलाल अग्रवाल, कानूनी सलाहकार शमीम अख्तर (अधिवक्ता), सह सचिव नरेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अभय विश्वकर्मा के साथ कार्यकारिणी सदस्य प्रेम प्रकाश गिरि, फिदेलिस लकड़ा, बसंत मांझी, धीरज कुमार सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य का निर्वहन करें: समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में मंगलवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य का निर्वहन करे तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्दढ़ संकल्प से कोरोना जैसी महामारी से देश एवम पूरे विश्व की मदद की । उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति तक इन 10 बर्षो में जनकल्याणकरी योजना का लाभ पहुंचा है। 2014 में मोदी सरकार ने अंत्योदय का सपना पूरा किया। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्यो को पहुँचाने का काम किया। 2047 तक देश स्वावलंबी हो इस दिशा में कार्य हो रहा है। हमे मोदी का जो नारा है। अबकी बार 400 पार इसे पुरा करने के लिए सभी कार्यकताओं को लोहरदगा लोक सभा की जीत सुनिश्चित करना होगा। पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता को यह रणनीति बनाना होगा कि वोटर घर से बाहर निकलकर कैसे बूथों तक जाए ताकि हमारा जीत का लक्ष्य पूरा हो इसके लिए हमे बूथ कमिटी को मजबूत करना होगा। घर घर जाकर मोदी के योजनाओं को लोगो तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि हमे अपना जबाबदेही को समझना होगा और उसी के आधार पर अगर हम काम करेंगे तभी हम जीत पायेंगे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिजय सिंह पिंटू ने किया। मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहु, सबिंद सिंह, तेम्बू उरांव, प्रतिमा देवी, लालमोहन साहु, शिव प्रसाद साहु, अनिता बड़ाईक, जगदंबा साहु, राजकुमार गुप्ता सहित 79 बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रोफेसर विहीन हो गया केओ कालेज का अर्थशास्त्र विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कार्तिक उरांव महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपने विभाग से प्राचार्य के कक्ष तक मार्च पास कर शांति पूर्वक विश्विद्यालय के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराया। ममला यूं है कि विगत दिनों अर्थशास्त्र विभाग के डॉक्टर दिलीप प्रसाद के स्थानांतरण कर दिया जाना। छात्रों का कहना था कि महाविद्यालय में अर्थशास्त्र संकाय में बी ए एवं एम ए मिलाकर करीब 700 विद्यार्थी अध्यनरत हैं ऐसे में कुछ दिनों पूर्व विभाग के प्रोफेसर अमिताभ भारती की प्रतिनियुक्ति घाघरा मॉडल कॉलेज में कर दी गई और उसके बाद एक मात्र बचे नियमित प्रोफेसर डॉ दिलीप प्रसाद का अन्य स्थानांतरण कर दिया गया। यह मामला छात्रों एवं महाविद्यालय के लिए निश्चित रूप से हास्यास्पद एवं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना प्रतीत होता छात्रों ने प्राचार्य के द्वारा कुलपति को पत्र लिखकर या तो डॉक्टर दिलीप प्रसाद का स्थानांतरण स्थगित करने या अर्थशास्त्र विभाग में अन्य प्रोफेसर की पदस्थापना की मांग की है ताकि उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रह सके। मौके पर. अर्थशास्त्र विभाग के 250 से 300 विद्यार्थी मौजूद थे। इस संबंध में एमए सेमेस्टर 4 की रानी कुमारी ने यह कहा कि पहले भी कार्तिक उरांव कॉलेज के साथ पक्षपात होता रहा है, गणित के प्रोफेसर को यहां से 2016 में स्थानांतरण कर रांची ले जाया गया और नतीजा यह है कि आज गणित विभाग पूरी तरह से खाली है और यहां के विद्यार्थी गणित में फेल हो रहे हैं। एम ए सेमेस्टर 1 की नीतू कुमारी ने कहा कि अर्थशास्त्र विभाग में पहले से पदस्थापित प्रोफेसर अमिताभ भारती को घाघरा मॉडल कॉलेज में प्रतिनियुक्ति कर दिया गया ऐसे में बचे एकमात्र प्रोफेसर प्रोफेसर दिलीप प्रसाद थे जिनका भी स्थानांतरण यहां से कर दिया गया और आज हमारे क्लास में क्लास लेने वाले कोई प्रोफेसर नहीं है।

एसडीओ ने आचार संहिता नियम का अनुपालन कराने को लेकर दिये दिशा-निर्देश

सिसई (आजाद सिपाही)। एसडीओ राजीव नीरज ने मंगलवार को प्रखंड सभागार में आदर्श आचार संहिता को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर सभी कर्मियों को क्षेत्र में लागू आचार संहिता नियम का अनुपालन कराने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी सरकारी व क्षेत्रीय कर्मियों को संपुर्ण आचार संहिता अवधि में प्रखंड क्षेत्र में 24*7 रहने और प्रतिदिन क्षेत्र में भ्रमण कर आदर्श आचार संहिता का पालन कराने और निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने और कर्मियों को क्षेत्र से अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई करने की बात कही।साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान और मतदाताओं को मतदान हेतू जागरूक करने और कार्य क्षेत्र में लगातार स्वीप कार्यक्रम चलाने की बात कही। बैठक में बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, बीपीआरओ सुमराई किंडो, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, जनसेवक, बीएलओ पर्यवेक्षक, पंचायत सचिव,जनसेवक, सहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

झारखंड हाइकोर्ट का बड़ा फैसला

प्रमोशन में आरक्षण अब से झारखंड सरकार नहीं दे सकेगी

जब तक सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार नया रूल न बना दे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रमोशन में आरक्षण के खिलाफ दायर एक मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण झारखंड सरकार आज से नहीं दे सकती है, जब तक की झारखंड सरकार सुप्रीम कोर्ट के जरनैल सिंह जजमेंट एवं एम नागराज के केस में जो गाइडलाइन दी है, उसके आलोक में नया रूल ना बना दे। प्रार्थी की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड में प्रमोशन में रिजर्वेशन नहीं दिया जा सकता है। साथ ही यह भी कहा गया था कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का रेजोल्यूशन गलत है। क्योंकि इसमें सुप्रीम कोर्ट के एम नागराज जजमेंट एवं जरनैल सिंह जजमेंट में जो गाइडलाइन दी गयी थी, उसे फॉलो नहीं किया गया है। कोर्ट ने वर्ष 2003 से चली आ रही इस याचिका को निष्पादित कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि 31 मार्च 2003 का झारखंड सरकार का रेजोल्यूशन अब इफेक्ट में नहीं लाया लाया जायेगा।

चुनाव को लेकर जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। उपायुक्त - सह - जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सूचना भवन सभागार में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक हुई। इस मौके पर उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही निर्वाचन कार्यक्रम, निर्वाचन प्रक्रिया एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों की जानकारी देते हुए आदर्श आचरण संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस दौरान उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव प्राप्त कर सामूहिक प्रयास के माध्यम से स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने की अपेक्षा की।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभा, जुलूस व रैली इत्यादि के आयोजन व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग सहित अन्य प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों की भी जानकारी दी।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं को प्रदान की जाने वाली होम वोटिंग की सुविधा और बेहतर निर्वाचन प्रशिक्षण के संबंध में की गई व्यवस्थाओं के बारे में भी बताया। इस दौरान बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन में चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए निर्धारित है। इसके लिए विधिवत रजिस्टर संधारण करना जरूरी है और न्यूनतम तीन बार व्यय लेखा का निरीक्षण कराना भी उम्मीदवार के लिए आवश्यक है। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला स्तर पर निर्वाचन शिकायत सेल 1950 भी गठित है। किसी भी शिकायत पर 24 घण्टे में अनिवार्य रूप से जांच के बाद निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। सी.विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण और आयोग के निदेर्शानुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए जरूरी प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा विभिन्न टीमों के गठन, संपत्ति विरूपण की कार्यवाही, डाक मतपत्र से मतदान की त्रुटिरहित प्रक्रिया सुनिश्चित करवाने व प्रशिक्षण स्थल पर फेसिलिटेशन सेन्टर के माध्यम से मतदान दल के कर्मचारियों को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने की भी जानकारी दी गयी।

इस दौरान सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान उपयोग में आने वाले एप्लीकेशन संचालन से संबंधित भी टेक्निकल प्रशिक्षण दी गई। जिसमें उ-ङ्घ्रै' ंस्त्रस्त्र, सुविधा पोर्टल आदि के संचालन से संबंधित भी जानकारी दी गई, वहीं ईवीएम एवं वीवीपीएटी से संबंधित भी महत्वपूर्ण जानकारी से भी सभी को अवगत कराया गया।

नदी टोली में भुइयां समाज के लोगों ने सबरी की मनायी जयंती

गुमला (आजाद सिपाही)। शहर के नदी टोली में मंगलवार को शबरी जयंती मनाई गई। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव ने किया वहीं भुईयां समाज के लोगों ने बताया शबरी माता की जयंती 24 फरवरी को ही मनाया जाता है लेकिन किसी कारण इस बार उक्त तिथि को नहीं मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नरेश उरांव ने कहा हम लोगों को सबरी माता के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। भगवान राम के प्रति शबरी के अनन्य प्रेम से लोगों को सीख लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेश उरांव,मुकेश राम, पप्पू राम, मनोज राम, राजू राम, रेखा राम, सूरज राम, लक्ष्मी राम, पोमा राम, वार्ड सदस्य अमित राम, पुष्पा देवी, सुषमा देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। रायडीह प्रखंड स्थित कूड़ो छतरपुर के महिलाओं ने मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को आवेदन सौंप कर अनुज्ञप्ति प्राप्त विदेशी शराब दुकान कूड़ो छतरपुर को स्थानांतरित करते हुए बिरकेरा पथ मांझा टोली में स्थांतरण करने की मांग की है।

उपायुक्त को दिए आवेदन में कहा है कि ग्राम कूड़ो छतरपुर में ग्राम सभा की बैठक में उक्त शराब दुकान को बिरकेरा पथ मांझा टोली में स्थांतरित करने का ग्राम सभा से प्रस्ताव लाया गया। इसके बाद कूड़ो छतरपुर की महिलाएं ग्राम सभा के आवेदन के साथ उपायुक्त को आवेदन सौंपते हुए स्थल स्थानांतरित करने की मांग की है। महिलाओं ने बताया उपरोक्त शराब की दुकान दूसरे स्थान के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त है। लेकिन काफी लंबे समय से शराब दुकान को कूड़ो छतरपुर मांझा टोली में संचालित किया जा रहा है जो नियम के विरुद्ध भी है।

वही ग्रामीणों ने बताया कूड़ो छतरपुर मुख्य सड़क पर शराब दुकान है। जिससे शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है और छेड़छाड़ की घटना भी होते रहती है। वही शराबी शराब की बोतल जहां-तहां तोड़कर फेंक देते हैं जिससे आसपास के खेतों में कांच के टुकड़े के कारण खेती बाड़ी में कठिनाई होती है। इसके अलावा शराब दुकान के नजदीक में बालिका प्लस टू विद्यालय है जिससे गांव की बच्चियों को आने जाने में परेशानी होती है। आगे बताया कि मंदिर और गिरजाघर दोनों ही शराब दुकान से काफी नजदीक है।

नियमतः आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शराब की बिक्री संवैधानिक है। उपरोक्त कारणों से शराब दुकान को पूर्व के अनुज्ञप्ति स्थल या अन्यत्र स्थनांतरण करने की मांग की है। वही ग्रामीणों ने बताया पूर्व में भी उक्त शराब दुकान के विरुद्ध कई शिकायत आई है जैसे एक्सपायरी बियर बेचना जिसमें कीड़े भी पाए गए थे। इसके अलावा ग्रामीणों की शिकायत है कि प्रिंट मूल्य से ज्यादा दामों में शराब बेचा जाता है।

पंचायत स्तरीय ग्राम सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। प्रखंड के मांझा टोली स्थित कूड़ो छत्तरपुर पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तरीय विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत के पाँच राजस्व गाँव कूड़ो छत्तरपुर, रायडीह, अरण्डा, कटकायां और केराडीह के ग्रामीण शामिल हुए। मुखिया चुंया कुजूर ने कहा कि आज के विशेष ग्राम सभा के पूर्व पांचों गांवों में ग्राम सभा का आयोजन कर विभिन्न योजना को चढ़ाया गया है। लोगों को शिकायत रहती है कि उनका योजना नहीं चढ़ाया जाता है। इसलिए चढ़ाये गये सभी योजनाओं को पढ़कर कर सुनाया गया। जिससे पारदर्शी बना रहे। लेकिन हमलोग सभी के सामने प्राथिमकता के आधार पर योजना लिया जा रहा है। जिसमें महिलाओं को जीवीकोपार्जन का जरिया मिल सके। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इसमें गौ पालन, मुर्गी पालन, सुकर पालन शामिल है। इस मौके पर उप प्रमुख दीपक कुजूर, उप मुखिया प्रतिमा टोप्पो, पंचायत सचिव आराधना कुमारी, रोजगार सेवक रेशमा प्रवीण एवं सभी वार्ड सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

समाज और राष्ट्र की प्रगति में शोध का है महत्वपूर्ण योगदान : अशोक मल्होत्रा

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। समाज और राष्ट्र की प्रगति में शोध कार्य का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। शोध कार्य समाज में व्याप्त समस्याओं का सफलतापूर्वक समाधान करता है। उक्त बातें रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के शोधकर्ता अशोक मल्होत्रा ने कही। वे रक्त समूह और व्यक्तित्व शील गुण, पर बहुत महत्वपूर्ण शोध अध्ययन किया। इस शोध कार्य का शीर्षक ह्लद रिलेशनशिप ऑफ ब्लड टाइप विथ पर्सनैलिटी ट्रेट्स, लाइफ स्टाइल एंड हेल्थ: एन एक्सप्लोरेट्री स्टडी ऑफ जनरल पापुलेशन ऑफ रांची टाउनह्व था। इस शोध कार्य को संपन्न कराने में पर्यवेक्षिका प्रोफेसर भारती राय का भी योगदान रहा । उन्होने बताया कि माता कमला देवी ने सकारात्मक रूप से उन्हे शोध के प्रति अभिप्रेरित एवं मार्गदर्शित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि अंकित कुमार ने शोध कार्यकाल के दौरान उन्हे शोध से संबंधित समस्याओं को सुलझाने में मदद की। शोध कार्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में उल्लेखित शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास की पृष्ठभूमि के लिए उनके रक्त समूह के साथ व्यक्तित्व, जीवन शैली और स्वास्थ्य को समझने में मददगार है। शोध के द्वारा शिक्षार्थियों के रक्त समूह के व्यक्तित्व के आधार पर उनके कार्य क्षमताओं और कौशलों का विकास किया जाएगा।

पलामू चेंबर ने किया सम्मानित, पलामू सांसद का अगला सत्र रचेगा इतिहास : आनंद शंकर

नयी योजनाओं के साथ अधूरे कार्य पूरे होंगे: वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के होटल ज्योतिलोक सभागार में मंगलवार को चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के नेतृत्व में पलामू चेंबर की ओर से पलामू सांसद वीडी राम को तीसरी बार भी भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री का वंदन एवं वीडी राम का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी, व्यवसायिक संगठन के एक्जीक्यूटिव सदस्य गणेश गिरी, मारवाड़ी समाज से समाजसेवी दीपू सिंघानिया, समाजसेवी नवल तुलसियान, जिप सदस्य अमित जायसवाल, चेंबर महिला शाखा की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अविनाश वर्मा, सीए जय शर्मा, सोंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायइ कमल जैन, गिरधारी गर्ग, अमिताभ मिश्रा,रिंकू दुबे, पप्पू सर्राफ व चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने शॉल उड़ाकर सांसद का अभिनंदन किया। इस दौरान व्यवसाईयों ने सांसद वीडी राम के कार्यकाल की सराहना की। कहा कि पिछले सत्र में देश के लोकसभा एवं राज्यसभा में बैठने का सौभाग्य चार आईपीएस एवं दो आईएएस अधिकारी को प्राप्त हुआ जिसमें एक हमारे पलामू के सांसद भी हैं, जो पलामू वासियों के लिए गौरव की बात है। वहीं,

सांसद वीडी राम के अभिनंदन के लिए आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य।

वीडी राम ने कहा कि पिछले कार्यकाल में पलामू-गढ़वा-रांची फोरलेन का काम शुरू कराया जो मेदिनीनगर से रांची की दूरी चार घंटा से घटकर ढाई घंटा कर देगा। कार्य प्रगति पर है। सोन नदी से पानी लाने की योजना शुरू कराई, प्रतिदिन रांची आने-जाने के लिए इंटरसिटी ट्रेन शुरू कराई, दूसरा नया कोयल पुल का निर्वाण पुरानचंद सेतु के बगल में प्रारंभ होने जा रहा है। मेदिनीनगर स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनवाया। मुंबई जाने के लिए चिरमिरी लाइन का काम अंबिकापुर की ओर से प्रारंभ कराने जैसे कई कार्य किये। इस बार जनता के आशीर्वाद से जीतने के बाद मेरी प्राथमिकता टूरिज्म कॉरिडोर, मेदिनीनगर में एयरपोर्ट निर्माण के परांत दैनिक हवाई सेवा शुरू कराना, प्रमंडल को औद्योगिक कॉरिडोर बनाते हुए उद्योग लगवाना है, ताकि युवाओं के लिए रोजगार का सृजन हो सके। स्वीकृत 20 मेगावाट सोलर एनर्जी पार्क के साथ इंडस्ट्रियल एस्टेट का निर्माण,बेंगलुरु,चेन्नई, मुंबई के लिए ट्रेन का परिचालन शुरू कराना, वन्दे भारत का परिचालन ट्रेक ट्रायल के बाद रांची पलामू होते बनारस तक प्रारंभ कराना और पलामू प्रमंडल में आईआईएम, आईआईटी जैसी संस्था को लाने का प्रयास करना प्रमुख होगा। सांसद ने कहा कि मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या जटिल है मैंने एशियन डेवलपमेंट बैंक से इस योजना को पूरी करने के लिए झारखंड सरकार को 5 वर्ष पूर्व राशि उपलब्ध करा दी है पर आज तक सरकार टेंडर पर टेंडर ही करा रही है। संसद ने अपनी बातों में प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान, चौक चौराहों का सुंदरीकरण, टैक्सी स्टैंड, महात्मा गांधी मार्ग का सुंदरीकरण कराने के लिए बधाई गी। कहा कि हमारा शहर मुस्कुरा रहा है। आगे भी शहर को खूबसूरत बनाने के लिए जितनी राशि की आवश्यकता होगी भारत सरकार नगर विकास 15वें वित्त की राशि देगा। कार्यक्रम का संचालन चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया।

उटाड़ी में महिला की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

उंटारी रोड/पलामू। जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंदुआ में 30 वर्षीय एक महिला की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान सहाना बीबी के रूप में हुई है। वह बिंदुआ निवासी कुदूस अंसारी की पत्नी थी। घटना सोमवार की रात 9 बजे के आसपास की बताई जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही मौके पहुंचे इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान और उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने शव को कब्जे में ले लिया। पुसिस की मानें तो घटना के वक्त सहाना बीबी अपने घर में अकेली थी। उसका पति चेन्नई में कार्य करता है। जबकि पुत्र मस्जिद में नमाज पढने गया था। वहां से लौटने पर अपनी मां को मृत जमीन पर देख ग्रामीणों को बताया। वहीं मौके पर पहुंची उंटारी रोड पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की हत्या धारदार हथियार से की गई है। फिलहाल हत्या के कारणों का कुछ पता नहीं चल सका है। जल्द ही हत्या का खुलासा कर हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डीसी ने रक्तदान कर शिविर का किया शुभारंभ

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में मंगलवार को एमएमसीएच परिसर स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त शशि रंजन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर व खुद रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। इसके बाद डीडीसी रवि आनंद, सहायक समाहर्ता रवि कुमार व सिविल सर्जन समेत कई अन्य ने भी रक्तदान किया। डीसी ने रक्तदान शिविर में शामिल हुए रक्तदाताओं की भूमिका को सराहनीय व नेक कार्य बताते हुए उन सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिया। कहा कि रक्तदान एक नेक कार्य है। इसमें शामिल हुए हर व्यक्ति का विशेष महत्व है। मेरी शुभकामनाएं हैं आगे भी ऐसे नेक कार्य करते रहें। प्रशासन आप सबका हमेशा सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रत्येक ब्लॉक/सीएचसी स्तर पर भी इस तरह का रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। समाचार लिखे जाने तक 19 यूनिट रक्तदान हो चुका था।

जीव विज्ञान परीक्षा में खिले छात्रों के चेहरे

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। सीबीएसई की परीक्षा पलामू प्रमंडल में सकुशल संपन्न हो गई। मंगलवार को जीव-विज्ञान विषय की परीक्षा थी। पलामू प्रमंडल के सिटी कोऑर्डिनेटर सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉ जीएन खान ने बताया कि तीनों जिलों पलामू, गढ़वा, लातेहार में कुल 11 केंद्रों पर परीक्षा हुई। पलामू जिले में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, रोटरी स्कूल चैनपुर, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल डालटेनगंज, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला पलामू, गढ़वा जिले में बीएनटी, सेंट मैरी स्कूल, बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर भवनाथपुर, डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर,लातेहार जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय लातेहार, नेतरहाट आवासीय विद्यालय लातेहार के केंद्रों पर परीक्षा थी। प्राचार्य डांस जीएन खान ने बताया कि इस दिन एमकेडीएवी डाल्टनगंज परीक्षा केंद्र पर कुल 91 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 89 परीक्षार्थी उपस्थित व दो परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। डॉ खान ने बताया कि छात्रों के अनुसार परीक्षा का प्रश्न पत्र उत्तम स्तर का था। कठिनाई स्तर को ध्यान में रखते हुए सभी तरह के विद्यार्थियों का ध्यान रखा गया था। परीक्षार्थी प्रश्न पत्र देखकर खुश थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई के मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षार्थियों की शारीरिक जांच पड़ताल के पश्चात परीक्षा कक्षा तक भेजा गया। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की व्यवस्था थी। परिणाम स्वरुप किसी भी केंद्र से कदाचार एवं अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है। सिटी कोऑर्डिनेटर ने सभी परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगी परीक्षा में जुट जाने का आह्वान किया।

बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 10 के खिलाफ मामला दर्ज

सभी आरोपितों पर लगाया गया 92 हजार का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान 10 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। जिनके खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 10 लोगों पर 92 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उनके नाम

राजू राजवंशी, अशोक राम, सुरेंद्र राम, सरोज कुमार पासवान, रामाधार प्रजापति, अजय कुमार, अरविंद राम, जानिसार अंसारी, कामेश चौहान व देवराज चौहान हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इसकी जानकारी जपला अवर विद्युत प्रमंडल के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार शामिल थे। प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापामारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शनधारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी। बताया कि इस महीने होली की वजह से 26 को लगने वाला शिविर 29 मार्च को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में लगाया जाएगा। जिसमें बिल का भुगतान समेत अन्य समस्या का समाधान किया जाएगा।

छूटे हुए मतदान कर्मियों को जीएलए कॉलेज में दिया जायेगा प्रशिक्षण

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई है। इस क्रम में मतदान पदाधिकारीयों को विभिन्न तिथियों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पुनः छूटे हुए/अनुपस्थित पुरूष मतदान कर्मियों एवं महिला मतदान कर्मियों को 20 मार्च को अंतिम रूप से मेदिनीनगर स्थित गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में सुबह 10.30 बजे में प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके लिए नियुक्ति पत्र निर्गत किया गया है। अतः उक्त तिथि को छूटे हुए/अनुपस्थित मतदान कर्मी निश्चित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं भारतीय दंड संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं, इनके दम पर लड़ूंगी चुनाव: ममता भुइयां

आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं ने किया राजद नेत्री ममता भुइंया का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। राजद का दामन थामने के बाद भाजपा की पूर्व नेत्री ममता भुइंया मंगलवार को हरिहरगंज इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं से मिली। इस दौरान राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में ममता भुइंया, उनके पति बालदेव भुइंया और जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं आस लगाई जा रही है कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पलामू संसदीय क्षेत्र से ममता भुइंया

पर दांव लगाएंगे। वहीं आइएनडीआइए गठबंधन के कार्यकर्ता पलामू संसदीय क्षेत्र से ममता भुइंया को जीत दिलाने के लिए कमर कस कर तैयार हैं। इस अवसर पर ममता भुइंया ने कहा कि चुनाव हम नहीं यहां के कार्यकर्ता लड़ेंगे। क्योंकि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत पासवान, छात्र राजद जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, छात्र प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष कुंदन भुइंया, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष राघव सिंह, झामुमो उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, पीपरा जिला परिषद ददन पासवान, मधुबाना पंचायत मुखिया राजेश चंद्रवंशी, अशोक जायसवाल, महादेव यादव,लखन यादव,बिकाश यादव,उमा यादव,बालदेव भुइंया, छोटेलाल गुप्ता, मुकेश मालाकार, प्रिंस गुप्ता,मिथिलेश यादव, सत्येंद्र यादव, सरोज यादव, उमेश यादव सहित आइएनडीआइए गठबंधन के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जमीन संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन हमारी प्राथमिकता : पंकज

हुसैनाबाद के नए अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने दिया योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। अंचल के नवपदस्थापित अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने मंगलवार को हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में योगदान दिया। जहां कर्मियों ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। योगदान देने के बाद सीओ ने कहा कि अंचल संबंधी सभी कार्यों का

निष्पादन किया जाएगा। कोई भी समस्या हो बेहिचक आकर मिलें। समस्याओं का निदान किया जाएगा। जनता के साथ मित्रवत व्यवहार कर जमीनी विवाद को खत्म करने का प्रयास करेंगे एवं राजस्व में वृद्धि करना उनका मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों के कारण कर्मियों की काफी व्यस्तता बढ़ गयी है। चुनाव के बाद जमीन संबंधी सभी कार्यों को गति दिया जाएगा। विदित हो कि सीओ का प्रभार बीडीओ के अधीन था। अब सीओ मिल जाने से प्रखंड के लोगों को काफी सहूलियत होगी। मौके पर अंचल निरीक्षक औसाफ अहमद खां, अंचल सहायक कामेश्वर पहाड़िया, संतोष कुमार रवि, अंचल अमीन कृष्णा मांझी, राजस्व उपनिरीक्षक कौशिक कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर सूर्य प्रताप आदि मौजूद थे।

संकल्प महिला समिति ने जरूरतमंदों के बीच होली में बांटे साड़ी और रंग-गुलाल

कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास क्लब के प्रांगण में मंगलवार को दीक्षा महिला मंडल एवं संकल्प महिला समिति के सदस्यों द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत होली त्योहार पर 25 गरीब महिलाओं के बीच साड़ी, रंग, गुलाल और मिस्ठान का वितरण किया गया। मौके पर संकल्प महिला समिति कतरास क्षेत्र की अध्यक्षा भारती महापत्रा, पूनम सिंह, रेखा कुमार, आशा सांडिल्य, बीना चौधरी, रेणु सिंह, कंचन सिंह, नंदिनी शर्मा थीं।

राष्ट्रीय कायस्थवृंद ने दिव्यांग स्कूल के बच्चों के साथ मनायी होली, दिया उपहार

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। कायस्थों की अग्रणी संस्था राष्ट्रीय कायस्थवृन्द की ओर से इस वर्ष भी मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों ने अजीडीह स्थित दिव्यांग स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच होली का त्योहार मनाया। इस दौरान संस्था की ओर से सभी बच्चों को अल्पाहार व उपहार भेंट किया गया। वहीं, स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अगुवाई राष्ट्रीय कायस्थवृन्द के जिलाध्यक्ष एमके वर्मा और जिला सचिव संजीव सिन्हा सज्जन ने की। जिसमें संस्था के त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी, राजेश कुमार, संजीव रंजन सिन्हा आदि मौजूद थे।

बीसीसीएल सीवी एरिया के जीएम से मतदान केंद्र में बुनियादी सुविधा मुहैया कराने की मांग

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। बीडीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी मधु कुमारी ने बीसीसीएल सीवी एरिया के जीएम से प्राथमिक विद्यालय लायकडीह कोलियरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 366, 367, 368 व 370 में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। वहीं चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व प्रखंड निर्वाचन कोषांग प्रभारी प्रमोद कुमार झा ने उक्त मतदान केंद्र का मंगलवार को निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं यथा शौचालय, रैंप, बिजली, पानी आदि का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें कुछ कमियां पाई गई। रिपोर्ट के आधार पर बीडीओ ने जीएम से बूथों में सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

ऑटो में मारपीट, पुलिस ने किया जब्त

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 9 आश्रयगृह आंगनबाड़ी केंद्र के समीप ऑटो में सोमवार की देर शाम अंधेरे में एक युवक व युवती बात कर रहे थे। तभी किसी बात को लेकर आपस में मारपीट हो गई। इसके बाद लड़की ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। तभी दोनों ऑटो छोड़ कर फरार हो गए। स्थानिए लोगों ने इसकी सूचना चिरकुंडा पुलिस को दी खबर पाते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई। साथ ही ऑटो को जब्त कर थाना ले गई। स्थानिए युवक परशुराम सिंह ने बताया कि शाम ढलते ही आश्रय गृह के पास नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। असमाजिक तत्व काफी संख्या में रहते हैं और नशे का सेवन करते हैं। इस लिए वहां लाइट की व्यवस्था व पुलिस गश्ती की मांग की गई।

स्पोर्ट्स

आइपीएल 2024 एजिशन 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है। इस साल ज्यादा स्टीक रिव्यू और निर्णय लेने के लिए लीग में स्मार्ट रीप्ले सिस्टम इस्तेमाल किया जाएगा।टीवी अंपायर के साथ ही ह्रक-आइ ऑपरेटर भी बैठेगें।

स्पिलट स्क्रीन का ऑप्शन भी होगा, जल्दी मिलेंगे निर्णय, 22 मार्च से हो रहा आइपीएल का आगाज

आइपीएल 2024 में दिखेगा स्मार्ट रीप्ले सिस्टम, टीवी अंपायर के साथ बैठेंगे हॉक-आई ऑपरेटर

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) का 2024 एडिशन 22 मार्च से शुरू होने वाला है। इस साल ज्यादा सटीक रिव्यू और निर्णय लेने के लिए लीग में स्मार्ट रीप्ले सिस्टम इस्तेमाल किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो स्मार्ट रीप्ले में ज्यादा स्पिलट स्क्रीन (एक स्क्रीन में एक से ज्यादा फ्रेम) और बेहतर फ्रेम रेट होगा। स्मार्ट रीप्ले सिस्टम से टीवी अंपायर को हॉक-आई ऑपरेटरों से सीधे इनपुट मिलेंगे, जो वेन्यू के चारों ओर आठ हॉक-आई हाई-स्पीड कैमरों से कैप्चर की गई फुटेज में मदद करने के लिए एक ही कमरे में बैठे होंगे।

बीसीसीआइ ने दी अंपायर्स को दो दिन की ट्रेनिंग

बीसीसीआइ ने नई तकनीक को लेकर चुनिंदा अंपायरों के लिए रविवार और सोमवार को मुंबई में दो दिन की वर्कशॉप आयोजित की। यह पता चला है कि लगभग 15 अंपायर, जिनमें भारतीय और विदेशी दोनों अंपायर शामिल हैं, 22 मार्च से शुरू होने वाले वच्छ 2024 के दौरान स्मार्ट रीप्ले सिस्टम के साथ काम करेंगे।

पिछली तकनीक के मुकाबले स्मार्ट रीप्ले में एक बड़ा अंतर यह होगा कि टीवी डायरेक्टर अब तीसरे अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटर के बीच कम्यूनिकेशन में शामिल नहीं होंगे। बतातें चलें कि इसीबी (इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड) ने पहले द हंड्रेड में इसी तरह की रेफरल प्रक्रिया का यूज किया था।

बतातें चलें कि स्मार्ट रीप्ले सिस्टम टीवी अंपायर को पहले की तुलना में ज्यादा एंगल से देखने की अनुमति देगा, जिसमें स्पिलट स्क्रीन से मदद मिलेगी। उदाहरण के तौर पर बाउंड्री पर फील्डर अगर कैच लेता है। पहले रिव्यू में जब गेंद पकड़ी गई, तब ब्रॉडकास्टर सटीक समय पर फील्डर के पैरों और हाथों को एक साथ नहीं दिखा पाता था, लेकिन अब नई तकनीक से, एक स्पिलट स्क्रीन पैरों के सिंक्रॉनाइज फुटेज के साथ अंपायर को दिखा सकती है कि गेंद कब पकड़ी गई थी, या कब छोड़ी गई थी।

मैच में होते है आठ हॉक-आई कैमरा

किसी भी मैच में आठ हॉक-आई कैमरे होते हैं। मैदान के दोनों तरफ सामने की ओर दो-दो और विकेट के दोनों तरफ स्क्वॉयर की दिशा में दो-दो कैमरे होते हैं। आइपीएल 2023 तक हॉक-आई कैमरों का इस्तेमाल मुख्य रूप से बॉल ट्रैकिंग और अल्ट्राएज के लिए किया जाता था, इसलिए, छइह और अल्ट्राएज की जांच के अलावा, ब्रॉडकास्टर ने बड़े पैमाने पर किसी भी ऑन-फील्ड रेफरल के लिए अपने खुद के कैमरे से फुटेज का उपयोग किया। इसमें स्टंपिंग, रन-आउट, कैच और ओवरथ्रो के रेफरल शामिल थे। अब स्टंपिंग के लिए नई तकनीक टीवी अंपायर को तीन एंगल दिखाएगी। अनिवार्य रूप से साइड-ऑन कैमरों के साथ-साथ एक ही फ्रेम में फ्रंट-ऑन से फुटेज दिखाया जाएगा। फ्रंट-ऑन कैमरा एंगल महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हटाए जा रहे बेल्स की सटीक तस्वीर देता है। पहले ब्रॉडकास्टर स्टंप कैम के फुटेज के साथ एक तरफ से साइड-ऑन फुटेज दिखाता था। स्टंप कैम लगभग 50 फ्रेम्स पर सेकंड की कम गति पर रिकॉर्ड करता है, जबकि हॉक-आई कैमरे लगभग 300 फ्रेम प्रति सेकंड पर रिकॉर्ड करते हैं, जिसका अर्थ है कि अब अंपायरों के लिए अपने निर्णय को आधार बनाने के लिए अधिक सटीक फुटेज होंगे।

श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव पर निकली भव्य निशान शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार/झरिया। आजा कलयुग में लेके अवतार ओ गोविंद.., श्री राधे-राधे राधे बरसाने वाली राधे.., मेरे दिल में बस गयो श्याम जपो री माला री.., होलिया में उड़े रे गुलाल.. जैसे भक्ति गीतों पर थिरकते श्याम भक्तों ने झरिया का माहौल मंगलवार को श्याममय कर दिया। श्याम भक्तों ने जमकर अबीर व गुलाल उड़ाए। मौका था झरिया लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन निकाली भव्य निसान शोभा यात्रा का। एक वाहन में प्रभु श्याम की झांकी निकली गई। प्रभु श्याम के शहर में जयकारे गूंजते रहे। सुबह 10 बजे श्री श्याम मंदिर में पुजारी ने निसान पूजा की। इसके बाद 10 हजार से अधिक भक्तों ने निसान लेकर शहर की परिक्रमा की। मंदिर में बाबा के चरणों में निसान अर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मिलन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं, निसान शोभा यात्रा में शामिल श्याम भक्तों की सेवा के लिए समाजसेवी संगठन आतुर थे। शोभा यात्रा में झूमते, गाते महिलाओं ने अपनी तस्वीर सेल्फी में कैद किया। श्री श्याम निसान शोभा यात्रा में विधि-व्यवस्था बनाने के लिए झरिया पुलिस साथ-साथ चल रही थी। चार नंबर मोड़ से बाजार जाने के लिए वाहनों पर पांच घंटे तक रोक लगा दी गई थी। विधि-व्यवस्था को बनाए रखने में शांति समिति के सदस्य का भी अहम योगदान रहा।

धार्मिक अनुष्ठान में राजनीतिक झंडा या पोस्टर का उपयोग ना करें: बेरमो सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो/बेरमो। होली एवं रमजान पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बेरमो थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बेरमो सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजित कुमार ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न संप्रदायों के लोग मौजूद रहे। जहां त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर चर्चा की गयी। बेरमो सीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसे देखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही रंगों के इस पावन त्योहार में हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। आचार संहिता को देखते हुए किसी धार्मिक अनुष्ठान में राजनीतिक झंडा या पोस्टर का उपयोग ना करे। इस दौरान थाना प्रभारी अशोक कुमार ने मौके पर मौजूद शांति समिति के सदस्यों से आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ रंगोत्सव मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक में आए सभी लोगों की बातों को सुना। कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए प्रशासन हर संभव मदद को तैयार है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले लोगों पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ हुडदंगियो पर विशेष नजर रहेगी। लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देने के साथ किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर प्रशासन को सूचित करने की अपील की। यहां फुसरो नप के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, ईओ गोपेश कुंभकार, पूर्व पार्षद भरत वर्मा, वरीय नेता गिरजा शंकर पांडेय, महेंद्र विश्वकर्मा, मो कलाम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, भाई प्रमोद सिंह, कैलाश ठाकुर, शरण सिंह राणा जसीम राजा उर्फ गुड्डू, सुशांत रायका, जितेंद्र सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार दिये। बैठक में युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार, मो रईस आलम, गुलशन मिश्रा, साहिल सिंह, मो महबूब, नवल किशोर सिंह, कुमार निशांत, बेरमो थाना के अनूप नारायण सिंह, लक्ष्मण चौधरी, विक्रांत कुमार आदि मौजूद थे।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शराब की सबसे बड़ी जब्ती

उत्पाद विभाग की छापामारी 4 लाख की अवैध शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/धनसार। लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो चुकी है। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी रेस हो गए हैं। वाहनों की जांच से लेकर शराब तस्करी के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार को जोड़ाफाटक स्थित एक आवास में छापामारी कर करीब चार लाख रुपये मूल्य का अवैध शराब बरामद किया। उक्त जानकारी उत्पाद विभाग के अधिकारी ने धनबाद स्थित कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर दी। इस मौके पर अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार गुप्ता, कुलदीप कुमार, जोय हेंब्रम, श्वेता कुमारी आदि उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि धनबाद डीसी के निर्देश पर लोकसभा एवं होली को ध्यान में रखते हुए उक्त छापामारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जोड़ा फाटक स्थित मनोज साव के आवास को किराए पर लेकर अप्पू सिंह नामक व्यक्ति संदिग्ध एक्टिविटी का संचालन कर रहा था। छापामारी में करीब 864 लीटर शराब जब्त की गई है। जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य चार लाख रुपये आंकी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि उक्त शराब अरुणाचल प्रदेश में बिक्री की जाती है जिसे झारखंड में बिना अनुबंध के बेची जा रही थी। इससे राज्य सरकार को राजस्व की भी क्षति हो रही थी। बताया गया कि चुनाव व होली को लेकर आगे भी छापामारी अभियान जारी रहेगी। हालांकि इस मामले में फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अनुसंधान जारी है।

अवैध शराब की पेटियों की जांच करते उत्पाद विभाग के अधिकारी-कर्मी।

होटलों के संचालक नियमों को ताक पर रखकर बेचते हैं शराब

सूत्रों की माने तो धनसार क्षेत्र में दर्जन होटलो में सरकार के नियमों को ताक पर रखकर शराब की बिक्री की जाती है। होली को लेकर होटल संचालक पहले से ही शराब के स्टॉक कर रखे हैं। जिसे होटल संचालक होली के दिन ऊंचे मूल्य पर बेचने के फिराक में है। कई बार होटल में शराब के ऊंचे मूल्य को लेकर मारपीट तक हो चुकी है।

झरिया में शराब पीने से युवक की मौत

झरिया के नई दुनिया में धड़ल्ले से चल रहा अवैध महुआ शराब का कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। थाना क्षेत्र के हैटलीबांध गली में अवैध शराब पीने से 27 वर्षीय एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान मोहमद सोनू के रूप में हुई है। वह शमशेर नगर का रहने वाला था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना झरिया पुलिस को दी। कुछ समय के बाद झरिया थाना के एसआई भुनेश्वर उरांव दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। एएसआई ने बताया कि सूचना मिली थी हेटलीबांध गली में एक युवक का शव पड़ा हैं। जिसकी पहचान हो चुकी है। मृतक के पिता के अनुसार युवक की मौत शराब पीना से हुई हैं। पिता की मानें तो सोनू अत्यधिक शराब पीता था। उसे कभी-कभी दौरा भी पड़ता था जिसके कारण उनके बेटे की मौत हुई हैं। बता दे कि कुछ महीना पहले ही नई दुनिया में महुआ शराब पीने से युवक की मौत हो गई थी। चर्चा है कि नई दुनिया में अवैध महुआ शराब धड़ल्ले से चल रहा हैं।

एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड की शुरुआत, कई सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र में प्रत्येक तिमाही (क्वार्टर) के दौरान विशिष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड स्कीम की शुरूआत की गई है। इसके तृतीय संस्करण का पुरस्कार वितरण समारोह राउरकेला स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी, अतिरिक्त प्रभार बीएसएल अतानु भौमिक की उपस्थिति में बोकारो क्लब में आयोजित हुई। कार्यक्रम में बीएसएल के अधिशासी निदेशक, संबंधित विभागों के मुख्य महा प्रबंधक सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थिति थे। समारोह में बीएसएल और झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के कुल नौ अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। तृतीय तिमाही के एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड प्राप्त करने वालों में बीएसएल के बानिब्रत मुखर्जी, सहायक महाप्रबंधक (सीटीएस), केसी पात्रा, सहायक महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटीज), प्रवेश मिंज, सहायक महा प्रबंधक (सीईडी), रवि कुमार वर्मा, सहायक महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट), विवेक अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक (सामान्य अनुरक्षण-मैकेनिकल), रवि कुमार जायसवाल, वरीय प्रबंधक अभिषेक वत्स, प्रबंधक संतोष कुमार, प्रबंधक (एसएमएस-न्यू) एवं मनोहरपुर ओर माइंस के प्रबंधक विकाश आनंद शामिल थे। निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक ने सभी पुरस्कार विजेताओं और उनके परिवार के सदस्यों को इस अवार्ड के लिए चुने जाने पर बधाई दी। अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी ने भी इस पुरस्कार योजना के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड अधिकारियों को उत्पादन, उत्पादकता, कॉस्ट कंट्रोल और इनोवेशन से जुड़े विशिष्ट कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरुप दिया जा रहा है। सभी पुरस्कृत अधिकारियों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता के इस क्रम को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समन्वयन उप महाप्रबंधक (कार्मिक) माला रानी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक) पौशाली सेन ने किया।

पूर्वी टुंडी में हाइवा से बैटरी की चोरी

पूर्वी टुंडी (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत गोविंदपुर-साहेबगंज मुख्य मार्ग पर मोहलीडीह मोड़ के पास सोमवार की रात खड़े एक हाइवा ट्रक से चोरों ने दो बैटरी चोरी कर ली। इस संबंध में स्थानीय थाना में ट्रक चालक ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

गरीबों से गद्दारी का दिया जायेगा जवाब : राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। आसन्न चुनाव को लेकर भाकपा-माले का 'गांव चलो, जन संपर्क करो' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सदर प्रखंड के करहरबारी गांव में लोगों से संपर्क कर उनसे चुनाव के मुद्दों पर बातचीत की गई। साथ ही माले के चुनाव संघर्ष कोष के लिए घर-घर से 20 रुपया सहयोग राशि इकट्ठा की गई। इस दौरान माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, अब यह बात लोगों के सामने है कि मोदी सरकार ने बेशुमार चंदा लेने के लिए कंपनियों से दोस्ती कर देश की गरीब जनता को महंगाई, टैक्स का बोझ और बेरोजगारी की सौगात दी है। यह सरकार किसान आंदोलन को दबाने में लगी रही। इसने मजदूरों के भी वाजिब अधिकार छीन लिए। इसलिए देश की गरीब जनता अपने साथ हुई गद्दारी का मतदान के जरिए सही जवाब देगी। उन्होंने स्थानीय समस्याओं पर भी बात कर लोगों को संगठित होकर भविष्य में संघर्ष में उतरने की अपील की। साथ ही, चुनाव को भी संघर्ष का हिस्सा मानकर घर-घर से सहयोग करते हुए चुनाव में भागेदारी निभाने की अपील की। उनकी अपील पर लोगों ने माले के चुनावी संघर्ष कोष के लिए प्रति घर 20 रुपया का सहयोग देना शुरू किया और चुनाव में लाल झंडे के साथ खड़ा होने का संकल्प लिया। मौके पर संजय चौधरी, मनोज यादव, कन्हैया सिंह, राकेश मिस्त्री, संतोष मिस्त्री, फुटही राय, रामदेव राय, समीर राय, मुनिया देवी, सुमा देवी, फुलिया देवी, खुशबू देवी, हेमा देवी, देवकी देवी आदि थे।

जदयू के पिछड़ा प्रकोष्ठ बाघमारा प्रखंड के अध्यक्ष बने किशुन महतो

कतरास (आजाद सिपाही)। श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में मंगलवार को जदयू पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह भी उपस्थित थे। इस दौरान सर्वसम्मति से पिछड़ा प्रकोष्ठ बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष के पद पर किशुन महतो को मनोनीत किया गया। दीप नारायण सिंह ने किशुन महतो को बधाई देते हुए कहा कि जदयू पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार कर रही है। खासकर पिछड़ी जातियों के बीच संगठन का प्रभाव बढ़ रहा है। आने वाले समय में जदयू झारखंड में मजबूत संगठन के रूप में उभरेगी। इस मौके पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र गोप, जदयू युवा प्रकोष्ठ बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र चौहान, गौतम कुमार, लखन सिंह, चंद्रदेव यादव, स्वेत राय और भागवत पांडे आदि मौजूद थे।

मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को होना होगा जागरूक

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को जामाडोबा टाटा स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की चासनाला एवं जीतपुर कोलियरी में मतदाता जागरूकता फोरम (वीएएफ) की बैठक की गई। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक होना होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीप गतिविधियों के साथ-साथ वोटर अवेयरनेस फोरम का शुभारंभ किया है। इसके माध्यम से लोगों को अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त करने की प्रक्रिया, ईवीएम वीवीपैट के विषय में जानकारी के साथ ही अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यमों एवं कार्यक्रमों से उनको मतदाता के अधिकार एवं मतदान की महत्ता के विषय में जानकारी दी गयी। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की जागरूकता एवं नैतिक सहभागिता को विकसित करना महत्वपूर्ण पहलू है। वीएएफ का महत्व लोक तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए है। इस कड़ी में टाटा स्टील जामाडोबा, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की चासनाला एवं जीतपुर कोलियरी में संबंधित एईआरओ ने वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक कर मतदाता के अधिकार एवं मतदान की महत्ता के विषय में जानकारी दी।

टासरा के रैयतों को करना होगा पुनर्वास-मुआवजा का भुगतान : जनता मजदूर संघ

धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)। टासरा परियोजना के विस्तारीकरण के लिए 2013 में भूमि अधिगृहित की गई थी। पर रैयतों को पूर्णवास एवं मुआवजा नहीं मिला। इसे लेकर जमसं (कुंती गुट) की ओर से मंगलवार को कतरास मोड़ कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर नाराजगी जाहिर की गई। केंद्रीय सचिव रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि टासरा परियोजना विस्तारीकरण को लेकर ग्रामीणों से 16 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था जबकि अभी 22 एकड़ में उत्खनन चल रहा है। जब काम शुरू हुआ तो उस समय लेमको त्रिवेणी नामक कंपनी ने मिलकर कार्य शुरू किया था। वर्ष 2017 में कंपनी दिवालिया बताकर बंद कर दी गई। उसके बाद केटीएमपी एल नाम से दूसरी बार कार्य शुरू किया गया। इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी कंपनी वहां के ग्रामीण रैयतों की जमीन के बदले ना मुआवजा ना ही पुनर्वास की व्यवस्था की। इससे नाराज होकर जनता मजदूर संघ ने 16 मार्च को धरना प्रदर्शन किया था। पर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण धरना समाप्त कर दिया गया। चुनाव बाद जमसं आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी और ग्रामीणों का हक दिलाकर ही दम लेगा। वहीं, रैयतों का आरोप है कि वर्ष 2013 में सेल प्रबंधक शिवराम बनर्जी, निदेशक अतुल भौमिक, बीके तिवारी ने ग्रामीणों से वार्ता कर कार्य शुरू कराया था। बाद में दिवालिया घोषित कर कंपनी बंद कर दिया गया। पर उन्हीं लोगों ने नई कंपनी के नाम से फिर से उत्खनन शुरू किया है। जब तक आरएनआर के तहत पुनर्वास व मुआवजा नहीं मिल जाता आंदोलन जारी रहेगी। इस मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष संजीत सिंह, शाखा अध्यक्ष बिरजू सिंह, सचिन रमेश सिंह, विकास सिंह, दीपक सिंह, रोहित सिंह आदि थे।

कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं०...../2023–24 दिनांक.....

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का आदेश संख्या 30/2023-24, Date 13.03.2024- PR No- 322681 (District) 23-24D द्वारा निकाली गई विभिन्न प्रखण्डों में नवर्निमित गोदामों के आवंटन हेतु अति अल्पकालीन बंदोबस्ती सूचना को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, खूँटी

PR 323152 (District)23-24*D

चुनाव को लेकर बीडीओ ने किया चेकनाका-चेकपोस्ट का निरीक्षण

अनुपस्थित रहनेवाले दंडाधिकारियों को इमानदारी से ड्यूटी करने की हिदायत

आजाद सिपाही संवाददाता

बलियापुर। धनबाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बलियापुर के बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की अगुवाई में बलियापुर और सिंदरी थाना क्षेत्रों के सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल से सटे चेक नाका और चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण की गई। इस दौरान बीडीओ ने कालीपुर घाट, घड़बड़ घाट, सरीसकुंडी, टासरा घाट और सिंदरी बस्ती डोमगढ़ चेक पोस्ट सहित कुल छह स्थानों पर 24 घंटे जांच करने के लिए चेक नाका लगाया गया है। जिसमें पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनिधि की गई है। बलियापुर बीडीओ द्वारा घड़बड़ घाट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी शकील अंसारी, कनीय अभियंता प्रतिनियुक्त स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। संबंधित को फोन कर अभिलंब प्रतिनियुक्त स्थल पर स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। कालीपुर घाट चेक पोस्ट के निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी मिहिर गोराई अनुपस्थित पाए गए। सरिसाकुंडी चेकपोस्ट में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी मनोज कुमार सिंह सहायक अभियंता अनुपस्थित थे, पर संपर्क करने पर प्रतिनिधित्व स्थल पर उपस्थित हो गए। निरीक्षण के दौरान डोमगढ़ चेक पोस्ट में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी विशाल कुमार अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर उपस्थित होकर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। बीडीओ द्वारा अनुपस्थित दंडाधिकारी को अपनी निर्धारित पाली में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध जिला निर्वाचन कार्यालय को समुचित कार्रवाई की अनुशंसा कर दी जाएगी। सभी दंडाधिकारियों को पंजी संधारण करते हुए असामाजिक तत्वों, संदिग्ध वाहनों, अवैध वादक पदार्थ का परिवहन के विरुद्ध सघन जांच करने का निदेश दिया गया। इस मौके पर प्रखंड निर्वाचन प्रभारी भी उपस्थित थे।

**जिला समादेष्टा का कार्यालय,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़**

आवश्यक सूचना

लोक सभा आम चुनाव–2024 के मद्देनजर रामगढ़ जिला के प्रभावी बल के गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि जो गृह रक्षक अपना वोटर कार्ड की छायाप्रति कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराये है, वैसे गृह रक्षक दिनांक– 25.03.2024 के अपराहन् तक जिला समादेशटा कार्यालय में जमा कर दें। अन्यथा आपको तत्काल प्रभाव से विरमित कर भत्ता निकासी पर रोक लगाते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा कर दी जाएगी।

इसे अति आवश्यक समझें क्योंकि आम चुनाव के प्रति कर्त्तव्यहीनता पर आपको सेवामुक्त किया जा सकता है।

ह०/–
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़।

PR.NO.323105 Police(23-24):D

सीआइएसएफ यूनिट ने सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रव्यापी फायर यूनिट ट्रॉफी हासिल की

भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी बोंगाईगांव की केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई को अखिल भारतीय आधार पर 114 इकाइयों में से प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ अग्नि इकाई ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है । आरटीसी भिलाई में 55वें सीआईएसएफ स्थापना दिवस 2024 के दौरान सीआईएसएफ की महानिदेशक श्रीमती नीना सिंह द्वारा सहायक कमांडेंट फायर श्री एम . एस . कंदारी को यह सम्मान प्रदान किया गया । यह सम्मान अग्नि सुरक्षा और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने में एनटीपीसी बोंगाईगांव की सीआईएसएफ इकाई द्वारा प्रदर्शित असाधारण समर्पण और दक्षता को स्वीकार करता है। उत्कृष्टता के प्रति यूनिट की अटूट प्रतिबद्धता व्यावसायिकता और दक्षता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में इसके निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। यह सम्मान न केवल यूनिट कर्मियों का सम्मान करता है बल्कि सराहनीय संगठनात्मक लोकाचार और जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है। सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी बोंगाईगांव इस उपलब्धि पर बहुत गर्व महसूस करती है और उत्कृष्टता और परिश्रम के साथ सेवा जारी रखने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि करती है।

पूर्व तट रेलवे स्टेडियम में वार्षिक खेल प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न, महाप्रबंधक रहे मौजूद

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राइट्स लिमिटेड, पूर्व तट क्षेत्रीय परियोजना कार्यालय भुवनेश्वर का वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023-24 दिनांक 17 मार्च 2024 को पूर्व तट रेलवे स्टेडियम में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर, पूर्व तट रेलवे भुवनेश्वर के अपर महाप्रबंधक श्री महेश कुमार बेहरा और श्रीमती शर्मिला बेहरा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और श्री अनिल प्रकाश, राइट्स क्षेत्रीय प्रमुख, श्री महेश कुमार शर्मा, परियोजना इकाई प्रमुख एवं सभी कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। विभिन्न खेलों जैसे क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, विभिन्न दौड़, चॉकलेट दौड़, बोरी दौड़, गेंद फेंकना, कैरम, शतरंज, चम्मच और सिक्के, म्यूजिकल चेयर इत्यादि अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारों और बच्चों ने बढ़ चढ़कर उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिशमे सभी विजेता खिलाड़ियों को कप, पदक, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अंत में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ वार्षिक खेल प्रतियोगिता समारोह का सम्पन्न हुआ जिसमे सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने मनोरंजन और आनंद लिये ।

ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में उभरते भारत में सांख्यिकी की भूमिका पर संगोष्ठी

भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)। ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग में उभरते भारत में सांख्यिकी की भूमिका। एक बहुविषयक दृष्टिकोण पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई है। 18 मार्च, 2024 को कोरापुट में ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रख्यात हस्तियां और विद्वान इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने कार्यक्रम का उद्घाटन और अध्यक्षता की। इस अवसर पर कुलसचिव (आई/सी) प्रो एनसी पंडा मुख्य अतिथि थे।

दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित हवा वाली राजधानी, भारत तीसरे नंबर पर

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भारत 2023 में तीसरा सबसे प्रदूषित हवा वाला देश रहा। स्विस ऑगेर्नाइजेशन आईक्यू एयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, बांग्लादेश दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाला देश रहा। 134 देशों की इस लिस्ट में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, नई दिल्ली सबसे खराब हवा वाली राजधानी रही। बिहार का बेगूसराय दुनिया का सबसे प्रदूषित महानगर है, जबकि 2022 में इस लिस्ट में बेगूसराय का नाम भी नहीं था। 2022 में प्रदूषित हवा वाले देशों की सूची में भारत आठवें स्थान पर था। भारत में 96% लोग 7 गुना खराब हवा में सांस ले रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 1.33 अरब यानी 96% लोग ऐसी हवा में रहते हैं, जिसमें पीएम 2.5 का स्तर ढब्लूएचओ के एनुअल स्टैंडर्ड से 7 गुना ज्यादा है। वहीं देश के 66% शहरों में एनुअल ढट 2.5 का स्तर 35 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा रहा। रिपोर्ट में पीएम 2.5 कणों के आधार पर देशों, राजधानियों तथा शहरों की रैंकिंग की गई है। यह एक तरह का पार्टिकुलेट मैटर होता है, जिसका डायमीटर (व्यास) 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम होता है। यह बेहद छोटे कण होते हैं, जो हवा की गुणवत्ता को खराब करते हैं। प्रदूषित हवा से हर साल 70 लाख लोग जान गंवा रहे। ढब्लूएचओ के मुताबिक, दुनिया में हर साल प्रदूषित हवा की वजह से 70 लाख लोगों की मौत हो जाती है। वहीं मरने वाले हर 9 लोगों में से 1 की मौत खराब हवा के कारण हो रही है। आईक्यू एयर ने बताया कि इस साल का डेटा 30,000 से ज्यादा वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों और रिसर्च संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सरकारी एजेंसियों के डेटा को इकट्ठा करके जारी किया किया गया है। राजधानी दिल्ली में पिछले साल पीएम 2.5 का स्तर 1 क्यूबिक मीटर में 92.7 माइक्रोग्राम रहा। जबकि बेगूसराय में यह 118.9 माइक्रोग्राम रहा। दिल्ली को 2018 से लगातार चार बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का दर्जा दिया जा चुका है। कुछ कण इतने छोटे होते हैं कि इन्हें केवल इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप का इस्तेमाल करके पता लगाया जा सकता है। और डायबिटीज का खतरा भी बढ़ जाता है।

जिंदल स्टेनलेस ने इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण के लिए जेबीएम ऑटो के साथ साझेदारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारत में इको-मोबिलिटी क्रांति में अग्रणी भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निमार्ताकंपनी जिंदल स्टेनलेस ऊर्जा बचाने वाली हल्के वजन की 500 से अधिक स्टेनलेस स्टील इलेक्ट्रिक बसोंके निर्माण के लिए देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक बस निमार्ता जेबीएम ऑटो लिमिटेड के साथ साझेदारी कर रही है। जिंदल स्टेनलेस जेबीएम ऑटो को कम कार्बन, क्रोमियम-मैंगनीज ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील से बनी जेटी ट्यूब प्रदान करेगी। भारतीय मानक ब्यूरो विनिर्देश6911 एन7 के रूप में वगीर्कृतइस सामग्री में फिलहाल बसें बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली कार्बन स्टील की तुलना में तीन गुना अधिक ताकत है। 5000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर बुककरने के साथ जेबीएम ऑटो, अपनी इलेक्ट्रिक बसों को पहले इस्तेमाल की जाने वाली कार्बन स्टील से अब स्टेनलेस स्टील में बदलने की दिशा में प्रगति कर रही है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंधनिदेशक श्री अभ्युदय जिंदल ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें भारत में स्थिर परिवर्तन के भविष्य को आकार देने का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। हल्के वाहन ऊर्जा की खपत में सुधार करते हैं, जिससे परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम होता है। इसके अतिरिक्त, स्टेनलेस स्टील की जंग रोधी खूबी नियमित मरम्मत और रखरखाव की आवश्यकता को कम करती है, जिससे यह जीवन चक्र के आधार पर अत्यधिक लागत प्रभावी साधन मानी जाती है। इसके अलावा, जेबीएम ऑटो लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री निशांत आर्यने कहा, कुछ नया करनेके प्रति हमारी प्रतिबद्धता स्मार्ट, कनेक्टेड, स्वायत्त औरसंयुक्त गतिशीलता तौर-तरीकोंको अपनाने से प्रेरित है। स्वच्छ परिवर्तन हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत है, और हम एंड-टू- एंड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इको सिस्टमकायम करके ईवी को अपनाने के लिए समर्पित हैं। हमारा मिशन मजबूत बुनियादी ढांचेकी मदद से बेहतरी नइलेक्ट्रिक वाहन प्रदान करना है, जिससे ईवी सार्वजनिक आवागमन का सबसे टिकाऊ साधन बन सके। मुझे विश्वास है कि जिंदल स्टेनलेस के साथ हमारी साझेदारीहमारे मिशन को प्राप्त करने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगी।

एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रभावी आपदा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए, 18 मार्च, 2024 को एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी। ड्रिल का मुकाबला, बचाव और सहायक टीमों के बीच सावधानीपूर्वक समन्वय किया गया था। इसके अतिरिक्त, नालको स्मेल्टर एंड सीपीपी, एनटीपीसी तालचेर कनिहा, तालचेर फर्टिलाइजर लिमिटेड और हेवी वाटर प्लांट सहित पारस्परिक सहायता योजना के सदस्यों ने अपने फायर टेंडर और एम्बुलेंस के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया।

डिप्टी के निरीक्षण में ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। निदेशक (कारखाने और बॉयलर) अंगुल डिवीजन और सहायक निदेशक (कारखाने और बॉयलर अंगुल डिवीजन जोन 1)। इसके बाद एक डीब्रीफिंग सत्र हुआ, जिसके दौरान उप. निदेशक (कारखाने और बॉयलर), रमेश चंद्र बेहेरा ने ड्रिल को प्रभावी ढंग से संपन्न करने के लिए एनटीपीसी तालचेर थर्मल की टीम वर्क की सराहना की। नालको स्मेल्टर एंड सीपीपी, तालचेर फर्टिलाइजर और हेवी वाटर के पर्यवेक्षकों ने एनटीपीसी तालचेर थर्मल के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। एचओपी प्रभारी, जीएम (प्रोजेक्ट्स), डीसी सीआईएसएफ, एजीएम (सुरक्षा), डीजीएम (सुरक्षा) और टीम के अन्य सदस्यों सहित प्रमुख कर्मियों ने ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लिया।

ड्रोन के उपयोग ने सभी मॉक ड्रिल गतिविधियों की व्यापक कवरेज प्रदान करते हुए खोज और बचाव कार्यों को बढ़ाया।

पुलिस अधिकारियों के साथ अंतरराज्यीय समन्वय बैठक

आजाद सिपाही संवादूदाता

भुवनेश्वर। ओडिशा में मई और जून में चार चरणों में आम चुनाव 2024 होने जा रहा है। इसी सिलसिले में सोमवार को भुवनेश्वर स्थित डीजीपी कैंप कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पड़ोसी राज्यों पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और झारखंड के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित किया गया है। इस बैठक में राज्य सुरक्षा महानिदेशक श्री अरुण कुमार षड़ंगी समेत राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में यह व्यक्त किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग सभी नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, अपराधमुक्त एवं निरपक्ष तरीके से चुनाव कराये। राज्य के सीमावर्ती जिलों में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में नक्सल प्रभावित जिलों में चुनाव संबंधी हिंसा, राज्य के सीमावर्ती टोल नाकों पर कड़ी जांच, संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की जांच, अवैध हतियार, मादक पदार्थ, अवैध शराब व्यापार पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों की रोकथाम को लेकर भी विचार व्यक्त किये गये। अतिरिक्त महानिदेशक सुरक्षा (मुख्यालय) श्री आर.के. शर्मा, निदेशक (गुइंडा) श्री सौमेंद्र प्रियदर्शी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून और श्रृंखला), श्री संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (संचालन), एस. देवदत्त सिंह, पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजनिंग) श्री यतींद्र कोयल, पुलिस महानिरीक्षक (गुइंडा), श्री अनुप साहू, उपमहानिरीक्षक (एसआईडब्ल्यू), डॉ. उमाशकर दास, पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), श्री बी. गंगाधर बैठक में विभिन्न रेंजों के आईजी, डीआइजी और सीमावर्ती जिलों के एसपी मौजूद थे।

झारपड़ा जेल में संघर्ष, एक कैदी घायल, अस्पताल में भर्ती

भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर झारपड़ा जेल में दो गुटों के बीच झड़प हो गई। जिसमे एक कैदी घायल हो गया। उन्हें भूवनेश्वर कैपिटल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कैदी पर दूसरे गुट के 3 सदस्यों ने हमला कर दिया । जेल कार्तुपक्ष ने इस घटना के बाद लक्ष्मी सागर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज किया है। सूचना मुताबिक झारपड़ा जेल में यह घटना सोमवार रात को हुआ है । खूनी संघर्ष का नायक शातिर अपराधी चकरा उर्फ चक्रधर बारिक है। 22 मई 2022 को कमिश्नरेट पुलिस ने चकरा को एनकाउंटर किया था । उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एनकाउंटर के बाद जेल में वह फिर से अपना गिरोह बनाकर अपराध करने की सूचना भी है।

'मोदी की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचायें'

राजधनवार (आजाद सिपाही)। धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डोरंडा स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को चुनाव प्रबंधन समिति कोडरमा लोक सभा क्षेत्र के धनवार विधान सभा की बैठक आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में कोडरमा सांसद सह केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भाग लिया । बैठक में लाभार्थी संपर्क,चलो गांव की ओर को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। दो बातें मत जाना भूल ,राम मंदिर और कमल का फूल। इन बाबत भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मोदी जी उलब्धियो के बारे में लोगो को बताऐ ओर लोगो को मोदी जी के प्रति जागरूक करते हुए कोडरमा प्रत्यासी अन्नपूर्णा देवी को पूर्ण बहुमत से जिताये । कहा कि नरेंद्र भाई मोदी के लिए अबकी बार चार सौ पार का नारा देते हुए कार्य को प्रारंभ करने को कहा। कहा की लोकसभा महापर्व है और हम सभी को पूरी मेहनत के साथ काम कर मोदी जी हाथों को मजबूत करना है । कहा कि धनवार विधान सभा मे किसी भी प्रकार की दिक्कतें हो सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा, मंडल अध्यक्षो को इस बार कड़ी मेहनत करने की जरूरत बताई। मंडल अध्यक्षो को इस महा पर्व में पार्टी के लिए पूरी मेहनत व लगन केसाथ काम कर पार्टी को आगे बढ़ने में मदद करे ,ताकि मोदी जी का सपना अबकी बार चार सौ पार का नारा बरकरार रहे। चुनाव में मात्र दो माह बच गए है इसलिए अभी से ही इस मिशन में लग जाने की बात कही । भाजपा कार्यकर्ताओ से चुनाव जीतने को लेकर एक एक भाजपा कार्यकर्ताओ की बातों की जानकारी का साझा किया गया ।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
• Hindi	₹ 140	• Hindi	₹ 140
• English	₹ 140	• English	₹ 140
• Mathematics	₹ 140	• Mathematics	₹ 140
• Science	₹ 140	• Science	₹ 140
• Social Science	₹ 140	• Social Science	₹ 140
• Sanskrit	₹ 120	• Sanskrit	₹ 120
• Hindi – B	₹ 140	• Hindi – B	₹ 80
• Hindi Vyakaran– II	₹ 120	• Hindi Vyakaran– II	₹ 120
• English Grammar– II	₹ 120	• English Grammar– II	₹ 120
• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
• Hindi Practical	₹ 55	• Hindi Practical	₹ 55
• English Practical	₹ 55	• English Practical	₹ 55
• Maths. Practical	₹ 65	• Maths. Practical	₹ 55
• Science Practical	₹ 65	• Science Practical	₹ 70
• S. Science Practical	₹ 65	• S. Science Practical	₹ 65
• Sanskrit Practical	₹ 55	• Sanskrit Practical	₹ 55
• Maths. Practical (Combined)	₹ 90	• Maths. Practical (Combined)	₹ 75
• Science Practical (Combined)	₹ 90	• Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
• Mathematics	₹ 200	• Mathematics	₹ 130
• Science	₹ 200	• Science	₹ 200
• Social Science	₹ 200	• Social Science	₹ 130
• Maths. Practical	₹ 80	• Maths. Practical	₹ 80
• Science Practical	₹ 80	• Science Practical	₹ 80
• S. Science Practical	₹ 80	• S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**